माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 77, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पूंछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 16

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 15

रीता बहुगुणा को छह माह की सजा

ब्यूरो, लखनऊ

आचार संहिता उल्लंघन

- एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला हिरासत में रखने के बाद दी जमानत

अमृत विचार: लखनऊ की एक स्थानीय अदालत ने 2012 के विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में भाजपा की सांसद रीता बहुगुणा जोशी को छह माह कारावास की सजा सुनाई और 1100 रुपये का अर्थदंड लगाया है। घटना के समय जोशी कांग्रेस की सदस्य थीं।

अभियोजन पक्ष ने बताया कि सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत ने जोशी को हिरासत में ले लिया था। बाद में उनकी ओर से दी गई जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए अदालत ने बीस हजार रुपये का बंधपत्र और इतनी ही राशि की जमानत दाखिल करने पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार 2012 में विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर बैठक करने की आरोपी प्रयागराज की मौजूदा सांसद जोशी को एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबरीश कुमार श्रीवास्तव ने छह माह के कारावास व 11 सौ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 फरवरी 2012 की शाम जोशी लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र से बतौर कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णा नगर के बजरंग नगर क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन कर प्रचार का समय समाप्त होने के बाद भी जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

बाजार में 29 रुपये किलो चावल बेचेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा

सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

पांच किलो और 10 किलो के पैकेट में उपलब्ध होगा चावल

खाद्य सचिव ने कहा कि अगले सप्ताह से 'भारत चावल' के पांच किलोग्राम और 10 किलोग्राम के 'पैकेट' उपलब्ध होंगे। चोपड़ा ने कहा कि पहले चरण में सरकार ने खुदरा बाजार में बिक्री के लिए पांच लाख टन चावल आवंटित किया है। चोपड़ा ने कहा कि मंत्रालय आदेश जारी करते हुए खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं को हर शुक्रवार को अपने मंच पर चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दे रहा है।

एक नजर

न्यायमूर्ति अरुण भंसाली बने हाईकोर्ट के सीजे

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर के 21 नवंबर 2023 को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद अब हाईकोर्ट को नए मुख्य न्यायाधीश मिल गए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश (सीजे) नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा 2 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के नाम की सिफारिश की थी।

असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध को आएगा बिल

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए विधानसभा के बजट सत्र में एक विधेयक लाएगी। जिसके मसौदे की कानून विभाग जांच कर रहा है। कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए हम कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं। हमारी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर कानून बनाने को लेकर आशान्वित है जिस पर पांच फरवरी से विधानसभा के विशेष सत्र में विचार होगा।

ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरशः लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।

नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार : वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

खेल कोटा लागू करने वाला पहला संस्थान बना आईआईटी मद्रास

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास अपने स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए खेल कोटा लागू करने वाला पहला आईआईटी बन गया है और यह 2024-25 शैक्षणिक सत्र से प्रत्येक पाठ्यक्रम में इससे संबंधित दो अतिरिक्त सीट सृजित करेगा। वर्तमान में आईआईटी में खेल कोटा नहीं है, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय सहित देश के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में खेल कोटा है।

- प्रत्येक स्नातक पाठ्यक्रम में दो सीटें होंगी

संस्थान के निदेशक वी कामकोटि ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से आईआईटी मद्रास खेल उत्कृष्टता प्रवेश (एसईए) पाठ्यक्रम के तहत प्रति स्नातक कार्यक्रम में दो अतिरिक्त सीट की पेशकश करेगा। हम खेल कोटा लागू करने वाले पहले आईआईटी हैं और इसका उद्देश्य उन छात्रों को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने अपनी पसंद के खेल में उत्कृष्टता हासिल की है। प्रति पाठ्यक्रम दो सीट एसईए के माध्यम से आवंटित की जाएंगी। एक सीट लिंग-तटस्थ होगी, दूसरी सीट केवल महिलाओं के लिए होगी। एसईए के तहत प्रवेश पात्रता में अभ्यर्थियों ने 'जेईई एडवांस्ड' में 'कॉमन रैंक लिस्ट' या श्रेणीवार रैंक सूची में स्थान प्राप्त किया हो और पिछले चार वर्षों में उन्होंने राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी खेल प्रतियोगिता में कम से कम एक पदक जीता हो।

हेमंत को ईडी हिरासत में भेजा, चंपई ने ली शपथ

रांची, एजेंसी

- कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें राजभवन में शपथ ग्रहण कराया।

चंपई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपई सोरेन राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपई ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे।

शीर्ष कोर्ट ने हेमंत को हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देते हुए धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि ऐसे मामलों में इस अदालत को एक संदेश भेजने की जरूरत होती है।

झामुमो नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

रांची। चंपई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ देर बाद झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के 38 विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भाजपा उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है। बहुमत साबित करने के लिए हमें 10 दिन का समय मिला है।

हाईकमान पहुंचा कासगंज में भाजपा नेताओं के बीच फायरिंग का मामला

संवाददाता, कासगंज

- अनीता लोधी ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिख आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठाई

अमृत विचार : लोकसभा टिकट की रार को लेकर कासगंज में भाजपा नेताओं के दो गुटों के बीच फायरिंग का मामला हाईकमान तक पहुंच गया है। सांसद के समर्थक की तहरीर पर डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी और समर्थकों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला और गरमा गया है।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एटा जिले के एक विधायक और कासगंज से एक पूर्व विधायक अनीता के पक्ष में हैं। दोनों भाजपा नेता मामले में पैरवी कर रहे हैं। हालांकि ये नेता खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। अनीता लोधी का कहना है कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात करने जा रही हूं।

कासगंज पुलिस ने भी पक्षपात किया है। एक तरफ मैंने शाम चार बजे ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और मेरी ओर दिए गए प्रार्थना पत्र पर एफआईआर नहीं हुई। दूसरे पक्ष की तहरीर पर मेरे और मेरे समर्थकों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। यह न्याय संगत नहीं है। गुरुवार की दोपहर बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी अपने समर्थकों के साथ कासगंज आई थीं। आरोप है कि एपीएस लिखी एक स्कार्पियो कार आई। सफेद की रंग की इस कार से कुछ अराजक तत्व उतरे और अनीता लोधी के काफिले के आगे गाड़ी को लगा दिया और हवाई फायरिंग की। इससे डिबाई की पूर्व विधायक घबरा गईं। सरकारी और निजी सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाला, तब उनकी जान बची। वहीं, दूसरे पक्ष के भाजपा नेताओं ने भी अनीता लोधी एवं उनके समर्थकों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी

आगरा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में एयर एंबुलेंस के जरिए देहरादून ले जाया गया। उन्हें वहां सिनर्जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पूर्व में भी उनकी इसी हॉस्पिटल में देखभाल होती रही है। शिष्यों के जोर देने पर उन्हें यहां से देहरादून शिफ्ट किया गया। हाथरस में रामकथा कह रहे जगद्गुरु रामभद्राचार्य की सुबह तबीयत बिगड़ गई थी। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।



बच्चे की गर्दन में फंसा मांझा, चली गई जान

प्रयागराज। जिले के गंगापार इलाके के सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दस वर्षीय बच्चे की गर्दन कट गई। घरवाले उसको अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

प्रयागराज में गंगापार इलाके के हंडिया-सैदाबाद के अजोराव गांव निवासी शंकरलाल यादव की ससुराल सराय इनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह गांव में विजय यादव के यहां है। शंकरलाल का इकलौता बेटा सचिन 10 वर्ष से ननिहाल में ही रह कर पढ़ाई करता था।

शुक्रवार की शाम सचिन अपने मौसेरे भाई सत्यम के साथ बाइक से सराय इनायत बाजार में अपने पिता की दुकान पर जा रहा था। दोनों सराय इनायत थाने के निकट पहुंचे ही थे कि अचानक सचिन के गले में पतंग का मांझा फंस गया। इससे उसकी गर्दन कट गई। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।

कोटा में बीटेक कर रहे गोंडा जिले के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा, एजेंसी

बीते साल 26 छात्रों ने की थी आत्महत्या : बीते आठ दिनों में कोटा में तीन विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। 29 जनवरी को जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय निहारिका सिंह ने, जबकि 23 जनवरी को, 19 वर्षीय मोहम्मद जैद ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पिछले साल कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा में देश भर से बच्चे शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार छात्र का शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन पढ़ाई करता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली।

पानी निकासी को खोदा गड्ढा उसी में डूबने से बेटे की मौत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- पिता को दर्द कि उसी के खोदे गड्ढे में चली गई बेटे की जान

अमृत विचार: गुप्ता कालोनी क्षेत्र के गांव पुनर्भूग्रंट निवासी श्रवण कुमार ने पानी की निकासी के लिए अपने मकान के आगे करीब ढाई फिट गहरा गड्ढा खोदा था, शुक्रवार सुबह उसी गड्ढे में डूबने से श्रवण कुमार के डेढ़ वर्षीय बेटे मानस की मौत हो गई।

हृदय विदारक घटना ने श्रवण कुमार को झकझोर दिया है। मां-बाप के साथ बड़ी दोनों बहनें भी रो-रोकर बेहाल हैं। डेढ़ वर्षीय मानस शुक्रवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह घर के बाहर पानी भरे गड्ढे में गिर गया और उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद अन्य बच्चों ने उसे गड्ढे के पानी में पड़े देखा तो शोर मचाया। परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे और बच्चे को गड्ढे से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

बेटे की मौत के बाद श्रवण रोते हुए कह रहा था कि उसे नहीं मालूम था कि पानी निकासी के लिए वह जिस गड्ढे को खोद रहा है, वह एक दिन उसके बेटे की मौत का कारण बन जाएगा। गांव पुनर्भूग्रंट में पक्की नालियां नहीं हैं।

विधि आयोग की सिफारिश

कानून में बरकरार रहे आपराधिक मानहानि

नई दिल्ली। विधि आयोग ने सिफारिश की है कि आपराधिक मानहानि को भारत में आपराधिक कानूनों में बरकरार रखा जाना चाहिए। अपनी रिपोर्ट में, आयोग ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि प्रतिष्ठा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आता है, और जीवन तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का एक पहलू होने के नाते, इसे मानहानिकारक भाषण और आरोपों के खिलाफ पर्याप्त रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता है। आयोग ने कहा कि प्रतिष्ठा एक ऐसी चीज है, जिसे देखा नहीं जा सकता, केवल अर्जित किया जा सकता है।

हंगामे के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने पढ़ा अभिभाषण, रामनामी पटका धारण कर पहुंचे एनडीए के विधायकों ने किया जयश्रीराम का उद्घोष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विपक्षी विधायकों के हंगामे के बीच शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। मुख्यपमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामनामी पटका धारण कर विधानसभा में प्रवेश करते ही एनडीए विधायकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया।

इसके बाद जैसे ही संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। भारी शोर और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा, उनका फोकस सरकार की उपलब्धियों समेत राम मंदिर पर था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना देश के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। सत्र शुरू होने से पहले ही शुक्रवार सुबह सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर सदन के गेट पर प्रदर्शन किया। अभिभाषण देने आईं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को स्पीकर सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह सदन तक ले गए। इस दौरान सपा विधायक सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्ती लहराते हुए लगातार राज्यपाल गो बैक के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। मुख्यनमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से चर्चा में सकारात्मक रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक और एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार सरकार ने तैयारी की है।

आधी आबादी को विस - संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में कहा कि अब शक्ति वंदन अधिनियम के बाद कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री जनधन खाता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाएं आधी आबादी के सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 17 लाख बेटियां जुड़ी हैं जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3 लाख से अधिक बेटियों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ है। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराध को कम करने में सफलता मिली है।

मोदी को छोड़ सभी का टिकट काटेगी भाजपा

अखिलेश की ब्रेकिंग

विधानसभा भवन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी-अभी मुझे ब्रेकिंग मिली है कि भाजपा केवल एक सीट (नरेंद्र मोदी की वाराणसी) को छोड़कर अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। कहा कि उम्मीद है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार, महंगाई कम नहीं हुई।

शहर में आज

- सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे।
- बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा दोपहर 2 :30 बजे।
- शौर्य सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम चौकी चौराहा पर सुबह 11 बजे।
- आनंद आश्रम में श्री भक्त माल कथा शाम 6 बजे।
- सिंधु नगर में झूलेलाल मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।
- अखंड भारत गौरव ट्रस्ट द्वारा हनुमान चालीसा पाठ एवं संकीर्तन श्री राधा कृष्ण मंदिर बड़ा बाग हनुमान मंदिर के निकट गांधीपुरम में शाम 6 बजे।

एक नजर

निर्धारित अवधि के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराएगा डाक विभाग

बरेली, अमृत विचार : भारतीय डाक विभाग ग्राहकों के लिए बुक नाउ पे लेटर योजना लेकर आया है। इसके तहत ग्राहकों को एक निर्धारित अवधि के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें छूट भी दी जाएगी। प्रवर डाक अधीक्षक बरेली मंडल अमित दत्त ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बड़े कॉरपोरेट्स और संस्थानों को आकर्षित करना है। इस सेवा को चुनने वाले ग्राहकों को 30 दिनों तक का क्रेडिट दिया जाएगा। किसी भी अंतर्देशीय और अंतरराष्ट्रीय स्पीड पोस्ट के लिए एक लाख रुपये तक का बीमा भी दिया जाएगा। एलआईसी और कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों सहित कई संस्थानों ने इस योजना में रुचि दिखाई है। इसके लिए संबंधित फर्म का व्यवसाय पांच हजार रुपये प्रति माह से अधिक होना अनिवार्य है। वहां दैनिक सेवाएं और मासिक बिलिंग सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

बिजली सप्लाई आज सात घंटे रहेगी बाधित

कैंट, अमृत विचार : कांधरपुर विद्युत उपकेंद्र से शनिवार को 10 हजार विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी अमित सक्सेना ने बताया कि शनिवार को 11केवी और 33 केवी विद्युत लाइनों पर झुके पेड़ों की छटाई, 11 केवी वीसीबी बदलने और अनुरक्षण संबंधी कार्यों के लिए कांधरपुर उपकेंद्र विद्युत वितरण खंड द्वितीय से जुड़े क्यारा, कांधरपुर, उमरसिया, चौबारी, सिमरा बोरीपुर, मानपुर चिकटिया, रामगंगा, मानपुर भूड़, मिर्जापुर समेत दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति प्रात : 10 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। जिससे 10 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति की बैठक, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निवेशकों को तैयार करने पर जोर

इंडस्ट्री लगाने वालों को प्राथमिकता...पीछे हटने वालों से किनारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशक बनकर एमओयू साइन करने वाले तमाम उद्यमियों ने किसी न किसी बहाने कदम पीछे खींच लिए। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने इस पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए उत्साह दिखाने वाले उद्यमियों का प्राथमिकता से ध्यान रखने को कहा। वहीं एमओयू साइन करने के बाद भूमि उपलब्ध न होने समेत कई समस्याएं बताकर पीछे हटने वालों को किनारे करने के निर्देश दिए।

आयुक्त सभागार में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में मंडलायुक्त का सबसे अधिक फोकस कुछ ही दिन में होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए निवेशकों को तैयार करने पर रहा। समीक्षा में मंडल के सैकड़ों निवेशकों से संपर्क नहीं होने पर बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर जिले के अफसरों को चेतावनी दी।

अटल मिशन योजना में 980 करोड़ रुपये यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्रों के उच्चीकरण के लिए आंवटित किए जाने पर मंडलायुक्त ने कहा कि चारों जिलों के उद्यमी औद्योगिक क्षेत्रों के उच्चीकरण का प्रस्ताव क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को उपलब्ध कराएं। उद्यमियों ने खाद्य एवं प्रसंस्करण नीति-2022 में कैपिटल सब्सिडी के आवेदन लंबित होने की जानकारी दी। इस दौरान नगर विकास विभाग की ओर से पर्यटन इकाइयों को उद्योग का दर्जा देने संबंधी अधिसूचना जारी होने पर उद्यमियों ने मंडलायुक्त का आभार प्रकट किया। कहा कि होटल इंडस्ट्री को पर्यटन उद्योग का दर्जा देने से नए उद्यमियों को फायदा पहुंचेगा। मिनी ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने के अनुरोध पर मंडलायुक्त ने बीडीए के अफसरों से उद्यमियों के साथ मिलकर भूमि का चिन्हांकन कर जानकारी देने के निर्देश दिए।

मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों से वार्ता करतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

कई विसंगतियां मिलने पर मांगा स्पष्टीकरण

आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि बरेली मंडल में 1254 एमओयू हुए जिनमें 72698 .523 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावित हैं। इनमें कुल 504 प्रस्तावों के तहत 34680 .02 करोड़ रुपये का निवेश ग्राउन्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त 359 इकाइयां पाइप लाइन में है, जिनमें 16942 .930 करोड़ रुपये का निवेश होना है। समीक्षा में इन इकाइयों के स्टेटस में कई विसंगतियां मिलने पर असंतोष जाहिर किया। बैठक में अनुपस्थित कई अफसरों का स्पीष्टकरण तलब किया है।

एमएसई इकाइयों को परिवर्तन शुल्क से रखा जाएगा मुक्त

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने उद्यमियों की समस्याएं सुनकर बताया कि विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र में आने वाली कृषि भूमि के भू उपयोग औद्योगिक कराने में अब सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों एवं प्लेज पार्कों को परिवर्तन शुल्क से मुक्त रखा जाएगा। खाद्य एवं प्रसंस्करण नीति के 34 प्रकरणों में छह प्रकरणों में लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए गए।

बैठक में रहे मौजूद

बैठक में उप निदेशक पर्यटन बृजपाल सिंह, उप निदेशक कृषि राजेश कुमार, उपायुक्त अनुराग यादव, आत्मदेव शर्मा, सहायक आयुक्त उद्योग कामिनी यादव, एसई पीडडब्ल्यूडी अभिनेश कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड रोहित सिंह, उद्यमी पवन अरोड़ा, राजेश गुप्ता, एसके सिंह, उन्मुक्त संभव शील, दिनेश गोयल, गुरप्रीत सिंह, मो. आरिफ उपस्थित रहे।

चौड़ी होने के बाद सड़क पर ही खड़े होने लगे वाहन

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट से इन्वर्टिस तिराहा बड़ा बाईपास तक सड़क का चौड़ीकरण किया गया है। नकटिया में भी नदी के पुल से पहले काफी सड़क चौड़ी की गई है। इस सड़क पर ही ट्रक और अन्य वाहन पार्क होने लगे हैं, जबकि सड़क के नीचे मंडी जाने का रास्ता है, जिस पर पुलिस चौकी भी बनी है।

सड़क पर वाहन खड़े होने से हादसे का डर बना रहता है। इसके अलावा गलियों में जाने वाले रास्ते पर भी वाहन खड़े होते हैं। शुक्रवार को दिन में एक कार काफी देर तक सड़क पर खड़ी रही। इस पर भाजपा का झंडा भी लगा हुआ था। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई लेकिन पास में चौकी होने के बावजूद किसी ने हटाने की सुध नहीं ली।

स्वच्छता अभियान: छह साल से तीन सौ स्वच्छताग्रहियों को नहीं मिला मानदेय

करीब 13 करोड़ रुपये का मानदेय है बाकी, कई बार मांग के बाद भी नहीं कोई समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्वच्छता के लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च करती है। जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं लेकिन हकीकत में योजनाएं दम तोड़ जाती हैं। कुछ यही हाल जिले का है।

यहां तैनात लगभग तीन सौ स्वच्छताग्रहियों का छह साल का करीब 13 करोड़ रुपये का मानदेय बकाया है। स्वच्छताग्रही मानदेय के लिए धरना-प्रदर्शन भी कर रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं अधिकारी मांग को अनुचित बता रहे हैं।

▸▸ स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लाक स्तर पर हुई थी स्वच्छताग्रहियों की तैनाती

स्वच्छताग्रहियों को गांवों में खुले में शौच से मुक्त करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने और शौचालय निर्माण की देखरेख करने का काम दिया गया था। इसके लिए उन्हें 620 रुपये मासिक मानदेय के साथ शौचालय निर्माण की देखरेख करने पर 175 रुपये दिया जाना था लेकिन अफसरों ने अभी तक स्वच्छताग्रहीयों की लिस्ट तक तैयार नहीं की है।

साल 2017 से स्वच्छताग्रही के रूप में जुड़े। रात में जागकर लोगों को खुले में शौच करने से रोका लेकिन अभी तक मानदेय नहीं मिला है। पहले कहा गया कि लखनऊ से सूची जाएगी तब पैसा मिलेगा लेकिन अभी तक सूची तैयार नहीं हुई है। –ओमपाल, शेरगढ़

स्वच्छ भारत मिशन में नाम सक्रिय स्वच्छताग्रही में शामिल है, लेकिन अब तक मानदेय नहीं मिला है। अपना हक पाने के लिए जिले के साथ प्रदेश के भी स्वाच्छताग्रही जुडे हैं। अपने हक के लिए आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। –**खुशकरन**, दमखोदा

स्वच्छताग्रहियों का एक भी पैसा बकाया नहीं है। सभी का भुगतान हो चुका है। इनकी जिम्मेदारी थी कि लोगों को जागरूक कर उनके पैसे से शौचालय बनवाएंगे। उसी का मानदेय मिलेगा, जबकि यह लोग सरकार की ओर से बनवाए गए शौचालयों के पैसे की अनुचित मांग कर रहे हैं। – **धर्मेंद्र कुमार**, डीपीआरओ

साक्षात्कार और पत्राचार के बाद उनका चयन स्वच्छताग्रही पद पर ब्लाक स्तर पर हुआ था। शुरुआत में पैसा खातों में पंचायतीराज विभाग से मिलता था। कई स्वच्छताग्रहियों को निष्क्रिय मानकर डाटा फीड नहीं किया जा रहा है। – **दानिश**, दमखोदा

गांवों को स्वच्छ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। छह साल में एक बार ही पैसा आया है। नौकरी की उम्र भी निकल गई। मानदेय कब मिलेगा, इसके बारे में कोई भी अधिकारी जानकारी नहीं दे रहा है। –**नेमचंद**, नवाबगंज

पुलिस लाइन में पैड उत्पादन केंद्र बंद

बरेली, अमृत विचार : महिला पुलिस कर्मचारियों को लाइन में ही बने सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मदद से चार साल पहले स्वच्छता पैड उत्पादन केंद्र खोला गया था। यह केंद्र कई महीना पहले बंद कर दिया गया है। पैड उत्पाद केंद्र पुलिस लाइन में महिला सिपाहियों की सहूलियत के लिए खोला गया था। यहां पैड कटिंग करने ,स्टोर करने व पैकिंग सैनेटाइजर मशीनें लगाई गईं। विभाग की ओर से पैड बनाने के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराया जाता था। हर महीने करीब सौ पैड तैयार किये जाते थे जिन्हें पुलिस कैंटीन में सप्लाई किया जाता था। बताया गया कि अचानक मशीन टूट जाने के चलते इस केंद्र को बंद किया गया है,जबकि मशीन को ठीक करा कर चलवाया जा सकता था। केंद्र बंद करने के बाद वहां तैनात महिला सिपाहियों को लाइन से बाहर दूसरे थानों में भेज दिया।

पुलिस लाइन में बन रहे सेनेटरी पैड से सस्ते दामों में बाजार और अस्पतालों में अब सेनेटरी पैड उपलब्ध हैं। यहां चार पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। जो काम भी पूरी तरह से नहीं करते थे। थानों में फोर्स की कमी को देखते हुए चारों को थानों में तैनात कर केंद्र बंद करा दिया गया है।

– **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

तीन दिन से 84 गांवों की बिजली सप्लाई ठप

अलीगंज, अमृत विचार : विद्युत उपखंड अलीगंज क्षेत्र में बुधवार शाम को बारिश शुरू होने के बाद बिजली ठप हो गई। इसकी वजह से 84 गांवों की बिजली व्यवस्था तीसरे दिन भी शुरू नहीं हो पाई। बिजली नहीं आने से लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा शहर में भी बिजली कटौती से लोगों को परेशानी हो रही है।

अलीगंज उपखंड से जुड़े पिपरिया, अलीगंज, सुदनपुर, बिशारतगंज देहात के फीडर से जुड़े 84 गांव की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। इसकी वजह से ग्रामीण अपने मोबाइल भी चार्ज नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर क्षेत्र के लघु उद्योग जैसे आटा चक्की तेल स्पेलर वेल्डिंग वर्कशॉप जैसे उद्योग धंधे ठप पड़े हैं। अलीगंज बिजली घर पर तैनात जेई राजकुमार वर्मा बताया कि आंवला में केबिल बक्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ हाईटेंशन लाइन में आई खराबी के कारण बिजली आपूर्ति ठप है, जिसे सही कराया जा रहा है । जल्द ही आपूर्ति को बहाल कर दिया जाएगा।

कालीबाड़ी की एक फर्म में सर्वे करने पहुंची आयकर टीम

कालीबाड़ी स्थित फर्म पर टीडीएस का सर्वे करती आयकर विभाग की टीम।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ ऑनलाइन डाटा बेस में टीडीएस की जानकारी नहीं मिलने पर की जा रही जांच

▸▸ संयुक्त आयुक्त के निर्देशन पर सुबह 11 बजे से देर शाम तक जारी रहा सर्वे

अमृत विचार: आयकर विभाग ने टीडीएस (टैक्स डिडेक्शन एट सोर्स) नहीं काटने वाली फर्मों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को संयुक्त आयुक्त तरुण कुमार के निर्देशन में आयकर विभाग की टीम ने टैक्स अनियमितताओं की सूचना और विभाग के आनलाइन डाटा बेस में टीडीएस की जानकारी नियमित तरीके से नहीं मिलने पर कालीबाड़ी स्थित राज कुमार खंडेलवाल की फर्म जगदीश इंटरनेशनल प्रा.लि पर टीडीएस का सर्वे किया। इससे अन्य फर्म संचालकों में खलबली मच गई।

अधिकारी यहां सुबह 11 बजे पहुंचे और देर शाम तक जांच चलती रही। सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक जांच में टीडीएस से जुड़ी कई अनियमितताएं मिली हैं। अधिकारियों ने जांच पूरी होने तक जानकारी साझा करने से इंकार कर दिया। टीम का नेतृत्व आयकर अधिकारी आशुतोष साहू ने किया।

सहायक आयकर आयुक्त प्रदीप्तो दत्ता, आयकर अधिकारी दीपक सिंह, निरीक्षक अरुण जायसवाल, राज कुमार सिन्हा, वीरेन्द्र कुमार, डीपी शर्मा आदि शामिल रहे।अधिकारियों ने बताया कि कई बड़े संस्थान व प्रतिष्ठान निशाने पर हैं। इनके यहां किसी भी दिन टीम पहुंच सकती है।

नाथ महोत्सव में शामिल हो सकते हैं मुख्यमंत्री, विभागों ने शुरू की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहर में 10 फरवरी से आयोजित होने वाले नाथ महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। इन चर्चाओं के बीच पीडब्लूडी और नगर निगम के साथ अन्य विभागों ने तैयारी शुरू कर दी है।

शहर में तीन दिन तक नाथ महोत्सव चलेगा। इसमें मुख्यमंत्री के शामिल होने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। इस महोत्सव में डेलापीर चौराहे से त्रिवटीनाथ तक जुलूस निकाला जाएगा। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए सूद धर्मकांटा से डेलापीर तक डिवाइडरों का चौड़ीकरण हो रहा है। एकतानगर चौराहे से डेलापीर तक डिवाइडरों पर लगे फैंसी पोल पर तिरंगी लाइट की पट्टी नगर निगम द्वारा शुक्रवार को लगाई गई। डेलापीर चौराहे को संवारने का काम शुरू करा दिया है। यहां रोटरी की बीम बनाई जा रही है। इसके साथ ही डेलापीर से आईवीआरआई रोड पर डिवाइडर का निर्माण जारी है। पिछले माह आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि बरेली में हम नाथ कॉरीडोर को फाइनल स्वरूप देने आये हैं। इस कॉरीडोर को जोड़ने वाले जितने भी मार्ग हैं सभी को चौड़ा करने के साथ सौंदर्यीकरण किया जाएगा। भव्य कॉरीडोर बनेगा।

डेलापीर तिराहे पर बनाई जा रही रोटरी।

शहर से नहीं हटीं डेयरियां

चौपुला के पास सड़क किनारे ही बांधे जा रहे गोवंशीय पशु।

ब्लॉक से नौ ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

▸▸ लक्सर यार्ड में मरम्मत के चलते पांच फरवरी को लिया जाएगा ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार : लक्सर यार्ड में पांच और 12 फरवरी को मरम्मत कार्य के चलते ब्लाक लिया जाएगा।इस वजह से मुरादाबाद रेल मंडल में नौ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इसमें 14113 सूबेदारगंज देहरादून एक्सप्रेस चार फरवरी को 150 मिनट, 19031 अहमदाबाद योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस चार फरवरी को 120 मिनट, 14815 श्री गंगा नगर ऋषिकेश एक्सप्रेस पांच फरवरी को 45 मिनट, 04359 चंदौसी-ऋषिकेश पांच फरवरी को 60 मिनट, 04359 योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 12 फरवरी को 120 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी, जबकि 19032 योगनगरी ऋषिकेश-अहमदाबाद एक्सप्रेस 120 मिनट, 12017 नई दिल्ली देहरादून पांच फरवरी को 120 मिनट, 12018 देहरादून-नई दिल्ली एक्सप्रेस पांच फरवरी को 120 मिनट रिशेड्यूल कर चलाई जाएगी।

जंक्शन पर ट्रेनों के इंतजार में परेशान यात्री। ● अमृत विचार

कुंभ और अवध असम एक्सप्रेस समेत एक दर्जन ट्रेनें बरेली जंक्शन पर देरी से पहुंचीं

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर शुक्रवार को अवध असम और कुंभ एक्सप्रेस समेत एक दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची। कुंभ एक्सप्रेस तो 10 घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा कोहरे की वजह से भी कई ट्रेनें निरस्त रहीं। इससे यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान होते रहे।

शुक्रवार को जंक्शन पर 12370 कुंभ एक्सप्रेस 10 घंटा 53 मिनट, 22356 चंडीगढ़-पाटलीपुत्र एक घंटा 19 मिनट, 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस एक घंटा 20 मिनट, 15910 अवध असमद दो घंटा 54 मिनट, 13151 सियालदह एक घंटा 50 मिनट, 22453 राज्यरानी दो घंटा 45 मिनट और 22541 आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस एक घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पहुंचीं। वहीं 12584 लखनऊ एसी डबल डेकर, 14908 बरेली प्रयागराज, 14230 योगनगरी ऋषिकेश, 14674 शहीद, 15127 काशी विश्वनाथ और 15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस निरस्त रहीं।

धूप खिलने से मिली राहत कल और परसों फिर बारिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ धूप के साथ तेज ठंडी हवा चली तापमान में भी हुई बढ़ोत्तरी

अमृत विचार : पश्चिमी विक्षोभ की वजह से जिले में एक बार फिर मौसम में परिवर्तन होगा। मौसम विभाग ने 4 और 5 फरवरी को झोंकेदार हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 6 फरवरी के बाद मौसम साफ हो जाएगा।

शुक्रवार को दिन में धूप खिलने से कुछ राहत मिली, हालांकि इस दौरान ठंडी हवाएं चलती रहीं। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 19.8 और न्यूनतम एक डिग्री कम नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि हिमालयी बर्फीले इलाकों से आ रही सर्द हवा शनिवार तक चलेगी। इसके बाद दूसरे विक्षोभ से हवा का रुख बदलेगा और चार से पांच फरवरी तक बारिश हो सकती है। इससे औसतन अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है। हालांकि छह फरवरी के बाद मौसम साफ हो जाएगा।

धूप खिली तो बरेली कॉलेज के मैदान में बढ़ गई विद्यार्थियों की चहल-पहल।

एक नजर

ब्लेड से हमला कर दो युवकों को किया घायल

बरेली, अमृत विचार : बारादरी के जगतपुर गौटिया निवासी दो युवकों पर कुछ लोगों ने ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार जगतपुर गौटिया निवासी साहिल दोस्त के साथ कहीं जा रहा था। रास्ते में उनकी स्कूटी में एक व्यक्ति ने स्कूटी से टक्कर मार दी और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने साहिल और उनके साथी पर ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजा। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। साहिल का कहना है कि ब्लेड से हमला करने वाले नशेड़ी हैं। बारादरी इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

एटीएस ने युवक को हिरासत में लेकर की पूछताछ

नवाबगंज, अमृत विचार : एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) की टीम ने शुक्रवार को कस्बा स्थित मुस्लिम बस्ती में दबिश देकर एक युवक को हिरासत में लिया। इस दौरान बस्ती में खलबली मच गई। युवक को कोतवाली लाकर उसके मोबाइल की काल डिटेल निकालने के साथ पूछताछ की। जानकारी मिलने पर युवक के सभासद चाचा और उनके समर्थक कोतवाली पहुंच गए। कोतवाल श्रवण कुमार ने बताया कि शक के आधार पर पूछताछ के लिए युवक को लाया गया था।

रिश्वत लेने के मामले में एसडीओ भी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने की कार्रवाई
- मामले में जेई को पहले ही किया जा चुका है निलंबित

अमृत विचार : सुभाषनगर में पांच हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में प्रबंध निदेशक ने एसडीओ आरजे वर्मा को निलंबित कर दिया है। मुख्य अभियंता की रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई है। इस मामले में जेई को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। उधर घटना के बाद से एसडीओ ने अपना मोबाइल फोन बंद कर फरार हैं।

26 जनवरी को सुभाषनगर उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता सूरज लाल गुप्ता और संविदा लाइनमैन नरेंद्र सिंह रावत को भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने एसडीओ आरजे वर्मा के कहने पर रिश्वत लेने का बयान दिया था। एसडीओ के खिलाफ भी सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में जेई को तुरंत निलंबित कर दिया गया था और लाइनमैन की संविदा समाप्त कर दी गई थी। अब मुख्य अभियंता की रिपोर्ट पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह ने सुभाष नगर विद्युत सब स्टेशन के उपखंड अधिकारी राम जगत वर्मा को निलंबित कर दिया है।

होटल में खाना खाने गए युवक ने लगाया आरोप, मौके पर पहुंची पुलिस, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

पंचम होटल में पराठे में निकला मांस का टुकड़ा, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहर के एक नामचीन होटल में पराठे में मांस का टुकड़ा निकलने का आरोप लगाकर युवक ने जमकर हंगामा किया। शिकायत पर यूपी 112 पुलिस भी पहुंच गई। युवक ने कोतवाली में होटल प्रबंधन पर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी। वहीं होटल के एजीएम ने बताया कि युवक पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है। बिल न देना पड़े इसलिए झूठा आरोप लगाया है। उन्होंने भी पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिहारीपुर कसगरान निवासी अभिषेक दिवाकर ने बताया कि वह बजरंगदल कार्यकर्ता हैं। शुक्रवार को शाम 5.45 बजे अपने साथी के साथ स्टेशन रोड पर होटल पंचम में खाना खाने गए थे। उन्होंने पराठे का आर्डर किया। पराठा आने पर खाना शुरू ही किया तभी उसमें मांस का टुकड़ा निकला। इस पर वे नाराजगी जताने लगे। हंगामा शुरू हो गया। शिकायत मिली तो यूपी 112 पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मी पहुंच गए और युवकों को शांत किया। अभिषेक ने बताया कि पुलिस आने पर होटल के स्टॉफ ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। आरोप लगाया कि होटल में साजिश के तहत ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने थाना कोतवाली में होटल प्रबंधन के खिलाफ तहरीर में धार्मिक भावना आहत करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

युवक पहले भी कर चुका है ऐसा, बिल न देना पड़े, इसलिए लगाया आरोप

पंचम होटल के एजीएम नितिन श्रीवास्तव ने भी अभिषेक और उनके साथी पर आरोप लगाया। एजीएम ने कहा कि करीब डेढ़ महीने पहले अभिषेक अपने साथियों के साथ होटल पर आए थे और इसी तरह की हरकत की थी। तब से उनका होटल में प्रवेश बंद है। शुक्रवार को नया स्टॉफ था जो अभिषेक और उनके साथी को जानता नहीं था। पराठा मांगने पर दे दिया। पूरा खाना खाने के बाद अभिषेक ने ये नाटक शुरू कर दिया, ताकि बिल के दो हजार रुपये न देने पड़ें। एजीएम ने भी थाना कोतवाली में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

एक होटल में शाकाहारी डॉक्टरों को मांसाहारी सूप देने का भी लग चुका आरोप

कुछ समय पहले स्टेशन रोड के एक अन्य नामचीन होटल में शाकाहारी डॉक्टरों को मांसाहारी सूप देने का आरोप लगा था। हालांकि हंगामा होने पर होटल प्रबंधन ने लिखित रूप से माफी मांगते हुए वेटर पर कार्रवाई की बात कही थी।

दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।
– **दिनेश कुमार**, इंस्पेक्टर कोतवाली


मामले की जानकारी देते अभिषेक।

बजट के बाद तगड़ा झटका हाईवे पर सफर होगा महंगा

एनएचएआई एक अप्रैल से दस प्रतिशत बढ़ाएगा टोल टैक्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले की सीमा में हैं तीन टोल प्लाजा, नियमों के तहत बढ़ोतरी बता रहे अफसर

अमृत विचार: अंतरिम बजट के बाद अब लोगों को तगड़ा झटका लगने वाला है। हाईवे का सफर जल्द महंगा होने जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से टोल टैक्स में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की तैयारी की है। इसका असर रोडवेज बसों के किराए में भी देखने को मिलेगा। नई दरें एक अप्रैल से लागू कर दी जाएंगी।

जिले की सीमा में एनएचएआई के तीन टोल हैं। इनमें दिल्ली रोड पर फतेहगंज पश्चिमी, लखनऊ रोड पर फरीदपुर और पीलीभीत रोड पर रिठौरा के पास लभेड़ा में एक टोल प्लाजा पड़ता है। जबकि नैनीताल पर रोड यूपी स्टेट हाईवे अथारिटी का टोल प्लाजा है।

पीलीभीत हाईवे पर लभेड़ा में बना टोल प्लाजा।

एनएचएआई के लभेड़ा टोल पर टू लेन होने की वजह से वाहन चालकों को अन्य के मुकाबले 60 फीसदी कम टोल देना पड़ता है। एक अप्रैल से टोल टैक्स में 10 फीसदी वृद्धि होने से नेशनल हाईवे पर वाहन लेकर चलने वालों को अधिक खर्च करना होगा।

रोडवेज बसें भी टोल बढ़ने के बाद किराया बढ़ा सकती हैं। पिछले साल भी टोल टैक्स में बढ़ोतरी होने के बाद बसों का किराया बढ़ाया गया था। नेशनल हाईवे के अफसर बताते हैं कि टोल टैक्स में हर साल चार से दस प्रतिशत तक की वृद्धि की जाती है। इसका मकसद टोल बढ़ाने के साथ ही लोगों को सुविधाएं बढ़ाना भी है।

हर साल आवश्यकतानुसार टोल टैक्स में वृद्धि की जाती है। इस बार भी इसकी तैयारी है। टोल टैक्स की नई दरें एक अप्रैल से लागू की जाएंगी। एनएचएआई मुख्यालय की स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद है।
– **बीपी पाठक**, परियोजना निदेशक–एनएचएआई

एंबुलेंस में फर्जी मरीजों की संख्या दिखाकर भुगतान कराने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : जीवन दायिनी स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने 108 और 102 एंबुलेंस सेवा संचालित करने वाली कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है एंबुलेंस में मरीजों की फर्जी संख्या दिखाकर सरकार से भुगतान लिया जा रहा है। कर्मचारियों ने शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है।

- एंबुलेंस कर्मियों ने सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत कर जांच की मांग की

जिला महामंत्री दिनेश मौर्य ने ज्ञापन में कहा है कि कंपनी लगातार अपने कर्मचारियों पर दबाव बनाकर फर्जी मरीजों की संख्या बढ़वाती है। प्रति मरीज के हिसाब से निर्धारित रकम कंपनी को सरकार देती है। आरोप है कि ज्यादा संख्या दिखाने का दबाव इसलिए बनाया जाता है, जिससे कंपनी को अधिक पैसा मिल सके। इसके अलावा कई और भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

चौपुला चौराहे से जिला पंचायत मोड़ पर स्मार्ट सिटी के तहत सालभर पहले सीसीटीवी कैमरों के लिए पोल लगाया था। अब सड़क चौड़ीकरण के लिए शुक्रवार शाम क्रेन की मदद से इसे हटा दिया गया। फोटो एंव विवरण– **मोहित कुमार सिंह**

पहले लगाया और अब हटाया

गांधी उद्यान में अश्लील हरकतें पकड़े प्रेमी युगल

- कोतवाली पुलिस ने पकड़ा, दोनों पर रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचार : गांधी उद्यान में प्रेमी युगल अश्लील हरकतें कर रहे थे। इसकी शिकायत एक व्यक्ति ने एक्स पर पोस्ट करके बरेली पुलिस से की।

महिला पुलिस कर्मी और चीता मोबाइल पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और युवक और युवती को पकड़ लिया। महिला पुलिस कर्मी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हिमांशु पटेल ने एक्स पर पोस्ट की कि गांधी उद्यान में एक युवक और युवती अश्लील हरकतें कर रहे हैं। उन्होंने घटना का वीडियो भी शेयर किया। इसके बाद कोतवाली मुख्य महिला आरक्षी नीलू कुमारी, आरक्षी गुलशन कुमारी और चीता मोबाइल के आरक्षी राजन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस को गांधी उद्यान में टहल रहे लोगों ने बताया कि फांउटेन एरिया में एक लड़का और लड़की अश्लील हरकतें कर रहे हैं। इससे वहां से गुजरने वाले लोग शर्मसार हो रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक और युवती को पकड़ लिया। युवक बीसलपुर का अरमान और युवती बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। महिला मुख्य आरक्षी नीलू कुमारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है।

हत्या से पहले युवती का गर्भपात भी कराया गया

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- सीबीगंज में मिले युवती के शव की चौथे दिन भी नहीं हो सकी पहचान

अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र में बड़ा बाईपास के पास हत्या करके फेंकी गई युवती की चौथे दिन भी पहचान नहीं हो सकी। युवती एक माह की गर्भवती थी और उसका कुछ दिनों पहले ही गर्भपात कराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को युवती के शव का अंतिम संस्कार कराया।

बड़ा बाईपास के किनारे तिलियापुर और परधौली गांव के बीच सड़क किनारे सरसों के खेत में मंगलवार सुबह 24 वर्षीय युवती का शव हत्या कर फेंका गया था। युवती के हाथ पैर एक सफेद चादर को फाड़कर बांधे गए थे। पुलिस की अलग-अलग टीमें बरेली रामपुर और मुरादाबाद के होटल और फार्महाउस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रही हैं। पुलिस 29 जनवरी की रात 10 बजे से 30 जनवरी तक रामपुर की ओर से आने-जाने वाले तीन-चार हजार वाहनों का डेटा तैयार कर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवती की मौत दम घुटने के कारण हुई थी और युवती एक माह की गर्भवती थी और गर्भपात भी कराया गया था। अब पुलिस को शक है कि इस तरह की चादर का इस्तेमाल अस्पतालों में भी किया जाता है। आशंका है कि हत्यारों ने युवती का किसी अस्पताल में गर्भपात कराया हो और उसी बेड की चादर को फाड़कर उसके हाथ पैर बांधकर हत्या कर शव फेंक दिया हो।

युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस टीमें बनाकर आसपास के जिलों में युवती की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। –**राधेश्याम**, थाना प्रभारी सीबीगंज

- एक्स के माध्यम से दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

रील बनाते समय युवकों ने आपत्तिजनक शब्द कहे, शिकायत

बरेली, अमृत विचार : दो युवकों ने रील बनाकर यूट्यूब पर अपलोड की जिसमें एक समाज के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते दिखाई दे रहे हैं। भीम आर्मी बरेली के ऑफिशियली पेज से एक्स (ट्वीटर) पर शिकायत करते हुए एडीजी, बरेली पुलिस समेत अन्य को टैग करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

हजियापुर निवासी दो युवकों ने एक रील बनाकर उसे यूट्यूब पर वायरल किया। इस वीडियो में दोनों कहते दिखाई दे रहे हैं कि सफाई के लिए मोहल्ले में भंगी नहीं आया। दोनों ने वाल्मीकि समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है जिससे आक्रोश है। एक्स पर शिकायत करते हुए दोनों युवकों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

50 लाख की मदद के बदले वसूले 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मृत शिक्षकों के परिवार को 50 लाख की मदद करती है टीचर्स सेल्फ केयर टीम
- 28 जनवरी को दिवंगत शिक्षक श्रद्धांजलि कार्यक्रम को लेकर रुपये लिए गए थे

अमृत विचार : टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की ओर से दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को 50 लाख की मदद की जाती है। इस मदद के बदले 50-50 हजार रुपये लेने का आरोप लगा है। यह पैसा मृत शिक्षकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कार्यक्रम के लिए लिया गया। मृत शिक्षकों के परिजनों ने इस पर गहरी निराशा जताई है। वहीं संगठन के संस्थापक ने पदाधिकारियों को रुपये वापस लौटाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जिला संयोजक अनुज गंगवार ने आरोपों को निराधार बताया है।

28 जनवरी को कोरोना व अन्य कारणों से दिवंगत हुए शिक्षकों को श्रद्धांजलि देने के लिए राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें जिले के छह दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को बुलाया गया था। कार्यक्रम में टीएससीटी के पदाधिकारियों ने मृतकों के परिजनों की मदद के लिए हर वक्त तत्पर रहने का संकल्प जताया। तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को दी गई 50 लाख की मदद का 10 फीसदी हिस्सा भी देना पड़ा होगा। यह पैसा कार्यक्रम के आयोजन के नाम पर लिया गया था।

टीएससीटी संस्थापक ने रुपये वापस करने को कहा : टीम के संस्थापक विवेकानंद ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों को जल्द से जल्द पीड़ित परिवारों से लिए गए पैसे वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम शिक्षकों के आर्थिक सहयोग से पीड़ित परिवारों की मदद करती है। इसके लिए पीड़ित परिवारों से धनराशि लिया जाना अनुचित है। यह कार्यक्रम के दिन तक उनकी जानकारी में नहीं था। पीड़ित परिवारों से धनराशि लेने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। बहरहाल इस मामले में देर शाम तक टीएससीटी के कई जिला स्तरीय पदाधिकारियों को फोन किया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं रिसीव किया। हालांकि, इस संबंध में जिला संयोजक अनुज गंगवार ने बताया कि सभी आरोप निराधार हैं।

दबा दी गई पीड़ित परिवारों की आवाज

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे मृत शिक्षकों के परिवार के सदस्यों ने बताया कि पदाधिकारियों की ओर से सम्मानित करने के लिए उनसे धनराशि मांगी जा रही थी। इस बात से वे हैरान थे लेकिन पदाधिकारियों के दबाव देने पर धनराशि उन्हें दे दी। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत शिक्षकों के परिजनों ने यह बात रखनी चाही तो उनकी आवाज दबा दी गई। पीड़िता महिमा दीक्षित ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 50 हजार रुपये दिए थे।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम को बताया विश्वासघाती

यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डा. विनोद कुमार शर्मा ने टीएससीटी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों को विश्वासघाती बताते हुए कहा कि हजारों शिक्षकों व परिवारों के इस टीम के प्रति भावनात्मक रिश्ते जुड़े हैं। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा के लिए सभी कि भावनाओं को रौंद दिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि पीड़ित परिवारों से धन उगाही अमानवीय है। संगठन दिवंगत परिवारों के साथ के साथ जुड़ा है। जो भी धनराशि ली गई है उसे हर हाल में वापस कराया जाएगा। महानिदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

आठ साल के बच्चे के साथ कुकर्म, पुलिस हिरासत में आरोपी

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में आठ साल के बच्चे को एक युवक बहलाफुसला कर प्लाट में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। बच्चे के दादा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

- प्लॉट पर ले जाकर बच्चे के साथ किया कुकर्म

थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनका आठ साल का पोता दो दिन पहले मस्जिद के पास खेल रहा था। उसे आसिफ उर्फ लुल्लू बहला-फुसलाकर प्लॉट में ले गया और कुकर्म किया। जब बच्चा वापस आया तो वह बहुत डरा और सहमा हुआ था। परिजनों ने बच्चे से पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। फिर कुछ देर बाद बच्चे को शांत करके प्यार से पूछा तो उसने पूरी बात बताई। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

तय किए रूट पर ही चलेंगे ऑटो–टेंपो, ताकि शहर में न लगे जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

एसपी ट्रैफिक शिवराज।

- एसपी ट्रैफिक बोले- मिसमैनेजमेंट ने यातायात व्यवस्था को कर दिया बदहाल
- परिवहन विभाग में 7500 ई-रिक्शा और ऑटो रजिस्टर्ड सड़कों पर चल रहे तीन गुने

अमृत विचार : शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के मिसमैनेजमेंट ने यातायात व्यवस्था को बदहाल कर दिया है। लोगों के पास 10-10 ई रिक्शा हैं और वे बच्चों से किराये पर चलवा रहे हैं। परिवहन विभाग को भी पता नहीं कि शहर में वास्तविक रूप से कितने ई-रिक्शे और टेम्पो चल रहे हैं। इनका कोई रूट भी निर्धारित नहीं है। लेकिन अब इसे दुरुस्त किया जा रहा है। एक-दो दिन में ऑटो का रूट तय कर दिया जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो। एसपी ट्रैफिक शिव राज ने यह बात विशेष भेंट में कही।

एसपी ट्रैफिक बताते हैं कि शहर की रोड इंजीनियरिंग ठीक नहीं है। इसे सही करना होगा। इसकी शुरुआत ई रिक्शा और ऑटो चालकों के सत्यापन से की गई। इसमें चालक का डीएल, आरसी और चरित्रप्रमाण पत्र देखा जा रहा है। सत्यापन के दौरान कई बच्चों को ई-रिक्शा चलाते पकड़ा है। सीज और चालान की कार्रवाई की गई है। अन्य जरूरी कामों के चलते यह कार्य धीमा हो गया है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही ऑटो के लिए रूट तय हो जाएंगे। उच्चाधिकारियों के अप्रूवल के बाद एक दो दिन में व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। एसपी शिवराज बताते हैं कि इज्जतनगर में नया बस स्टेशन बन रहा है। वहां से बसों का संचालन शुरु होगा तो शहर में आ रहीं 400 से ज्यादा बसें कम हो जाएंगी। शाहजहांपुर की ओर से पीलीभीत रोड की तरफ जाने वाले वाहनों को सेटेलाइट पुल के जरिए ही गुजारे जाने का भी प्रस्ताव दिया है। पुल पर ब्रांच लाइन बनाकर यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जा सकता है। शहर में नो एंट्री के सेटअप को रिवाइज कर रहे हैं।

दामोदर पार्क तिराहे पर बनेगी रोटरी

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि इंजीनियरिंग की दृष्टि से शहर के कई चौराहे यातायात की दृष्टि से स्मूथ नहीं है। वाहनों का आवागमन सुचारू करने के लिए इन चौराहों को ट्रैफिक फ्रेंडली कर रहे हैं। चौकी चौराहे को मॉडीफाई किया जाएगा। दामोदर स्वरूप पार्क तिराहे को रोटरी का आकार दिया जाएगा। अर्बन हाट के निर्माण के बाद गांधी उद्यान के पास यातायात का दबाव बढ़ेगा। यहां पर रोटरी बनाने का प्रस्ताव दिया गया।

सड़कों में सुरक्षित और बेहतर बरेली अभियान

जनता को जागरूक करने का सुखद परिणाम आने लगा है। पिछले साल जनवरी में 85 सड़क दुर्घटना हुई थीं। इस साल जनवरी में 45 दुर्घटनाएं हुई हैं। जिले के स्कूलों में छात्रों को सड़कों में सुरक्षित और बेहतर बरेली अभियान के प्रति जागरूक करने के साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता भी करा रहे हैं। प्रतिभाग करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र दिये जा रहे हैं।

10 हजार वर्ग मीटर में बनेगी यातायात पुलिस लाइंस

अनुपम सिंह, बरेली

- एसएसपी के पत्र के बाद डीएम ने दिया आदेश, जमीन की तलाश शुरू
- कर्मियों के रुकने व सीज वाहनों को खड़ा करने की होगी व्यवस्था

अमृत विचार : शहर की हिचकोले खा रही यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए यातायात निदेशालय से और पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। उनके ठहरने और सीज-चालान होने वाले वाहनों को खड़ा करने के लिए जगह की जरूरत के मद्देनजर शहर में यातायात पुलिस लाइंस का निर्माण किया जाएगा। करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन पर पुलिस लाइंस बनाने के लिए एसएसपी ने डीएम को पत्र लिखा है। प्रशासन जमीन की तलाश में जुट गया है।

शहर का विस्तार होने के साथ ही वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है जिसके चलते यातायात व्यवस्था बेहाल है। हर चौराहा जाम से जूझ रहा है। वहीं स्मार्ट सिटी को नॉथ कॉरीडोर से जोड़ा जा रहा है। वाहनों का दबाव और बढ़ेगा। यातायात निदेशालय की ओर से पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाने की हरी झंडी मिल चुकी है। शहर में नियमों की अनदेखी पर चालान, सीज वाहनों को खड़ा करने के लिए भी निश्चित जगह नहीं है। महकमे ने शहर में यातायात पुलिस लाइंस की योजना बनाई है। इसके लिए करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन की जरूरत पड़ेगी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने जमीन उपलब्ध कराने के लिए डीएम रविंद्र कुमार को पत्र लिखा है। डीएम ने मामले को एडीएम प्रशासन को सौंपा है। एडीएम प्रशासन ने जमीन तलाशने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

नई यातायात पुलिस लाइंस के निर्माण के लिए 10 हजार वर्ग मीटर जमीन की जरूरत है। एसएसपी का पत्र आया है। शहरी क्षेत्र में जमीन की तलाश कराई जा रही है। एसडीएम सदर को इसके लिए पत्र लिखा है। अच्छी लोकेशन देखी जा रही है।
– **दिनेश**, एडीएम प्रशासन

यातायात पुलिस लाइंस न होने से दिक्कत

एसपी यातायात शिवराज सिंह ने 20 जनवरी को एसएसपी को सौंपी रिपोर्ट में बताया कि महानगर में यातायात पुलिस लाइंस न होने से ट्रैफिक पुलिस के सभी कार्यालय पुलिस लाइंस से ही संचालित होते हैं। यातायात पुलिस को कई दिक्कतों से जूझना होता है। कर्मियों के रहने के लिए आवासीय व्यवस्था नहीं है। सीज वाहनों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं है।

ज्ञानवापी मामले के कारण जिले में पुलिस रही अलर्ट

पटेल चौक के पास गश्त करता घुड़सवार दस्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- घुड़सवार पुलिस समेत चीता मोबाइल ने भी गलियों में की गश्त

अमृत विचार : वाराणसी में ज्ञानवापी में पूजा करने के कोर्ट के आदेश के बाद बरेली में भी पुलिस सतर्क रही। शुक्रवार को जुमे की नमाज के चलते अधिकारियों के साथ पुलिस टीमें सतर्क रहीं। चीता मोबाइल के साथ घुड़सवार पुलिस ने भी गश्त की। को लेकर पुलिस पूरे जिले में अलर्ट रही।

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के निर्देश पर शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पुलिस अधिकारी सड़कों पर उतरे। बारादरी, किला समेत अन्य थाना क्षेत्रों में मस्जिद और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस ने गश्त की। बारादरी क्षेत्र की तंग गलियों में घुड़सवार पुलिस ने भी गश्त की। साथ ही खुफिया विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट रहा। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस पूरी तरह से अलर्ट थी।

आधार प्रमाणित नहीं, एक लाख लाभार्थी मुफ्त सिलिंडर से वंचित

उज्ज्वला लाभार्थी साल में दो बार मुफ्त सिलिंडर करा सकते हैं रिफिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में 3.96 लाख लाभार्थियों को मिलना है योजना का लाभ

अमृत विचार : शासन ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को साल में दो बार मुफ्त सिलिंडर रिफिलिंग का आदेश दिया था। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खातों की केवाईसी (आधार प्रमाणन) जरूरी है लेकिन जिले के एक लाख से अधिक लाभार्थी आधार प्रमाणित नहीं होने से लाभ नहीं ले सकेंगे। वहीं शासन ने मुफ्त सिलिंडर रिफिलिंग की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ा दी है।

पूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक लाख से ज्यादा लोगों का आधार प्रमाणन नहीं हो सका है। गैस एजेंसियों ने रिपोर्ट दी है कि प्रमाणन इसलिए नहीं हो पाया है क्योंकि आधार में ओटीपी वेरिफिकेशन नहीं हो पाया है। कई लाभार्थियों के मोबाइल नंबर बदल गए हैं। इसके अलावा कई लोगों के पते बदल गए हैं। जिले में करीब 3.96 लाख उज्ज्वला लाभार्थियों को मुफ्त सिलिंडर रिफिलिंग का लाभ दिया जाना है। जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि गैस एजेंसियों के साथ मिलकर अधिक से अधिक लोगों आधार प्रमाणन के प्रयास किए जा रहे हैं। जिनका प्रमाणन हो चुका है उनके खातों में तीन से सात दिन के अंदर धनराशि पहुंच रही है। जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने पत्र जारी किया कि जो लाभार्थी अपना प्रथम निशुल्क रिफिल 31 दिसंबर तक नहीं ले पाये हैं, वह 15 फरवरी तक करवा सकते हैं।

सेवानिवृत्त सचिव से होगी दो लाख रुपये की वसूली

बरेली, अमृत विचार : रामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत तिगराखानपुर में विकास कार्यों के ऑडिट में दो लाख का गबन पकड़ा गया था। सेवानिवृत्त सचिव को सात दिन में रुपये ग्राम पंचायत के खाते में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तिगराखानपुर ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2012-13 में विकास कार्यों की ऑडिट में करीब चार लाख रुपये का गबन ऑडिट टीम को मिला था। गबन की आधी धनराशि दो लाख दो हजार 600 रुपये सेवानिवृत्त सचिव तेजराम से वसूली के आदेश जारी किए गए हैं। एक सप्ताह में ग्राम पंचायत के खाते में धनराशि नहीं जमा करने पर भू-राजस्व की तरह वसूली की जाएगी।

पटेल की प्रतिमा का अनावरण कर दिया मगर हमें नहीं बुलाया

कमिश्नर से मिलने पहुंचे सरदार पटेल स्मारक समिति के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरदार पटेल स्मारक समिति के पदाधिकारी कमिश्नर से मिले
- पटेल चौक पर लाइटिंग समेत अन्य सुविधाओं की उठाई मांग

अमृत विचार : पटेल चौक पर सरदार पटेल की प्रतिमा के अनावरण की सूचना न देने पर सरदार पटेल स्मारक समिति ने आपत्ति जताई है। इस संबंध में शुक्रवार को समिति के पदाधिकारी कमिश्नर सौम्या अग्रवाल से मिले और कहा कि गुपचुप तरीके से प्रतिमा का अनावरण कर दिया गया। समिति ने कमिश्नर को ज्ञापन दिया है, जिसमें पटेल चौक पर लाइटिंग समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

पूर्व मेयर कुंवर सुभाष पटेल ने कहा कि सरदार पटेल स्मारक समिति के किसी भी सदस्य को प्रतिमा के अनावरण की सूचना नहीं दी गई। कहा कि अगर समिति को भी सूचना देते तो कार्यक्रम को और भव्य बनाया जा सकता था। सरदार बल्लभ भाई पटेल से न केवल कुर्मी बल्कि अन्य समाज की भी निष्ठा जुड़ी है। बोले कि 1983 के दौरान अयूब खां चौराहे पर सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित की गई थी। कहा कि 22 दिसंबर को मेयर ने मूर्ति बदली तो उसकी भी सूचना नहीं दी गई। केपी सेन गंगवार, राजेंद्र सिंह, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, सुभाष वर्मा, राजेश अग्रवाल, रघुवीर सिंह गंगवार, सीएल गंगवार, हरीश यदुवंशी, विकास महरोत्रा, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार मौजूद रहे।

निशुल्क ऑपरेशन के लिए 26 मूक बधिर बच्चे चिह्नित

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पांच वर्ष के मूक बधिर बच्चों के निशुल्क कान के आपरेशन को लेकर शिविर विनायक कॉस्मेटिक सर्जरी और लेजर सेंटर के सहयोग से शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजित हुआ। इसमें 120 में से 26 बच्चों को कान के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। वहीं, सात वर्ष से अधिक उम्र के मूक बधिर बच्चों को सुनने की मशीन निशुल्क प्रदान की जाएगी। ऐसे 10 बच्चों को भी चिह्नित किया गया।

अफसर दावे करते रहे, एजेंसियां पूरा नहीं कर पाई धान खरीद का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लक्ष्य के सापेक्ष हुई 64.34 प्रतिशत धान की खरीद
- 31 जनवरी तक खरीदा 1.18 लाख मीट्रिक टन धान

अमृत विचार: तीन अक्टूबर से शुरू हुई धान खरीद 31 जनवरी को समाप्त हो गई। तमाम कोशिशों के बाद पांच एजेंसियां लक्ष्य के सापेक्ष महज 64.34 प्रतिशत धान की खरीद कर पाईं। खाद्य विभाग ने इसकी सूचना शासन को भेज दी है।

शासन ने जिले में 1.83 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया था। विपणन शाखा ने 46, पीसीएफ ने 27, पीसीयू ने 30, यूपीएसएस ने 46 और एफसीआई ने दो क्रय केंद्र खोले थे। शुरुआत में धान खरीद की रफ्तार बेहद सुस्त रही। अक्टूबर में एक हजार से भी कम किसान क्रय केंद्रों पर धान लेकर पहुंचे थे। इस पर अधिकारियों ने धान खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद धान खरीद में कुछ तेजी आई, मगर लक्ष्य फिर भी पूरा नहीं हो सका। आंकड़ों के अनुसार एजेंसियां 1.83 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 1.18 लाख मीट्रिक टन धान खरीद पाईं। तमाम कोशिश के बाद भी लक्ष्य पूरा नहीं हो सका।

डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय बताया कि किसानों को धान खरीद के मूल्य का 97 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया। खाद्य विभाग ने 12397.98 लाख, पीसीएफ 3212.12 लाख, यूपीएसएस ने 6166.15 लाख, पीसीयू 3196.22 लाख , भारतीय खाद्य निगम ने 64.19 लाख भुगतान किया है।

शहर के 80 वार्डों में 25 दिन तक चलेगी ग्राम परिक्रमा

बरेली ,अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने शुक्रवार को सिविल लाइंस कार्यालय पर ग्राम परिक्रमा यात्रा पर कार्यशाला की। इसमें तय हुआ कि यह यात्रा नगर क्षेत्र के सभी 80 वार्डों में 25 दिन तक चलेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष वीके गुप्ता ने कहा कि भाजपा विश्व की नंबर एक पार्टी बन गई है। यह वैचारिक सिद्धांतों और नैतिकता पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया। कहा कि कृषि में सबसे अधिक बजट प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को मिला है। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पूर्णेश मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य दीपक गुप्ता, किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष संजीव गुप्ता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, मुकुल गुप्ता, उपाध्यक्ष ललित मोहन मल्होत्रा, सुरजीत सिंह चौहान, अंकित भाटिया, सुमित वर्मा, मोनू गुप्ता, मोनू मिश्रा, निखिल राजपूत, लक्ष्मी राजपूत, विकास जायसवाल आदि मौजूद रहे।

मेयर ने सेल्फी प्वाइंट का किया उद्घाटन

बरेली, अमृत विचार : परसाखेड़ा स्थित श्रीरामचंद्र मिशन के हार्टफुलनेस आश्रम में शुक्रवार को आदि गुरु लाल महाराज का 151 वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने आश्रम में सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया। सेंटर इंचार्ज जीएस राठौर ने महाराज के जीवन और आश्रम की स्थापना पर प्रकाश डाला। मोहन स्वरूप ने केंद्र में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रबंधक पीसी पाठक ने आश्रम की गतिविधियों के बारे में बताया। महिलाओं ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी। अनुराग शर्मा, गौरव गंगवार, बबीता सक्सेना, नाथूलाल गंगवार, आभा भटनागर, विमल गुप्ता, श्वेता चौधरी, शशि रानी, राम पाठक मौजूद रहे।

हास्य कवि हरीश शर्मा यमदूत का निधन

बरेली, अमृत विचार : जेलों में कवि सम्मेलन की परिपाटी देने वाले कवि हरीश शर्मा यमदूत के निधन से जिले के साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गई। ऋषि शर्मा ने बताया कि बरेली के मूल निवासी राष्ट्रीय हास्य कवि हरीश शर्मा यमदूत का मुंबई में अस्थाई निवास पर गुरुवार को निधन हो गया। वह 28 जनवरी को बदायूं कारागार और बिसौली में कवि सम्मेलनों में शामिल हुए थे। 29 जनवरी को वह मुंबई के लिए रवाना हुए थे। ऋषि ने बताया कि उन्होंने फतेहगढ़, बुलंदशहर, नोएडा आदि जेलों में काव्य पाठ किया था।

आजम अली शाह मियां के उर्स का आगाज

बरेली, अमृत विचार : मोहल्ला जखीरा स्थित दरगाह हजरत आजम अली शाह मियां का तीन दिवसीय उर्स शुक्रवार को शुरू हो गया। पहले दिन सुबह में कुरानख्वानी हुई। शाम को मीलाद-ए-पाक की महफिल सजी। शनिवार को महफिल-ए-समां का आयोजन ईशा की नमाज के बाद किया जाएगा। इसमें कई मशहूर कव्वाल कलाम पेश करेंगे। रविवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। सभी कार्यक्रम दरगाह के प्रबंधक फईम अहमद की देखरेख में हो रहे हैं।

अमीन मियां के कुल की रस्म आज अदा की जाएगी

बरेली, अमृत विचार : मलूकपुर लाल मस्जिद स्थित दरगाह हजरत सैयद अमीन मियां भल्ले शाह मियां पर 100 वां उर्स मनाया जा रहा है। शुक्रवार को अकीदतमंदों ने मजार पर हाजिरी देकर गुलपोशी और चादरपोशी की। ईशा की नमाज के बाद महफिले समां का आयोजन हुआ। दरगाह के सज्जादानशीन अब्दुल कय्यूम मियां ने बताया कि शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे हजरत सैयद अमीन मियां भल्ले शाह मियां के कुल की रस्म अदा की जाएगी। दरगाह पर हाजिरी देने वालों में जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी, बिलाल खान, शाहबाज वारसी, रजी अनवर, हाजी अजीम शकील सीटू, फाहद जीशान, फैजान रजा, शमीम खान, जफर अनवर, आशी, मुन्ना, चंदा आदि शामिल रहे।

शरीयत के अनुसार हुआ तभी मुसलमान मानेंगे उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बयान जारी करते हुए कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने जा रहा है। यूसीसी में शरीयत का पालन किया गया है तो मुसलमान इस कानून को मानेगा, अगर शरीयत के उसूलों के खिलाफ है तो मुसलमान इसे मानने पर मजबूर नहीं होगा। मौलाना ने कहा कि देश के मुसलमानों ने हमेशा कानून का सम्मान किया है और सम्मान करते रहेंगे, मगर शरीयत के खिलाफ नहीं जा सकते हैं। हम हर उस कानून को मानेंगे, जिससे शरीयत को नुकसान न पहुंचता हो।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा
दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ

डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर
(एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

सार-संक्षेप

विद्यार्थियों को बैंकिंग में रोजगार के अवसर बताए

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग में पीजी फोरम और राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) मुंबई के तत्वाधान में दो दिवसीय सेमिनार की शुरुआत हुई। इसमें शिप्रा श्रीवास्तव और सुशील सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को बैंकिंग, वित्त एवं प्रतिभूति बाजार के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर जानकारी दी। बताया कि प्रतिभूति बाजार के क्या प्रकार हैं और बचत और निवेश क्यों आवश्यक है। इसके अलावा निवेश के लिए कौन कौन से माध्यम उपलब्ध हैं, इसकी भी जानकारी दी। बताया कि निवेश करते समय किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए। समन्वयक प्रो. ओमकार, प्रो. अनूप कुमार, विभागाध्यक्ष प्रो. भूपेंद्र सिंह और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता सात को

बरेली, अमृत विचार : विद्या वर्ल्ड स्कूल और जिला ताइक्वाडो संघ की ओर से 28 वीं इंटर स्कूल ताइक्वाडो प्रतियोगिता सात फरवरी को विद्या भवन स्कूल में आयोजित की जाएगी। संघ के सचिव अनिल बॉबी ने बताया कि इसमें बरेली के अलावा अन्य जिलों के स्कूल भी भाग ले रहे हैं।

कार्यशाला में साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताए

बरेली, अमृत विचार : साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम के लिए शुक्रवार को इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने फोन कॉल, एटीएम कार्ड, एटीएम एक्सचेंज, लॉटरी आदि के माध्यमों से होने वाले ठगी के बारे में बताया। कहा कि अनजान कॉल से सावधान रहें। मोबाइल पर आने वाले किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ठगने के लिए साइबर अपराधियों की यह चाल होती है। कुछ सावधानियां बरतने से साइबर ठगी से बच जा सकता है। इनवर्टिस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत सिंह, स्पीकर ध्रुव बजाज आदि मौजूद रहे। कार्यशाला के आयोजन में एचडीएफसी बैंक का भी सहयोग रहा।

रिफ्रेशर कोर्स में उन्नत तकनीकों के बारे में बताया

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के जैविक विभाग में चल रहे पांच दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स ' 'पशु चिकित्सा जैविकों का उत्पादन एवं मानकीकरण का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक शोध डॉ. एसके सिंह ने बताया कि पशुओं में तमाम तरह की बीमारियां होती हैं। आईवीआरआई में उन बीमारियों को लेकर निरंतर रिसर्च हो रही है। पशुओं की बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए यह प्रशिक्षण उपयोगी साबित होगा। पाठ्यक्रम निदेशक एवं डा. रविकान्त अग्रवाल ने बुनियादी और उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में छह उत्तर पूर्वी राज्यों के 13 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। डॉ. बबलू कुमार, डा.केके रजक, डॉ. वी उपमन्यु, डॉ. एके यादव, डॉ. सी जाना, डॉ. अजय कुमार यादव मौजूद रहे।

क्यूएस आई गेज यूनिवर्सिटी रेटिंग पर एक्सपर्ट टॉक

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आईक्यूएसी, आरआईएफ और आईडी रैंकिंग सेल की ओर शोध निदेशालय में क्यूएस आई गेज यूनिवर्सिटी और कॉलेज रेटिंग पर एक्सपर्ट टॉक की गई। इसमें क्यूएस आईगेज के एसो. प्रो. सिरिल बेंज ने विचार रखे। कुलपति प्रो. केपी सिंह, शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार, प्रो. विनय ऋषिवाल, और अन्य शिक्षकों ने भी विचार रखे।

नहीं रखें भेदभाव, आपस में हो सद्भाव

गुरु हरगोबिन्द साहिब गुरुद्वारे में ज्ञानी पिंदरपाल ने प्रभु भक्ति को बताया सर्वोत्तम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जनकपुरी स्थित श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब गुरुद्वारे में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सिख धर्म के प्रचारक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह ने लोगों से नफरत खत्म कर आपसी सद्भाव के साथ रहने को प्रेरित किया। उन्होंने गुरुवाणी की और आपस में भेदभाव न रखने की अपील की।

▸▸ कई जिलों के श्रद्धालुओं ने लिया भाग, जो बोले सो निहाल का उद्घोष गूंजा

उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति का मार्ग ही उत्तम मार्ग है। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखा। जो बोले सो निहाल के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने लंगर भी छका। कार्यक्रम में शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर समेत कई जिलों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया था। यहां बड़ी एलसीडी स्क्रीन भी लगाई गई थी। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी अध्यक्ष रवींद्र सिंह बग्गा, हरेंद्रपाल सिंह, सोनू, हरप्रीत, गुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार जिले में करीब 20 साल बाद ज्ञानी पिंदरपाल सिंह का आगमन हुआ है।

जनकपुरी गुरुद्वारे में पिंदर पाल सिंह से कथा का रसपान करते बड़ी संख्या में संगत। ● अमृत विचार

सचल दल ने एलएलबी परीक्षा में नकल करते छात्र को पकड़ा

बरेली कॉलेज में परीक्षार्थियों की जांच करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के छात्र को परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया। कॉलेज के सचल दल ने छात्र को यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को सचल दल के साथ चेकिंग की तो एक कक्ष में एक छात्र के पास गेस पेपर की पर्चियां मिली हैं। उन्होंने बताया कि आगे भी परीक्षा के दौरान चेकिंग जारी रहेगी।

बरेली कॉलेज में व्यक्तिगत परीक्षा फार्म का अग्रसारण तीन से

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 की परीक्षा के व्यक्तिगत छात्रों के परीक्षा फार्म 3 फरवरी से अग्रसारित किए जाएंगे। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि फार्म अग्रसारण अग्रिम आदेशों तक सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कॉलेज कार्यालय से होंगे।

स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों में लाएं जागरूकता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता को लेकर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की ओर से शुरू की गई जागरूकता की पहल को अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। इसी के तहत शुक्रवार को सीडीओ जगप्रवेश ने बीडीओ, एबीएसए, एडीओ पंचायत, सीडीपीओ के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग की। उन्होंने कहा कि जो-जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उसके अनुसार तीन दिन में प्लान बनाकर सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को जागरूक किया जाएगा। उनके अभिभावकों को भी जागरूकता अभियान में शामिल करें। बच्चों को महापुरुषों के बारे में वीडियो दिखाकर जागरूक किया जाए। कहा कि सभी के मोबाइल में दिशा बरेली एप को भी डाउनलोड करें, जिससे पात्र लोग संबंधित योजनाओं के लिए आवेदन कर सकें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते सीडीओ जगप्रवेश।

▸▸ सीडीओ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में बीडीओ, एबीएसए, एडीओ पंचायत, सीडीपीओ को दिए निर्देश

फाइलेरिया उन्मूलन में मेडिकल छात्रों की ली जाएगी मदद

बरेली, अमृत विचार : फाइलेरिया उन्मूलन अभियान जिले में 10 फरवरी से शुरू होगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग मेडिकल कॉलेजों के छात्रों का भी सहयोग लेगा। इस संबंध में छात्रों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि अभियान में फाइलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए एएनएम, स्टाफ नर्स और आशा की ड्यूटी लगाई जाती है।

कई बार सीएचसी और पीएचसी पर कार्यों के चलते स्टाफ की दिक्कत आती है। इसलिए इस बार मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का सहयोग लिया जाएगा। जिले के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, राजश्री मेडिकल कॉलेज, एसआरएमएस, गंगाशील मेडिकल कॉलेज, महेंद्र गायत्री मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को निर्धारित डोज, दवाई समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदु बताए जा रहे हैं।

कक्षा एक और दो में साठ हजार बच्चे अब पढ़ेंगे एनसीईआरटी की किताबें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ नए शैक्षिक सत्र से बच्चों को किताबें उपलब्ध कराने की तैयारी

▸▸ पहली बार इन कक्षाओं में बच्चों को एनसीईआरटी की किताबें दी जाएंगी

अमृत विचार : नए शैक्षिक सत्र 2024-25 में परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक और दो के बच्चों को भी एनसीईआरटी (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की किताबें पढ़ाई जाएंगी। जिले में करीब कक्षा एक और दो में अनुमानित 60 हजार बच्चों को एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी, हालांकि, नए सत्र में बच्चों की संख्या बढ़ भी सकती है।

इस समय इन कक्षाओं के बच्चों को एससीईआरटी (स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की पाठ्यक्रमों पर आधारित किताबें पढ़ाई जा रही हैं। अफसरों के अनुसार बच्चों को मुख्य रूप से भाषा और गणित विषय में निपुण करने के उद्देश्य से शासन स्तर पर यह कवायद शुरू की जा रही है। निपुण लक्ष्य प्राप्ति में एनसीईआरटी की किताबें बहुत कारगर साबित होंगी। जिले के 2482 परिषदीय स्कूलों में करीब 3.25 लाख छात्र पंजीकृत हैं। इनमें कक्षा एक व दो में करीब 60 हजार बच्चों की संख्या बताई जा रही है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि शैक्षिक सत्र की शुरुआत में ही बच्चों को किताबें मुहैया हो सकें। इसके लिए कक्षा तीन और आठ का क्रय आदेश तैयार कर अधिकृत प्रकाशक एवं शासन को भेज दिया गया है। कक्षा एक और दो के बच्चों को पहली बार एनसीईआरटी की किताबें वितरित की जाएंगी, मगर अभी शासन से कोई निर्देश नहीं मिला है।

निपुण शिक्षा अभियान के तहत बच्चों को भाषा और गणित विषयों में निपुण बनाया जा रहा है। इस दिशा में यह बदलाव कारगर सिद्ध होगा।
-डॉ. विनोद कुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष, यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ

एनसीईआरटी की किताबों से बच्चों पढ़ाने का निर्णय अच्छा है। अभी पहली कक्षा में बच्चों को एक ही किताब से भाषा और गणित और कक्षा दो में भाषा और गणित की किताबें हैं।
-शिखा अग्रवाल, प्रधानाध्यापक

फिल्मों में देशभक्ति पर प्रोजेक्ट तैयार करेंगे छात्र

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में बीए पंचम सेमेस्टर के हिंदी के छात्रों की प्रोजेक्ट रिपोर्ट 5 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे जमा की जाएगी। इसके बाद प्रोजेक्ट स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विभाग प्रभारी प्रो. परमजीत कौर ने विद्यार्थियों को हिंदी सिनेमा में देशभक्ति, हिंदी काव्य साहित्य का राष्ट्रीयता में योगदान, स्वतंत्रता प्राप्ति में आधुनिक हिंदी कवियों का योगदान, हिंदी के राष्ट्रीय काव्य में सांस्कृतिक चेतना, किसी एक राष्ट्रीय कवि पर परियोजना कार्य विषय के प्रोजेक्ट तैयार करने होंगे। वहीं बीएससी जंतु विज्ञान प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की छूटी हुई मिड टर्म 5 फरवरी को सुबह 11 बजे विभाग में होगी।

घर-घर श्रीरामचरित मानस पहुंचाने वाले संत हैं गोस्वामी तुलसीदास

आनंद आश्रम में भक्तमाल कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : श्री आनंद आश्रम में आयोजित भक्तमाल कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कथाव्यास गौरदास महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास के चरित्र का वर्णन किया। बताया कि तुलसीदास ने अपने जीवन काल में अनेक अद्भुत और दिव्य ग्रंथों की रचना की और उनको जनमानस के हृदय में स्थापित भी किया। घर-घर में श्रीरामचरित मानस को पहुंचाने वाले संत तुलसीदास हैं। इस मौके पर मंत्री नरसिंह मोदी, अनिल गुप्ता, अनिल अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, पुजारी सचिन शर्मा, रवि दीक्षित, गुलाब आदि उपस्थित रहे।

कथा सुनाते गौरदास महाराज।

हेड मास्टर की भूख हड़ताल जारी, अफसरों ने नहीं ली सुध

भूख हड़ताल पर बैठे हेड मास्टर का शिक्षकों ने दिया साथ।

बरेली, अमृत विचार : मांगों को लेकर सहासा प्राथमिक स्कूल के हेड मास्टर राम गोपाल वर्मा तीसरे दिन शुक्रवार को भी बीएसए कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठे रहे। आरोप है कि अभी तक अफसरों उनकी सुध नहीं ली है। बीएसए ने स्कूल में शिक्षण कार्य न करने पर हेड मास्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। हेड मास्टर का आरोप है कि बिना जांच के एक तरफा कार्रवाई कर उन्हें निलंबित कर दिया गया था। करीब एक माह बाद उन्हें मूल विद्यालय से 50 किमी दूर फरीदपुर ब्लॉक में भेज दिया गया है। वहीं, अफसर हेड मास्टर को गबन का दोषी करार दे रहे हैं। इस संबंध में हेड मास्टर का कहना है कि विभागीय पत्र के मुताबिक उनपर कंपोजिट ग्रांट पहले निकाल कर नौ माह बाद देरी से उपभोग करने की बात कही गई है। जबकि सरकारी धन का पाई-पाई का हिसाब उनके पास है। अधिकारी उन्हें जानबूझकर परेशान करना चाहते हैं। उन्होंने नजदीक के विद्यालय में तैनाती की मांग की है।

केशलता अस्पताल
KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY

फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप

प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है

दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक

स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली

हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली

FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट

विशेष सुविधाएं
- नि:शुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
- कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

मौसम में बदलाव से बढ़े अवसाद के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ चिकित्सकों के अनुसार रोजाना ओपीडी में पहुंच रहे सीजनल मूड डिसऑर्डर पीड़ित

अमृत विचार: बदलते मौसम में अवसाद पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मानसिक चिकित्सालय की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज आ रहे हैं। इस विशेष मानसिक अवसाद को सीजनल मूड डिसऑर्डर कहते हैं। इसके लक्षण उदासी, चिड़चिड़ापन, सोने और जागने का समय अनियमित होना, थकावट, कमजोरी, भूख कम लगना आदि हैं। इन मानसिक बीमारियों को क्रॉनिकल मानसिक रोग कहा जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य संस्थान व चिकित्सालय में वरिष्ठ मानसिक रोग चिकित्सक डॉ. एसआर वर्मा ने बताया कि सूर्य का प्रकाश मस्तिष्क में मेलाटॉनिन नामक हार्मोन न्यूरो ट्रांसमीटर के स्राव को नियंत्रित करता है। जो व्यक्ति के दिन-रात के अनुसार परिवर्तित होने वाली जैविक सक्रियता को प्रभावित करता है।

खासतौर पर जब सर्दी के मौसम में धुंध होने या सूर्य का प्रकाश कम हो जाता है। बायोलॉजिकल क्लॉक (दिन-रात का जैविक परिवर्तन) प्रभावित होने की वजह से व्यक्ति अवसाद का शिकार हो जाता है।

ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल में रोजाना 400-500 मरीजों की ओपीडी होती है, इनमें से औसतन 50 मरीज अवसाद से पीड़ित पहुंचते हैं। इसमें करीब 5 से 7 मरीज सीजनल मूड डिसऑर्डर की वजह से अवसाद में होते हैं। हालांकि उनको सरकार द्वारा जारी दवाइयां और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

एकादशी व्रत से होता है पापों का नाश

सिंधु नगर में झूलेलाल मंदिर में कथा सुनकर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : सिंधु नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथाव्यास व्योम त्रिपाठी ने बताया कि इंद्र का मान मर्दन करने के लिए ही प्रभु ने इंद्र की पूजा अर्चन बंद कराई। साथ ही गिरिराज पूजन की शुरुआत कराई थी। कथा व्यास ने कहा कि एकादशी व्रत पापों का नाश करता है और प्रभु के चरणों में अनुराग उत्पन्न करता है। कहा कि आत्मा परमात्मा का मिलन ही महारास है। उन्होंने श्री कृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग भी सुनाया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु थिरकते रहे। लक्ष्मण दास वटवानी, प्रकाश आयलानी, प्रकाश संभब्वानी, लेखराज मोटवानी, धर्मेश, हरीश, राजा, ज्योति आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

कथा सुनाते व्योम त्रिपाठी।

खून के आंसू

हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Groth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolaction Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

पत्नी से झगड़े के बाद राजमिस्त्री ने की आत्महत्या

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर क्षेत्र में राजमिस्त्री ने पत्नी से झगड़े के बाद घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

करेली निवासी शंकर (25) राजमिस्त्री का काम करता था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को वह बारिश के कारण काम पर नहीं गया। वह शाम को अपने जीजा के साथ शराब पीकर घर वापस आया। जहां पर छोटे भाई सोनू और उसकी पत्नी सुजाता से झगड़ा कर मारपीट की। पत्नी बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की। जिसके बाद पत्नी बरामदे में सो गई। सुबह परिजनों ने देखा तो शंकर का शव कमरे में पंखे में दुपट्टा के सहारे लटक हुआ मिला। इंस्पेक्टर सुभाषनगर मदन मोहन ने बताया कि शंकर शराब पीने के बाद छोटे भाई और पत्नी से झगड़े के बाद फंदे से लटककर जान दे दी। कुछ दिनों पहले उसने अपने पिता चुन्नी लाल के साथ मारपीट कर उनका बायां हाथ तोड़ दिया था।

जमीन के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई लोग घायल

सपा नेता ने बेटों के साथ की फायरिंग, दोनों पक्षों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

▸▸ लाइसेंसी राइफल और तमंचा बरामद, ठिरिया नथमल का मामला

▸▸ सपा नेता के दोनों बेटे गिरफ्तार घायलों को भेजा अस्पताल

एंबुलेंस से अस्पताल जाते घायल।

घायल को अस्पताल ले जाती पुलिस।

दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सपा नेता के दोनों बेटों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
-डॉ. तेजवीर सिंह, एडीशनल एसपी।

अमृत विचार : बहेड़ी क्षेत्र के गांव ठिरिया नथमल में ग्राम समाज की जमीन को लेकर सपा नेता समेत दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि सपा नेता ने बेटों संग लाइसेंसी राइफल से फायरिंग की। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे भी चले। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सपा नेता के दोनों बेटों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लाइसेंसी राइफल भी बरामद कर ली है।

सपा नेता ठाकुर चंद्र पाल सिंह और पड़ोसी सरदार कुलवंत सिंह के बीच ग्राम समाज की कुछ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों के घर भी आसपास हैं। शुक्रवार सुबह विवाद की वजह रास्ते में पड़ा एक पत्थर बना। जिसे हटाने को लेकर पहले कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते लाठी डंडे चलने लगे। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सपा नेता ने बेटे सुबोध और गौरव के साथ फायरिंग करनी शुरू कर दी। गांव में दहशत फैल गई। विवाद में चंद्र पाल सिंह और उनके दोनों बेटे व दूसरे पक्ष के कुलवंत, कुलजीत व गुरमीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहले डायल 112 की टीम पहुंची। कोतवाल प्रवीण कुमार सोलंकी भी पहुंच गए और घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां घायलों की हालत गंभीर देखते हुए बरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से सपा नेता के बेटे गौरव और सुबोध को गिरफ्तार कर लाइसेंसी राइफल और तमंचा बरामद कर लिया है। कुलवंत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने ठाकुर चंद्र पाल सिंह व उनके दोनों बेटों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उधर, सपा नेता की तहरीर पर भी मारपीट समेत अन्य धाराओं में कुलवंत समेत अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई है। एडीशनल एसपी डॉ. तेजवीर सिंह भी गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया।

आत्महत्या प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग

विधि, बरेली, अमृत विचार : आत्महत्या प्रकरण में मृतक रोहित के ताऊ सेवाराम ने पुलिस महानिरीक्षक को पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। फतेहगंज पश्चिमी के गांव उनासी निवासी सेवाराम ने बताया कि गुमशुदा युवती और रोहित के बीच प्रेम संबंध की की अफवाह फैलाई गई थी। जबकि ऐसा नहीं था। आरोप है कि रंजिशन ऐसा किया गया था। मामले में जांच कर रहे दरोगा बनवारी लाल ने रोहित को प्रताड़ित किया। आरोप है कि 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने का भी दबाव बनाया गया था। बदनामी और दरोगा के उत्पीड़न से तंग आकर रोहित ने सात जनवरी को ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। रोहित के पिता द्वारिका प्रसाद मामले की शिकायत एसएसपी से की थी। मामले में आरोपी

नेत्रपाल की बहन बोली राशिद को मिले फांसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ सुमन ने कहा- बदनाम करने के लिए राशिद ने बताई झूठी कहानी, नहीं थे प्रेम संबंध

अमृत विचार : बड़ा बाईपास पर डोहरा गौंटिया निवासी मीना देवी और उनके बेटे नेत्रपाल की बेरहमी से हत्या करने के आरोपी राशिद की कहानी को नेत्रपाल की बहन ने झूठा बताया है। बहन ने प्रेम प्रसंग से भी इन्कार किया है और उसने कहा कि वह राशिद उसके पीछे पड़ा था। उसने राशिद से शादी से भी इन्कार कर दिया था। उसने मांग की है कि राशिद को मौत की सजा दी जाए।

बड़ा बाईपास पर 26 जनवरी की रात नेत्रपाल और उसकी मां मीना देवी की राशिद ने हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी। शुक्रवार को नेत्रपाल की बहन सुमन ने बताया कि वर्ष 2018 में उसके घर में टाइल्स लगाई गईं थी। उसी दौरान उसकी पहचान राशिद से हो गई थी। बताया कि प्रेम प्रसंग जैसी कोई बात नहीं थी। राशिद उसे लगातार परेशान कर रहा था। उन्होंने छह साल तक इस बारे में घर में इसलिए नहीं बताया ताकि कोई विवाद न हो।

करीब एक महीने से राशिद ब्यूटीपार्लर पर भी आकर परेशान करने लगा, तब उसने वहां जाना भी बंद कर दिया। बताया कि राशिद ने उससे शादी के लिए कहा, तब उसने इन्कार कर दिया था। इससे वह रंजिश मानने लगा। घटना के दूसरे दिन मानसिक स्थिति सही न होने के कारण पुलिस के सामने कुछ नहीं बोल सकी। बताया कि वह राशिद को पसंद नहीं करती थी, यदि करती तो उससे शादी कर सकती थी।

दुष्कर्म व धर्मपरिवर्तन का प्रयास के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि, बरेली, अमृत विचार : नाबालिग लड़की (17) को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने के आरोपी रामपुर स्वार निवासी शैजान खान की दूसरी जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हरि प्रकाश गुप्ता ने खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि शैजान उनकी बेटी को ढाई वर्ष से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। शैजान बेटी को लगातार धमकी देकर बुर्का पहनने, धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बना रहा है। बेटी को धमकी देकर घर से नकदी, जेवरात चोरी कराता है और खुद के लिए महंगे गिफ्ट भेजने का दबाव बनाता है। बेटी पर सहेलियों और रिश्तेदारों की बेटियों से बात करवाने, उससे मिलने का दबाव डालता है। परिजनों के खिलाफ उकसाता है। पीड़िता ने बयान में आरोपी द्वारा दुष्कर्म किए जाने की बात कही थी। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो, आईटी एक्ट, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग
स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

जीआरपी ने की मजबूत पैरवी, तीन मामलों में सुनाई गई सजा

बरेली, अमृत विचार : ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जंक्शन जीआरपी थाना के प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने मजबूत पैरवी कर तीन मामलों में दोषियों को सजा दिलवाई है। आर्म्स एक्ट में राजकुमार उर्फ लल्ला निवासी थाना बिलग्राम जिला हरदोई को तीन माह कारावास, एक हजार रुपये अर्थदंड, शकील निवासी खुर्दपुरा जिला हरदोई को चार माह कारावास, एक हजार रुपये अर्थदंड, एनडीपीएस एक्ट में जौहरी जाटव निवासी बाबूपुर नगला थाना कटरा जिला शाहजहांपुर को तीन वर्ष कारावास, दस हजार रुपये अर्थदंड और चोरी के मामले में आसिफ सिद्दीकी निवासी बिलहरी थाना शाहबाद जिला हरदोई को एक वर्ष कारावास और नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

कैंट में मिले युवती के शव नहीं हुई पहचान जांच में जुटी पुलिस

बरेली, अमृत विचार : कैंट के ठिरया निजावतखां में आम के बाग में भी 20 दिसंबर 2023 को युवती की गला रेतकर हत्या कर शव फेंका गया था। पुलिस मामले का खुलासा करना तो दूर अभी तक उसकी पहचान भी नहीं कर सकी है। अब सीबीगंज में युवती के शव की भी पहचान भी पुलिस नहीं कर पा रही है। पुलिस पहले ऑनर किलिंग की आशंका में जांच करती रही। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
● रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
● 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

अंतरिम बजट में अनदेखी पर किसानों में निराशा

किसान नेता बोले, सिर्फ पुरानी योजनाओं का किया गुणगान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : किसान संगठनों ने अंतरिम बजट से गहरी निराशा जताई है। इसे किसानों को छलने वाला बजट बताया। किसान नेताओं ने कहा कि पीएम सम्मान निधि समेत पिछली योजनाओं का गुणगान किया और भविष्य के सपने दिखाए। लेकिन नई योजनाओं के नाम पर कुछ नहीं दिया।

फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य बड़ी जरूरत है। कृषि उपकरणों, कीटनाशक, उर्वरकों की कीमतों पर लगाम लगाना जरूरी था लेकिन इन सभी की अनदेखी कर दी गई। किसान आंदोलन के दौरान जो वादा किया था सरकार उसको भी भूल गई है। सरकार की फसल बीमा योजना विफल है। इससे किसानों को समुचित क्लेम नहीं मिल रहा है। पीएम सम्मान निधि डंट के मुंह में जीरा के समान है। किसानों की चिंता सिर्फ बातों में दिखाई देती है।

बजट में कृषि कल्याण के लिए कोई नई योजना नहीं लाई गई है। फसल बीमा योजना की बात की गई, लेकिन किसानों की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानून बनाने का जिक्र नहीं है। उर्वरकों की कीमतें नहीं बढ़ीं तो वजन कम कर दिया गया। हर तरह से किसानों को छला जा रहा है। **– अरुण सिंह राठी,** मंडल अध्यक्ष, भाकियू (अराजनैतिक)

सरकार एक देश एक टैक्स को लागू कर सकती है तो एक फसल एक मूल्य को भी लागू किया जा सकता है। बजट में किसानों के लिए कोई ऐसी घोषणा नहीं जिससे उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद मिले। किसानों, कृषि कल्याण के लिए योजनाएं धरातल पर नहीं आती हैं।

– तेजपाल, जिलाध्यक्ष भाकियू

किसान बहुत परेशान हैं। कृषि क्षेत्र के लिए योजनाएं बढ़ाने की जरूरत थी। इस बजट से देशभर के किसानों को निराशा मिली है। बजट में न्यूनतम समर्थन, उर्वरकों के दामों में कमी या अनुदान बढ़ाने के लिए कुछ नहीं है। किसानों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। **–राजेश शर्मा,** प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा किसान एकता संघ

बजट केवल ढकोसला भर रहा। उर्वरक, बीज और कीटनाशक दवाइयों पर छूट की उम्मीद थी लेकिन उसका कहीं जिक्र नहीं किया गया। छुट्टा पशुओं से मुक्ति कैसे मिले, इनसे होने वाले नुकसान की भरपाई कैसे हो, इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। **– डा. रवि नागर,** राष्ट्रीय संगठन मंत्री, किसान एकता संघ

जमीन के सौदे में मुनाफे का झांसा देकर 37.50 लाख ठगे

बरेली, अमृत विचार : जमीन की सौदेबाजी में मुनाफा कमाने का झांसा देकर जालसाजों ने दो लोगों से 37.50 लाख रुपये ठग लिए। भोजीपुरा पुलिस ने सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में भुता के गांव ममरेजपुर निवदिया निवासी विपिन और केसरपुर निवासी आबिद हुसैन ने बताया कि 15 जून 2023 को मीरगंज के गांव परोरा निवासी अनुभव बेनीवाल ने फोन करके बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर उन्हें 18-20 बीघा जमीन चाहिए। उन्होंने अनुभव और अमन रंधावा को जमीन दिखाई। जमीन देखने के बाद दोनों उन्हें गाजियाबाद ले गए। वहां गजेन्द्र चौधरी, नन्हें सिंह यादव और महिपाल यादव मिले। इन लोगों ने बरेली की जमीन को फेल कर दिया और रामपुर के शंकरपुर में 12.5 बीघा जमीन बताई। कहा कि इस जमीन का सौदा करा दो। इसके बाद आरोपियों ने किसी सतेन्द्र सिंह यादव से मिलवाया और कहा कि इनसे जमीन तय हो गई है। दोनों ने भारी मुनाफे के लालच में 30 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपियों के मोबाइल बंद हो गए। भोजीपुरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आग से जलकर पांच लोगों की मौत का नहीं खुला राज

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- पुलिस ने शुक्रवार को भी फर्रखपुर मोहल्ले में कई लोगों से की पूछताछ
- सीन रिक्रिएशन के लिए अधिकारियों को पत्र लिखेंगे इंस्पेक्टर

अमृत विचार : फरीदपुर कस्बे के फर्रखपुर मोहल्ले में दंपती और तीन बच्चों की कमरे में जलकर मौत के मामले की अभी जांच जारी है। पुलिस ने शुक्रवार को कई लोगों से पूछताछ की। सीन रिक्रिएशन के लिए इंस्पेक्टर फरीदपुर जल्द अधिकारियों को पत्र लिखेंगे। वहीं मंगलवार को अग्निशमन विभाग भी अधिकारियों को रिपोर्ट सौंप देगा, जिससे कुछ स्थिति साफ हो सकेगी।

28 जनवरी को मोहल्ले के अजय गुप्ता, अनीता गुप्ता और उनके तीन बच्चे कमरे में जलकर राख हो गए थे। इस घटना को पुलिस शुरू से ही हादसा बता रही है। पुलिस के पास कमरे में अंदर से कुंडी न होने के अलावा कोई अन्य तर्क नहीं है।

उधर परिजनों ने अब तक अनीता का मोबाइल नंबर पुलिस को नहीं सौंपा है ताकि कॉल हिस्ट्री निकाली जा सके। इंस्पेक्टर फरीदपुर रामसेवक सिंह ने बताया कि घटना कैसे हुई। इसका सीन रिक्रिएशन कराने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखेंगे। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि अजय बीड़ी या सिगरेट भी नहीं पीता था, जिससे आग लगने की संभावना हो। अब सवाल है कि तो कमरे में आग कैसे लगी।

अब बयानों पर अटकी पुलिस की जांच

पुलिस ने शुक्रवार को अजय के साढ़ू सोनू से भी पुलिस ने पूछताछ की। इससे पहले राजेन्द्र गुप्ता समेत अन्य लोगों से पूछताछ हो चुकी है। पुलिस के अनुसार सभी के बयानों में अंतर है। अभी कुछ और लोगों से पूछताछ की जाएगी।

घटना की जांच की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की गई है। सभी के बयानों में अंतर है। अब घटना का सीन रिक्रिएशन कराने के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

– रामसेवक सिंह, इंस्पेक्टर फरीदपुर

बेटी से मारपीट करने पर मायके वालों ने दामाद को पीटा

हाफिजगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज के गांव हरहरपुर मटकली में एक दंपती में विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी ने मायके फोन कर मायके वालों को बुला लिया। मायके वालों ने दामाद और उसके परिजनों को पीटकर घर से निकाल दिया और दरवाजा बंद कर लिया। पति ने हाफिजगंज थाने पर तहरीर देकर कहा कि उसकी पत्नी के विवाह से पूर्व ही दूसरे युवक से अवैध संबंध है। पत्नी अक्सर विवाद करती और मायके फोन कर झूठी सूचना दे देती है। शुक्रवार को भी उसने अपने मायके बालों को झूठी सूचना दे दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर पति व उसके परिजनों को मकान में दाखिल कराया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रेकी के बाद रात में चोरी करते थे ट्रैक्टर

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

पुलिस गिरफ्त में तीन आरोपी।

- नकली शराब भी बनाते थे, तीन आरोपी पुलिस ने भेजे जेल, सरगना फरार

अमृत विचार : भोजीपुरा में दोहना स्टेशन के पास ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने और नकली शराब बनाकर बेचने वाले तीन आरोपियों अमरपाल, सर्वेश और सूरज शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं सरगना नरेश कश्यप उर्फ चीमा और सेवाराम अभी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

गैंग के लोग दिन में ट्रैक्टर-ट्राली की रेकी करते थे और फिर रात में दूसरे ट्रैक्टर से टोचन कर चोरी कर लेते थे। सरगना एक ट्राली चोरी पर आरोपियों को पांच हजार रुपये देता था। क्षेत्र में एक ही छत के नीचे कई अपराध करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी से भोजीपुरा और देवरनिया के छह मामलों का खुलासा हुआ है।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही एक मुकदमा कॉपीराइट एक्ट के तहत भी दर्ज है। एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली समेत नकली शराब के पव्वे समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

बरातियों से मारपीट के मामले में 15 पर नामजद रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : बरात से घेरकर मारपीट और गाली गलौज के मामले में 15 ज्ञात और कई अज्ञात पर पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। शाही के गांव प्रेमपुर निवासी रफ्फन ने बताया कि विगत दिनों उसके पुत्र इकबाल की बरात बाकरगंज किला बरेली गई थी। बरात में अब्दुल हसन निवासी मिर्जापुर थाना शाही भी शादी में अपनी बहन निशा के साथ गए थे। शादी में नन्हे ,मोहम्मद सईद निवासी न्यूधना थाना भोजीपुरा बरेली, रेहान, साबिर निवासी नेहरूनगर थाना शाही ने निशा के साथ अभद्रता की जिस पर तीनों को डांटा फटकारा जब बरात लेकर वापस बस से प्रेमपुर आ रहे थे तो कस्बा शाही में इंडियन पेट्रोल पंप के पास कई लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर बस रुकवा कर रफ्फन और अन्य बरातियों के साथ लाठी डंडों- हॉकी आदि से मारपीट की। जिसमें तौसीफ निवासी ग्राम शाहपुर, अब्दुल हसन निवासी ग्राम मिर्जापुर व सरताज निवासी ग्राम अकसौरा के गंभीर चोट आई। भगदड़ में रफ्फन के बैग में रखे करीब 2 लाख 40 हजार रुपये बैग और सरताज का छोटा बैग जिसमें करीब 27 हजार रुपये थे जो कहीं गिर गए। थाना प्रभारी सतीश कुमार नैन ने बताया कि पीड़ित रफ्फन की तहरीर पर 15 ज्ञात और अन्य अज्ञात साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

सार-संक्षेप

छात्रों ने देशभक्ति कार्यक्रमों से बांधा समां

देवरनियां, अमृत विचार : सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज कुंडरा कोठी में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीएसआर कालेज के चेयरमैन डॉ. हरिशंकर गंगवार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक अनमोल रतन है, एक रोटी कम खाए, मगर बच्चों को जरूर पढ़ाए। इस दौरान छात्रों ने देश भक्ति पर प्रस्तुति के साथ ही सामाजिक जागरूकता के नाटक पेश किए। कॉलेज प्रबंधक डॉ. आरसी गंगवार ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुनीश कुमार और पुष्पेन्द्र सक्सेना, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भानू गंगवार, डॉ. प्रमोद शर्मा, कुंडरा कोठी इंचार्ज विशव देव सिंह, भाजपा नेता राहुल गुप्ता, शिवानी राठौर, राजेंद्र, सूरज शर्मा, आदि प्रमुख मौजूद रहे।

श्मशान भूमि उत्थान समिति कराएगी स्मारिका का प्रकाशन

नवाबगंज, अमृत विचार : नगर की श्मशान भूमि उत्थान प्रबंध समिति ने अपने 2021 से 2024 के कार्यकाल में श्मशान भूमि विकास यात्रा को लेकर एक स्मारिका का प्रकाशन करा रही है। समिति की ओर से अध्यक्ष गोपाल गुप्ता व महामंत्री प्रेम प्रकाश रस्तोगी पांच सदस्यीय संपादक मण्डल के वयोवृद्ध श्याम लाल गुप्ता, सुरेश चंद्र शुक्ला, रमेश चंद्र श्रीवास्तव तथा पत्रकार अखिलेश उपाध्याय को पत्रिका के संपादन का जिम्मा सौंपा है। संपादन से पूर्व एक सादे समारोह में सौंपे गए इस दायित्व में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, विधायक डॉ. एमपी आर्य के अनुज लेखराज गंगवार, पालिकाध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर, व्यापार मण्डल के प्रदेश सचिव विनोद गुप्ता व भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता के साथ ही समिति के सदस्यों व नगर के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने कस्बे और गांवों में निकाला फ्लैग मार्च

देवरनियां, अमृत विचार : ज्ञानवापी मस्जिद पर आए अदालत के फैसले के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान देवरनियां पुलिस पुरी तरह से सतर्क रही। मुस्लिम बहुल्य कस्बे रिछा में एडीशनल एसपी और एसडीएम की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया गया। एडीशनल एसपी डॉ. तेजवीर सिंह और उपजिला अधिकारी बहेड़ी अजय कुमार उपाध्याय की अगुवाई में जुमे की नमाज के दौरान फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर देवरनियां देवेंद्र सिंह धामा, रिछा चौकी इंचार्ज श्रीचन्द्र यादव, इंस्पेक्टर क्राइम भी मौजूद रहे। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि कहीं से विरोध-प्रदर्शन नहीं हुआ। जुमे की नमाज शांति से अदा हुई। इसके अलावा नगर पंचायत रिछा, नगर पंचायत देवरनियां, मुंडिया जागीर समेत गिरधरपुर, सिंतरा, वसुधरन जागीर आदि मे भी पुलिस तैनात रही।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1138249 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। **कपीस कुमार पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम व पो. निझौटा तह. पलिया खीरी।**

सूचना

मैंने अपने दोनों बच्चों के नाम में संशोधन किया है। मो. अयान की जगह मो. अरहान एवं फिजा खान की जगह आफिया पुत्र/पुत्री फुरकान हुसैन, निवासी बूँची, पोस्ट शीशगढ़, तह. मीरगंज, जिला बरेली पढ़ा व लिखा जाये।

सूचना

सर्वविदित हो कि मेरा नाम बैंक खाते में आधार कार्ड के अनुसार नन्हेंलाल पुत्र रामकुमार अंकित है कृषि अभिलेखों में नन्हूलाल पुत्र राज कुमार अंकित है। नन्हेंलाल, नन्हू लाल व ननहूलाल तीनों नाम से मैं जाना जाता हूँ। अब मैं नन्हू लाल पुत्र राजकुमार के नाम से जाना जाऊँगा। **राजकुमार व रामकुमार मेरे पिता के नाम है पिता को भी उक्त नाम से जाना जाए। नन्हू लाल पुत्र राजकुमार नि.ग्रा.खेड़ा मझखेड़ा, परगना जलालपुर तहसील-तिलहर, शाहजहाँपुर**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

सीयूजी नंबरों पर रामधुन लगाने की मांग

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने सीएम योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखकर सभी सीयूजी नंबरों पर रामधुन की कॉलर ट्यून लगाने की मांग की है। पत्र में विधायक ने कहा है कि रामधुन सुनने में रुचिकर लगेगी।

पिता की डांट से नाराज होकर घर से गया छात्र लौटा

बिशारतगंज, अमृत विचार : पिता की डांट से नाराज होकर घर से गया छात्र शुक्रवार को घर लौट आया।थाना क्षेत्र के अखा गांव से कक्षा 6 का एक छात्र वंश उर्फ अंशु अपने पिता की डांट से नाराज होकर बुधवार दोपहर से लापता हो गया था। परेशान पिता मोहनलाल ने गुरुवार को थाना पुलिस को लापता होने की तहरीर दी थी। शुक्रवार की अपराह्न लापता छात्र वापस घर आ गया। छात्र ने बताया कि वह पिता की डांट से परेशान होकर दिल्ली के लाल किला इलाके में चला गया था और शुक्रवार को घर लौट आया।

आंवला में रविवार को लगेगा पशु मेला

आंवला, अमृत विचार : नगर के सुभाष इंटर कालेज में रविवार को सुबह 8 बजे से पशुओं के इलाज के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में बीमार पशुओं की जांच के अलावा बांझपन की जांच एवं चिकित्सा, ऑपरेशन, पशुओं का कृत्रिम गर्भधान, बधियाकरण, गर्भ परीक्षण, पशु रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण, आदि विशेषज्ञ पशु डॉक्टर निशुल्क करेंगे। मेले का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद धर्मेंद्र कश्यप , बरेली सांसद संतोष गंगवार, वन मंत्री अरुण सक्सेना, विधायक राघवेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

पशु वध के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

बहेड़ी, अमृत विचार : अवैध स्लाटर हाउस में गैंग के रूप में काले पशुओं के वध करने के मामले में पुलिस ने 28 जनवरी को आसिफ लंगड़ा, समीर व अनीस को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि गैंग के दस सदस्य भाग गए थे। फरार आरोपी मदार चौक टांडा निवासी शाजिद उर्फ भूरा को शुक्रवार सुबह पुलिस ने वन विभाग तिराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर तमंचा व एक कारतूस भी बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस को ढाई क्विंअल मांस के साथ नौ जिंदा पशु मिले थे। सभी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। भूरा को गिरफ्तार जेल भेजने के साथ ही पुलिस बाकी बचे आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं।

कटी नहर से विद्यालय में भर रहा पानी, छात्रों को परेशानी

डीएम से शिकायत के बाद एसडीएम ने पहुंचकर किया मुआयना

संवाददाता, शीशगढ़

विद्यालय के मैदान में भरा नहर का पानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव बल्ली में स्थित प्राथमिक विद्यालय में नहर का पानी भरने से तालाब जैसा नजारा हो जाता है, वहीं पानी के साथ ही कीचड़ मैदान में जमा हो जाता है, इससे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

खमरिया कच्चे बांध से आने वाली वाली नहर बल्ली की बाजार पर लगभग 10 मीटर कटी हुई है, जिसकी वजह से पानी गांव के पंचायत घर, सरकारी स्कूल समेत पूरे गांव में फैल जाता है। बरसों से नहर कटी पड़ी है, लेकिन सिंचाई विभाग के कर्मचारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। नहर से निकलने वाली टेल गूलो पर भी लोगों ने कब्जा कर खेतों में मिल लिया है, जो ग्राम पंचायत के कार्यक्षेत्र में आती हैं जिनका रखरखाव ग्राम पंचायत करती है।टेल गुल पर अवैध कब्जा होने की वजह से किसानों को सिंचाई का पानी नहीं मिल पाता है। नहर नगला के बाग तक जाती है और आगे पानी जाने का रास्ता नहीं है जिसकी वजह से नहर का पानी फसलों को बर्बाद कर रहा है।

किसान नेता और पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार ने जिला अधिकारी से गत दिवस मिलकर शिकायत की तो एसडीएम मीरगंज ने मौके पर पहुंचकर राजस्व टीम से पैमाइश कराई और जल्द ही अवैध कब्जा हटवाकर नालों को खुदवाने के लिए ग्राम प्रधान के लिए कहा है। सिंचाई विभाग के एसडीओ ने बताया कि नहर से निकलने वाले नालों पर किसानों ने कब्जा कर खेतों में मिल लिया है जिसकी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। नहर के नाले राजस्व विभाग के कार्यक्षेत्र में आते हैं। राजस्व विभाग की टीम भी समस्या का समाधान करामें लगी है, जल्द ही नालों की खुदाई हो जाएगी तब नहर में पानी छोड़ा जाएगा और बल्ली बाजार पर टूटी पड़ी नहर का प्रस्ताव भेजकर मरम्मत कराई जाएगी।

ट्रेन से कटकर मानसिक मंदित महिला की मौत

संवाददाता, आंवला

● नईमा के पति सरफराज की करीब 10 साल पहले हो चुकी है मौत

अमृत विचार : बरेली-चंदौसी रेलवे मार्ग पर नूरपुर रेलवे फाटक और रेवती फाटक के मध्य एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फुन्दननगर ग्राम प्रधान अमजद हुसैन ने बताया कि गांव के करीम बख्श की बेटी नईमा (45) का निकाह अलीगंज के गांव शेखुपुर निवासी सरफराज के साथ हुआ था। उसके दो बेटियां और एक बेटा है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि उसका बेटा अविवाहित है और हिमाचल में फर्नीचर का काम करता है। नईमा के पति सरफराज की करीब 10 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। पति की मौत के बाद से नईमा मायके फुंदननगर में रहने लगी। मानसिक रोगी होने के चलते गुरुवार की शाम वह अचानक घर से लापता हो गई । शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे वह घर पहुंची और रजाई मांगी। उसके बाद वह पुनः लापता हो गई। उसके कुछ देर बाद उसकी ट्रेन से कटकर मौत की सूचना परिजनों को मिली। सूचना पर आंवला आरपीएफ चौकी के अनिल कुमार, नरेश घटना स्थल पर पहुंचे और आंवला पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं देर शाम पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया।

> शुक्रवार सुबह 5 :55 बजे मानसिक विक्षिप्त महिला की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। महिला की पहचान नईमा पत्नी स्वर्गीय सरफराज निवासी शेखूपुर थाना अलीगंज के रूप में हुई है। आंवला पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। –**अनिल कुमार** उपनिरीक्षक आरपीएफ चौकी आंवला

छात्र के पिता ने अज्ञात पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, हाफिजगंज

▸▸ पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र का गांव के पास फंदे पर लटका मिला था शव

अमृत विचार : हाफिजगंज में गुरुवार को फंदे पर झूलते मिले पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र के पिता ने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

एसएचओ ने तहरीर मिलने से इनकार करते हुए कहा कि मृतक छात्र के पिता की ओर से तहरीर आती है तो उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग आई है। हाफिजगंज के गांव परेवा कुर्मियान के चन्द्रपाल उर्फ पप्पू ने बताया कि उसके बेटे का शव जहां लटका मिला वहां यूकेलिप्टस के दो डंडे, शराब का पौवा, पेप्सी की बोतल, दो चाउमीन की प्लेटों के साथ ही एक गर्म टोप मिला है जो उसके बेटे की हत्या कर उसका शव लटकाए जाने की ओर इशारा कर रहे हैं।

दिल्ली में पीसीएस की तैयारी कर रहे परेवा कुर्मियान के किसान के बेटे लक्ष्मण 25 वर्ष का निर्वस्त्र शव गुरुवार सुबह धर्मपुर क्षेत्र के एक खेत में पेड़ से लटका हुआ मिला था। बुधवार शाम करीब 9 बजे आई अंतिम कॉल के दौरान लक्ष्मण ने अपने पिता से कहा था कि उसके पास पांच मिनट का समय है। परिवार के अन्य लोगों से उसकी बात करवा दो। मेरे लिए फंदा तैयार है और मेरे कपड़े भी निकल रहे है।

रेता-गिट्टी डालकर कीचड़ से दिलाई मुक्ति

खबर का असर

संवाददाता, बिशारतगंज

बारिश के बाद सड़क पर फैली कीचड़ में रेत और गिट्टी डालते श्रमिक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कस्बे में ठेकेदार और जल निगम की लापरवाही की वजह से दो माह से लोग परेशानी झेल रहे है, वहीं बुधवार रात को हुई रिमझिम बारिश से सड़क पर फैली कीचड़ की वजह से लोगों का चलना तक मुश्किल हो गया था। इस मामले को अमृत विचार ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसका संज्ञान लेते हुए जिम्मेदारों ने शुक्रवार को कीचड़ से पटी सड़कों पर बजरी और गिट्टी डालकर चलने योग्य बनाया।

कस्बे में दो माह से नगर के मुख्य मार्ग की सड़क को पीडब्ल्यूडी बना रहा हैं, नई बनाने के लिए पुरानी को उखाड़ दिया गया है। इसी बीच जल निगम पाइप लाइन बिछाने का कार्य करा हैं। सड़कों की खोदाई के बाद सही से समतल नहीं किया जा रहा हैं जिस कारण नगर वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को हुई हल्की बारिश से नगर का मुख्य मार्ग गड्ढों और भारी कीचड़ में तब्दील हो गया। जिस पर पूरा दिन राहगीर गिरते रहे, बूढ़े बच्चे घरों से नहीं निकले लोगों ने वीडियो बनाकर भी खूब वायरल की।जिसे अमृत विचार ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसका संज्ञान लेते हुए जल निगम ने शुक्रवार को नगर के मुख्य मार्ग पर बजरी मिक्स पत्थर डलवाकर रास्ता सुचारु कर दिया। जल निगम के जेई पिंटू ने बताया कि नगर वासी व व्यापारियों को हो रही परेशानी को देखते हुए रोड पर बजरी मिक्स पत्थर डलवा कर रास्ता सुचारु कर दिया गया है कुछ परिस्थितियों के कारण कार्य में देरी हुई है बहुत जल्द वह अपना कार्य पूरा कर पीडब्ल्यूडी को रोड बनाने का संदेश दे देंगे।

सार-संक्षेप

तहसीलदार ने निपटाया चकमार्ग का विवाद

नवाबगंज, अमृत विचार : महीनों से विवादित चल रहे ग्राम त्यार जागीर के चकमार्ग का मुद्दा शुक्रवार को तहसीलदार ने स्वयं पहुंचकर निपटाया। त्यार जागीर निवासी तिलकराम और उसके रिश्तेदार लायकराम के बीच एक चकमार्ग को लेकर लंबे अरसे से विवाद चल रहा था। शिकायतों पर राजस्व टीम इस चक मार्ग की कई बार पैमाइश कर चुकी थी, लेकिन चकमार्ग नहीं खुल सका। शनिवार को होने वाले जिलाधिकारी के समाधान दिवस से पूर्व शुक्रवार को तहसीलदार आशीष कुमार सिंह राजस्व टीम के आरआई मोरपाल व लेखपाल वीरेन्द्र पाल, तौफीक अहमद व बृजभूषण के साथ ही पुलिस बल को लेकर गांव पहुंचे और स्वयं पानी भरे खेतों में उतरकर खेतों की पैमाइश करा कर चकमार्ग को कब्जा मुक्त करा दिया।

महिला पर दबंग बना रहे जमीन खाली करने का दबाव

देवरनियां, अमृत विचार : कोतवाली देवरनियां की ग्राम पंचायत मंगतपुर में ग्राम समाज की भूमि पर झोपड़ी डालकर रह रही एक विधवा को गांव के कुछ दबंग परेशान कर जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं। पीड़िता ने दबंगों पर गांव छोड़ने और धर्म परिवर्तन करने करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता फूलावती ने बताया कि गांव के वर्तमान और पूर्व प्रधान समेत गांव के लोगों ने उसे ग्राम समाज की जमीन रहने के लिए दी है। वह वहां कई वर्षों से रह रही हैं। आरोप है कि गांव के कई दबंग उसे परेशान कर रहे उस पर जमीन खाली करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। उस पर जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाते हैं। विधवा ने जमीन का पट्टा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत एक पत्र तहसील में भी दिया गया है। इस विषय में इंस्पेक्टर देवरनियां देवेंद्र सिंह धामा का कहना है कि मामला जमीन संबंधित है धर्म परिवर्तन का आरोप गलत है। मामले की जांच की जा रही है।

गांव चलो अभियान सफल बनाने में जुटें कार्यकर्ता

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी फतेहगंज पश्चिमी मंडल की बैठक शुक्रवार को एक विद्यालय में हुई, जिसमें गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गईं। बतौर मुख्य अतिथि वीरेंद्र गंगवार (वीरु) और मंडल प्रभारी राजकुमार शर्मा ने कार्यकर्ताओं से गांव चलो अभियान में पार्टी नेतृत्व के ओर से दिए गए गांव चलो अभियान के मुख्य बिंदुओं को बताते हुए कहा मंडल के सभी बूथों में 4 से 11 फरवरी तक कार्यकर्ताओं को 24 घंटे प्रवास के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराना है। इसके अलावा भाजपा की गरीब कल्याण की नीतियों का प्रचार करना, बूथ समिति का सत्यापन, मतदाता सूची का निरीक्षण, लाभार्थी से संपर्क, युवाओं, किसान समूह, छात्र, खिलाड़ी, से संवाद आदि कार्य करना है इस मौके पर ब्रज क्षेत्र युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष धर्म विजय गंगवार, मण्डल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, नरोत्तम मौर्य ठाकुर संजीव सिंह, हरीश कातिब,धीरेन्द्र सिंह, मिथलेश कश्यप, कन्हैया लाल विद्याराम मौर्य, जोगेन्दर सिंह, पंकज गंगवार, राजेश राजपूत समेत अन्य रहे।

सपा महिला सभा में शब्बो को मिली जिम्मेदारी

देवरनियां, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी महिला सभा की भोजपुरा विधानसभा अध्यक्ष पद पर शब्बो खान की तीसरी बार ताजपोशी हुई है। उनका महिलाओं ने स्वागत किया। देवरनियां निवासी शब्बो खान लंबे समय से सपा से जुड़ी हुई हैं, उन्होंने पार्टी हित में कई काम किए। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष शांति सिंह ने अपनी कमेटी में उन्हें फिर जगह देते हुए भोजीपुरा क्षेत्र का तीसरी बार विधानसभा अध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति पर भारतीय चौहान, जिलाध्यक्ष शांति सिंह, सीमा श्रीवास्तव, रीना खान,मीना शाक्य, रिहाना बी,ऊषा यादव आदि ने बधाई दी हैं।

छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में अध्यापक पर रिपोर्ट दर्ज

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : अनुसूचित जाति की छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले अध्यापक के खिलाफ छात्रा के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा 9 छात्रा गत दिवस विद्यालय आई थी, जो किसी कार्य से प्रधानाचार्य के ऑफिस में गई थी। वहां पहले से मौजूद अध्यापक हरीश कुमार ने छात्रा से छेड़छाड़ की। छात्रा ने पूरी बात परिजनों को बताई तो परिजनों ने अध्यापक से शिकायत की तो अध्यापक ने परिजनों से ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने बताया कि उसने प्रधानाचार्य से भी शिकायत की, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की । परेशान छात्रा के पिता ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर श्यामवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर क्षेत्राधिकारी द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपी की तलाश जारी है

पशुओं के इलाज के लिए मोबाइल वैन को दें सूचना

दुनका, अमृत विचार : प्रदेश सरकार की ओर से पशुओं के इलाज के लिए मोबाइल वैन चलाकर गांव –गांव शिविर लगाकर पशुओं का इलाज किया जा रहा हैं। मोबाइल वैन में पशु डॉक्टर अनुराग दुबे स्वयं उपस्थित रहकर पशुओं का इलाज करते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से यह अभियान चलाया जा रहा है कोई पशु बीमार न रहे। हम रोज टीम के साथ गांव –गांव कैंप लगाकर निशुल्क दवाइयां वितरण कर रहे हैं । शुक्रवार को कमालपुर, जगदीशपुर, और पदमी में कैंप लगाकर दवाइयां वितरण की है।किसानों को बताया गया कि 1962 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर अपने जानवरों का इलाज कराए।

आंलवा में एसडीएम और सीओ ने किया पैदल मार्च



आंवला, अमृत विचार : ज्ञानवापी मामले में अदालत के फैसले के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। शुक्रवार को एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य, सीओ नीलेश मिश्र ने आंवला पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने जुमे की नमाज को लेकर नगर की मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात कर कड़ी चौकसी के निर्देश दिये। पुलिस कर्मियों ने संदिग्धों की तलाशी ली। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन चुनाव :अध्यक्ष और सचिव के लिए दो-दो प्रत्याशी मैदान में

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज बार एसोसिएशन चुनाव में नाम वापस लेने के बाद अध्यक्ष और सचिव पद के लिए दो- दो प्रत्याशी मैदान में हैं।12 फरवरी को अब पता चलेगा कि ताजपोशी किसके सिर होना हैं। मीरगंज बार एसोसिएशन में जैसे जैसे चुनाव का समय करीब आता जा रहा हैं, प्रचार के साथ ही रोमांच बढ़ता जा रहा हैं। शुक्रवार को नाम वापसी का दिन था जिसमें तीन अध्यक्ष और एक महासचिव प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस लें लिया। अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार उपाध्याय एडवोकेट और मजहर हुसैन एडवोकेट, जबकि महासचिव पद के लिए सतीश चंद्र और भगवान सिंह मैदान में शेष बचे हैं। शेष पदों पर केवल एक प्रत्याशी के नामांकन किए जाने के कारण उनका निर्विरोध चुनना तय हैं। चुनाव अधिकारी देवेश कुमार शर्मा एड. एवं सहायक चुनाव अधिकारी यशपाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि बार एसोसिएशन मीरगंज की चुनाव संबंधी तैयारी पूरी कर ली हैं। 69 मतदाता 12 फरवरी को अपने मत का प्रयोग कर अध्यक्ष व सचिव की किस्मत का फैसला करेंगे।

सड़क पर भिड़े सांड़, थमा ट्रैफिक

मीरगंज के सिरौली चौराहे पर शुक्रवार दोपहर में दो सांड आपस में लड़ रहे थे। इस दौरान हादसे से बचने के लिए बाइक सवार दूर ही वाहन खड़े कर उनकी लड़ाई देखते नजर आए। वहीं सवारी लेकर जा रहे एक टेंपो में एक सांड़ ने टक्कर मार दी,जिससे उसका अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चौराहे पर पहुंचे एक सिपाही ने डंडे मारकर सांड़ों को वहां से भगाया।

आग से ग्रामीण समेत छह पशु झुलसे

संवाददाता, बिशारतगंज

▸▸ दो व्यक्तियों पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का आरोप

▸▸ पशुपालक की पत्नी ने दो लोगों के खिलाफ दी तहरीर

अस्पताल में भर्ती आग से झुलसा युवक।

अमृत विचार : घर के पास बनी पशुशाला में आग लगने से छह पशु और एक ग्रामीण झुलस गया, पशुपालक की पत्नी ने गांव के ही एक नामजद और एक अज्ञात के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती। थाना क्षेत्र के गोकिलपुर गांव निवासी मैकूलाल की पत्नी लता देवी ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर से कुछ दूरी पर ही उसकी लकड़ी और पुआल की पशुशाला बनी है, जिसमें उसके छोटे -बड़े छह पशु बंधे रहते हैं और उसके पति भी उसी में सोते हैं। गुरुवार की रात करीब 8:00 बजे उसके पति पशुशाला में सो रहे थे। आरोप है कि इसी बीच गांव का एक व्यक्ति अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचा और दोनों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे पशुशाला में बंधे छह पशु झुलस गए। पशुओं को आग से बचाते समय मैकूलाल भी झुलस गए, पशुशाला में रखा पशुओं का भूसा भी जलकर राख हो गया।प्रभारी निरीक्षक दीपचंद ने बताया कि गोकुलपुर गांव तहसील सदर व थाना बिशारतगंज के अंतर्गत आता है जहां तहसील सदर की टीम मौके पर पहुंची है मैकूलाल की पत्नी लतादेवी ने गांव के ही एक व्यक्ति कालीचरण के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

कुलदीप कुमार बने बीडीओ मीरगंज

मीरगंज, अमृत विचार: कुलदीप कुमार ने शुक्रवार को मीरगंज ब्लॉक का चार्ज संभाल लिया। इससे पहले कमल सिंह चौहान के पास बीडीओ का चार्ज था। फिलहाल अग्रिम आदेशों तक बीडीओ कमल सिंह चौहान भी ब्लॉक में ही रहेंगे। नवागत बीडीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि वह इससे पहले 8 माह मझगवां में रहे। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य कराए जाएंगे।आम जन मानस की समस्याओं का समाधान कराना, और विकास खंड की प्रगति प्राथमिकता रहेगी

भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक की डूबने से हुई मौत

बहेड़ी, अमृत विचार : गांव आकराबाद के समीप स्थित नहर में भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक विष्णु कांत अग्रवाल का गुरुवार शाम शव मिलने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह डूबना बताया गया है।

शुक्रवार शाम को शव जब गांव सकरस पहुंचा तो कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। 27 जनवरी को गांव सकरस निवासी विष्णु कांत अग्रवाल किसी के फोन आने की बात कहकर रात करीब साढ़े आठ बजे घर से बाइक लेकर निकले थे। काफी वक्त तक न लौटने पर चिंतित परिजनों ने गांव के कुछ लोगों के साथ आसपास खोजबीन की। इसके अलावा नाते रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई, पर कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला। दो दिन बाद परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी दर्ज करने को तहरीर दी। गुरुवार शाम करीब पांच बजे नहर की तरफ गए कुछ बच्चों की नजर पानी में पड़े शव पर पड़ी तो उन्होंने गांव में जानकारी दी।सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी ।

अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

संवाददाता फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : नेशनल हाईवे धनेटा के पास अनियंत्रित कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर गंभीर घायल कर दिया। राहगीरों की मदद से उसके साथी ने उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

रामपुर के कोतवाली मिलक निवासी रंजीत सिंह अपने दोस्त विक्की के साथ बाइक से बरेली किसी कार्य से जा रहे थे। शुक्रवार करीब दो बजे जब वह धनेटा फाटक के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक हाईवे पर ही गिर गई। बाइक चालक रंजीत सिंह हेलमेट लगाए होने के कारण सिर में चोट नहीं लगने के कारण केवल चोटिल हो गए।लेकिन पीछे बैठे विक्की गंभीर घायल हो गए। कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया।

ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई आज रहेगी ठप

आंवला, अमृत विचार : आंवला ग्रामीण उपकेंद्र पर शनिवार को मरम्मत कार्य के चलते बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस विषय में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड आंवला प्रेमप्रकाश पाल ने बताया कि आंवला ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र के स्विच गियर एवं 33 केवी की लाइन का अनुरक्षण संबंधी कार्य किया जाना है। जिस कारण आंवला ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र के समस्त पोषकों की विद्युत आपूर्ति शनिवार को प्रात : 11 से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी।

फरारी के दौरान नगर पालिका में काम निपटाते रहे चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शराफत जरीवाला हत्या में नामजद हैं और पुलिस के अनुसार फरार चल रहे हैं। वहीं शुक्रवार को वह नगर पालिका परिषद के कार्यालय में बैठे देखे गए। इस दौरान पालिका सभासद अपने सभी कार्य कराते रहे। इससे पहले वह गणतंत्र दिवस समारोह में भी शामिल हुए थे। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने का कोई प्रयास नहीं कर रही। मृतक मजदूर की पत्नी का कहना है कि हमने कोई समझौता नहीं किया है।

जबरन समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। मेरे दोनों बच्चों के खाते में डेढ़-डेढ़ लाख रुपये दिए गए। मुझे कोई रुपया नहीं दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर रामसेवक ने कहा कि अभी कोई समझौता नहीं हुआ है। पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही हैं।

घर में घुसकर महिला से छेड़डाड़ विरोध पर पीटा

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने शुक्रवार देर रात थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह शाम करीब 8 बजे घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव के ही दो लोगों ने घर में घुसकर उससे छेड़छाड़ की, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की,उसके कपड़े भी फाड़ दिए। उसके शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए तो आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी।

अदालत जाने के लिए युवती ने परिजनों को खाने में दिया नशा

एक माह पहले प्रेमी के साथ कर ली कोर्ट मैरिज, घरवाले अंजान

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: घरवालों को भनक नहीं लगी और युवती ने पड़ोसी युवक के साथ प्रेम विवाह कर लिया। शादी पर कानूनी मुहर लगाने के लिए एक महीना पहले प्रयागराज हाईकोर्ट में अर्जी भी लगा रखी थी। शुक्रवार को युवती के कोर्ट में बयान दर्ज होने थे। इसके लिए उसने गुरुवार की शाम को परिजनों को नशा देकर बेसुध कर युवती प्रेमी के साथ निकल गई और अदालत पहुंच गई। इधर बेटी के घर से लापता होने पर बदहवास पिता खोजबीन में जुटे। थाने पहुंचे तो पुलिस से पता लगा कि युवती ने कोर्ट में शादी की अर्जी लगाई थी। इसे सुनकर परिवार वालों के होश उड़ गए।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक

घरवालों को नशा देकर प्रेमी के साथ गई युवती

गांव के युवक-युवती दोनों पड़ोसी हैं। इनमें प्रेम प्रसंग हो गया। परिवार वाले शादी को रजामंद नहीं होते। इसी उलझन के बीच दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। करीब एक महीना पहले युवती ने युवक के साथ प्रेम विवाह करने के लिए प्रयागराज हाईकोर्ट में आवेदन किया था। शुक्रवार को उसके बयान की तारीख थी। दूसरी तरफ परिजन इस पूरे घटनाक्रम से अंजान थे। गुरुवार रात युवती की प्रेमी से बातचीत हुई।

बताते हैं कि उसके बाद युवती ने शाम को परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ खिला दिया। नशे में घर वाले गहरी नींद सो गए। इसी बीच युवती अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई। शुक्रवार सुबह जब परिजन सोकर जागे तो युवती को गायब देखकर उनके होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका।

आखिर में परेशान पिता थाने पहुंचे। इस उम्मीद में कि पुलिस की मदद से बेटी की तलाश करेंगे। जहां पुलिस ने उन्हें बताया कि युवती ने कोर्ट में शादी के लिए आवेदन किया था। उसकी जांच आई थी। शुक्रवार को उसके कोर्ट में बयान की तारीख थी। यह सुनकर युवती के पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। बाद में उन्होंने बेटी को ले जाने वाले युवक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रेन की चपेट में आए मानसिक मंदित की मौत

पीलीभीत। टनकपुर की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर मानसिक मंदित की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम को भेजा। हादसे के बाद कुछ देर ट्रेन भी रुकी रही। पीलीभीत-टनकपुर रेलखंड पर थाना न्यूरिया क्षेत्र के मैदना के पास पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग पर शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे एक युवक टनकपुर से आने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया। बताते हैं कि युवक साइकिल पर सवार होकर आया था और साइकिल खड़ी कर अचानक ट्रैक पर आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर थाना न्यूरिया पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त मैथी सैदुल्लागंज निवासी 28 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक मानसिक मंदित था। उसका बरेली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा था।

बाइक की टक्कर से युवक की मौत

पिपरिया धनी। गांव साहबगंज निवासी प्रमोद कुमार (34) पुत्र जयपाल गुरुवार शाम लगभग 8:30 बजे अपने रिश्तेदार को लेने सड़क पर आए थे। वह दीनदयाल उपाध्याय कन्या इंटर कॉलेज की तरफ रोड की पटरी से नीचे खड़े थे। इसी बीच एक अनियंत्रित बाइक ने प्रमोद कुमार को टक्कर मार दी। इससे प्रमोद और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सीएचसी मोहम्मदी लाया गया, जहां प्रमोद कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं बाइक चालक को लखनऊ रेफर किया गया है। बाइक सवार की पहचान गांव परेली निवासी विवेक कश्यप के रूप में हुई है।

तीन माह के तेंदुआ शावक की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

जंगल के नजदीक भूड़ा सरैंदा गांव में नाले के पास मिला शव

अमृत विचार: जंगल के नजदीक भूड़ा सरैंदा गांव में नाले के नजदीक मादा तेंदुआ (शावक) का शव मिला है। उसकी किसी वाहन की टक्कर से मौत की आशंका जताई गई है। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पड़ताल की। तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

गजरौला क्षेत्र का ग्राम भूड़ा सरैंदा जंगल से सटा हुआ है। आए दिन आबादी के नजदीक जंगल से निकले वन्यजीवों की दस्तक बनी रहती है। खेतों में भी कई बार बाघ व तेंदुए दिखाई दिए हैं। शुक्रवार शाम को ग्रामीण खेतों की तरफ जा रहे थे कि रास्ते में नाले के पास एक मादा तेंदुए का शव पड़ा था। जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही भी लगी रहती है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। डिप्टी रेंजर शेर सिंह, वन दरोगा नवीन सिंह बोरा, गौरव कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मुआयना किया गया। इसके बाद शव को टीम कब्जे में लेकर चली गई। मादा तेंदुए की उम्र करीब तीन माह बताई जा रही है। सामाजिक वानिकी के डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल का कहना है कि सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी की टीम मौके पर गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

साल के पहले दिन बरखेड़ा में मिला था शव

साल की शुरुआत में एक जनवरी को भी एक तेंदुए की वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। जंगल से दूर बरखेड़ा थाना क्षेत्र के जारकलिया गांव में सड़क पर तेंदुए का शव मिला था। टीम ने पहुंचकर जानकारी की थी। किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर लगने से उसकी मौत हुई थी। तेंदुए का पोस्टमार्टम तीन पशु चिकित्सकों के पैनल से कराया गया था।

ट्रक-मैजिक की टक्कर में दो की मौत

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

लखीमपुर से गोला जा रही थी मैजिक, पंडित दीन दयाल कॉलेज के पास हुआ हादसा

अमृत विचार: गोला रोड पर शुक्रवार की सुबह भीषण हादसा हो गया। मौरंग भरकर जा रहे ट्रक और तेज रफ्तार मैजिक वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई की मैजिक के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार चालक समेत सभी सात यात्री घायल हो गए।

सूचना पाकर एसपी और एसडीएम श्रद्धा सिंह मौके पर पहुंची और जेसीबी आदि की मदद से किसी तरह ट्रक में फंसी मैजिक को निकलवाने के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने दो बुजुर्गों को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसा सुबह करीब आठ बजे पंडित दीन दयाल कॉलेज के पास हुआ। बताते हैं कि एक मैजिक सवारियां भरकर गोला की तरफ से तेज रफ्तार जा रही थी। इसी बीच गोला की ओर से मौरंग भरकर आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ जुट गई।

सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने तत्काल जेसीबी मंगाई और ट्रक में फंसी मैजिक को कटवाकर बड़ी मुश्किल से अलग कराया। हादसे में घायल मैजिक सवार शिवकुमार (60) निवासी हाफिजपुर ललनापर थाना गोला, जिला मऊ के गांव पढुआ गोदाम निवासी अभिषेक यादव (22), थाना फरधान के गांव पचपेड़ा निवासी रमाशंकर शुक्ला (32), चालक नीलेश कुमार (28), रामदेवी (35), नकहा निवासी मोहन (28) व किशोरी लाल तिवारी(65) निवासी पुरैना, थाना फरधान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने शिवकुमार और किशोरी लाल तिवारी को मृत घोषित कर दिया। चालक नीलेश की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर किया गया है। एडीएम संजय सिंह और एसडीएम सदर जिला अस्पताल पहुंची। घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों से भी जानकारी ली। घायलों को बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

रमेश हत्याकांड का आरोपी हरिंद्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

पसगवां, अमृत विचार : मुस्तफाबाद में सपा नेता रमेश यादव हत्याकांड मामले में हत्यारोपित हरिन्द्र उर्फ हरजिंदर उर्फ मझिले को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। उसके दाएं पैर में गोली लगी है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि रमेश यादव हत्याकांड की वारदात के बाद नामजद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस टीम ढंढेल के पास मढ़िया तिराहा के करीब पहुंची तो वहां पर छिपे आरोपी हरेंद्र ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में हरेंद्र के दाएं पैर में गोली लगी। गोली लगने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मुझे नहीं, जिले को नुकसान पहुंचाने की थी साजिश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री बोले- जिले को मुख्यमंत्री से संबंधों का लाभ दिलाने में बाधा बने विरोधी

अमृत विचार : शिष्या से दुष्कर्म के आरोप से कोर्ट से बरी होने के बाद पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि जिले को नुकसान पहुंचाने के लिए उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश रची गई थी। जिसका अब पटाक्षेप हो गया। शुक्रवार को वह एसएस लॉ कॉलेज के सभागार में मीडिया से वार्ता कर रहे थे। छवि धूमिल किए जाने के पीछे वह राजनीति वर्चस्व स्थापित करने वाले विरोधियों पर निशाना साधते नजर आए। उन्होंने इशारों-इशारों में कहा कि राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई के साथ उनके खिलाफ साजिश की गई।

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाहजहांपुर को सुदामापुरी बनाएं यह मेरा सपना था। मुख्यमंत्री के संबंधों का लाभ जनपद को देना चाहता था, लेकिन नहीं दे पाया। कुछ लोगों ने निजी लाभ के लिए बाधा पहुंचाई और परिणाम यह हुआ कि जनपद में जो काम हुए हैं वह निजी लाभ के लिए ज्यादा हुए हैं। आम जनता के लिए कम हुए हैं। गांवों की दशा जस की तस बनी हुई है। शिष्या से दुष्कर्म मामले में बोले कि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया पर मेरा पूरा विश्वास है और उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया का पूरा सम्मान किया। उन्हें स्टे और जमानत हाईकोर्ट से मिली और न्याय डिस्टिक कोर्ट से मिला।

न्याय पालिका को लेकर कोई शिकायत नहीं है। आरोप लगाकर छवि खराब करने वालों पर कार्रवाई किए जाने के सवाल पर बोले, नहीं हम कुछ नहीं चाहेंगे, उन्होंने अपना काम किया है, न्यायालय ने अपना काम किया है और ईश्वर अपना काम कर रहा है। वह वर्ष 2019 से राजनीति से अलग हैं, तब से आज तक वह किसी भी सार्वजनिक मंच पर न नजर आए हैं और न आएंगे। कहा कि मेरी छवि धूमिल किए जाने के पीछे लॉ कॉलेज को नुकसान पहुंचाने की साजिश थी, क्योंकि वर्ष 2018 में जब युवा महोत्सव के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में आए थे।

हत्या में दो भाइयों समेत तीन दोषियों को उम्र कैद

बदायूं, अमृत विचार : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमारी ने हत्या के मामले में दो सगे भाई समेत तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 20-20 हजार रुपये जुर्माना डाला है। अभियोजन पक्ष के अनुसार उसावां क्षेत्र के गांव उदैय्या नगला निवासी वादी मुकदमा शिवदत्त पुत्र बाबूराम ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी बहन जवानश्री और भतीजी मीरा देवी की शादी जिला कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव जयकिशन नगला हुई है। वह बहन और भतीजी के घर आते-जाते रहते हैं। गांव जयकिशन नगला निवासी भूरे शराब पीकर अपनी पत्नी आशा देवी को मारता-पीटता है। जिसकी वजह से आशा उनके भतीजे घनश्याम के साथ चली आई थी। हंसी खुशी से उसके साथ में रहने लगी।

सम्मन मुद्दालय
व अदालत उपजिलाधिकारी न्यायिक आँवला जिला बरेली।
मुकदमा नं.-867 सन्-2019
मद्दई
सत्यपाल आदि बनाम मुनीश गुप्ता आदि
धारा 116 उ.प्र. रा. संहिता
ग्राम कैमुआ, परगना बल्लिया, तहसील आंवला, जिला बरेली।

बनाम सत्यपाल पुत्र उमराव व सुरेन्द्र शर्मा पुत्र रामऔतार व आशीष पुत्र रामऔतार व अनुज नाबालिग पुत्र रामऔतार संरक्षक सुरेन्द्र शर्मा पुत्र रामऔतार सगा भाई समस्त निवासीगण ग्राम कैमुआ पोस्ट चाढ़पुर तहसील आंवला जिला बरेली।

मुद्दालय

चूँकि मुसम्मी मुनीश गुप्ता पुत्र ब्रजपाल गुप्ता द्वारा आपके नाम एक नालिश वास्ते पुर्नस्थापन प्रार्थना पत्र के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 14.02.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी बाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा आज बतारीख 31-01-24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

उपजिलाधिकारी न्यायिक
आंवला (बरेली)

कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

विकास ज्योति, प्रियदर्शिनी नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.)
Website : www.bdainfo.org, Email : bdabareilly@yahoo.com, blyda@up.nic.in

पत्रांक : 3237/का.ब.वि.प्रा./2023-24 दिनांक 02.02.2024

लॉटरी-ड्रॉ सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बरेली विकास प्राधिकरण की ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के सेक्टर-1बी में स्थित विभिन्न क्षेत्रफलों के आवासीय भूखण्डों हेतु ऑनलाइन व ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन-पत्र दिनांक 06.11.2023 से 05.12.2023 तक आमंत्रित किये गये थे। उक्त पंजीकरण अवधि में प्राप्त पात्र आवेदकों की सूची प्राधिकरण की बेबसाइट www.bdainfo.org पर अपलोड कर दी गयी है। यदि किसी आवेदक को उक्त सूची में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 09.02.2024 सायं 5:00 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में या प्राधिकरण की ई-मेल आई.डी. bdaproperty19@gmail.com पर दर्ज करा सकता है। पंजीकरण अवधि में प्राप्त पात्र आवेदनों के मध्य भूखण्डों का आवंटन लॉटरी ड्रॉ के माध्यम से दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से रामगंगानगर आवासीय योजना के सेक्टर-2 में प्राधिकरण के निर्माणाधीन नवीन कार्यालय में किया जायेगा। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध है कि वह लॉटरी ड्रॉ में प्रतिभाग कर सकते हैं।

उपाध्यक्ष

कार्यालय प्रभारी निरीक्षक थाना उसहैत, बदायूँ

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.02.2024 को थाना उसहैत पर दो पहिया व चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों की नीलामी की जायेगी। सुबह 10 बजे निर्धारित प्रपत्रों के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें। एक लाख रूपये का डी.डी. श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ के नाम दिनांक 06.02.2024 तक ही जमा किया जायेगा।

प्रभारी निरीक्षक
थाना उसहैत, बदायूँ

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद-बदायूँ

पत्रांक : समग्र शिक्षा/फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट/10319-25/2022-23 दिनांक : 2 फरवरी 2024

फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट क्रय हेतु निविदा/विज्ञप्ति सूचना

वर्ष 2023-24 हेतु जनपद बदायूँ में संचालित उच्चीकृत 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट क्रय हेतु जेम पोर्टल पर बिड-GEM/2024/B/4462699 दिनांक 20 जनवरी 2024 द्वारा निविदाएं दिनांक 30 जनवरी 2024 तक आमंत्रित की गयी थी। किन्तु किसी भी फर्म द्वारा निविदाएं प्राप्त न होने की स्थिति में निविदा आमंत्रण हेतु समय अवधि दिनांक 07 फरवरी 2024 तक बढ़ाई जाती है।

(स्वाती भारती)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बदायूँ

कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 1621(5)/न.पा.परि.ज./नि.सू./2023-24 दिनांक : 01 फरवरी 2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद जलालाबाद, शाहजहाँपुर में 15वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी, महोदय, शाहजहाँपुर के कार्यवृत्त दिनांक 26.12.2023 के द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अनुपालन में निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक निम्नलिखित शर्तों एवं नियमों के अधीन मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय किए जा सकते हैं। निविदायें अपरान्ह 2 बजकर 15 मिनट पर खोली जायेंगी। निविदा के साथ 100/- रू. का जनरल स्टाम्प स्वघोषणा पत्र लगा होना आवश्यक है। आगणन, नियम व शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखे का सकते हैं।

क्र.सं.	विवरण	आगणन धनराशि	धरोहर राशि	निविदा मूल्य+ G.S.T.	कार्य आपूर्ति अवधि
1.	नगर पालिका सीमान्तर्गत ईदगाह से सूरज पाल की दुकान तक नाला मरम्मत कार्य।	497755.00	49776.00	588.00	02 माह
2.	नगर पालिका सीमान्तर्गत मण्डी गेट से ईदगाह तक नाला निर्माण कार्य।	483842.00	48384.00	571.00	02 माह
3.	वार्ड राम नगर होली चौक में श्री प्रदीप मिश्रा के मकान तक पास इण्टरलॉगिग कार्य।	160627.00	16063.00	190.00	02 माह
4.	वार्ड निजाम नगर में श्री करीम उल्ला कुरैशी के मकान से श्री जाहिद कुरैशी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं एल टाईप नाली निर्माण कार्य।	307409.00	30741.00	126.00	02 माह
5.	वार्ड रमजान नगर में श्री नंदराम के मकान से श्री पंकज के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
6.	वार्ड अंगद नगर में श्री पंजाबी अवस्थी के मकान से स्व. मुन्ना अग्निहोत्री के मकान तक नाली निर्माण एवं इंटरलॉकिंग का उच्चीकरण का कार्य।	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
7.	वार्ड नवीन नगर में श्री राकेश शर्मा के मकान से दरगाह रोड तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
8.	वार्ड परशुरामपुरी से श्री मंगल शेर कश्यप के मकान से श्री गोधन के मकान तक सी.सी मार्ग एवं नाली निर्माण।	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
9.	वार्ड रमजान नगर में मिनी ट्यूब वैल स्थापना	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
10.	वार्ड अशफाक नगर में मिनी टयूब वैल स्थापना	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
11.	वार्ड इसरार नगर में मिनी ट्यूब वैल स्थापना	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
12.	वार्ड निजाम नगर में मिनी टयूब वैल स्थापना	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
13.	वार्ड परशुरामपुरी में मिनी टयूब वैल स्थापना	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
14.	वार्ड मुशताक नगर में मिनी ट्यूब वैल स्थापना	499102.00	49910.00	590.00	02 माह
15.	वार्ड राम नगर में मिनी टयूब वैल स्थापना	499102.00	49910.00	590.00	02 माह

नियम व शर्तें :-

1. निविदादाता/ठेकेदार का पंजीयन श्रम विभाग, शाहजहाँपुर में होना अनिवार्य है।
2. निविदादाता को निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा। बिना जमानत धनराशि के प्राप्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जमानत की यह धनराशि एफ.डी.आर./नकद/एन.एस.सी. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर के पक्ष में बंधक होना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा विलम्ब होने की दशा में दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है। जिसके अन्तर्गत जमा जमानत की जब्ती एवं लेखा/अनुबन्ध भी निरस्त किया जाना एवं जुर्माना भी लगाया जा सकता है।
4. निविदादाता/ठेकेदार के बिल से नियमानुसार आय कर/जी.एस.टी./सेस कर/ई.पी.एफ. की कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।
5. निविदादाता को अपनी निविदा की दर ओवरआल प्रतिशत में देना होगा।
6. प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत तथा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
7. कार्य प्रारम्भ से पूर्व, कार्य के दौरान, कार्य समाप्ति के पश्चात ठेकेदार को कार्य स्थल के फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।
8. प्रत्येक कार्य हेतु प्रथक-प्रथक लिफाफे में निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी।
9. निविदा स्वीकृत/कार्यादेश निर्गत उपरान्त निविदा से सम्बन्धित कार्य का पंजीयन सहायक श्रमायुक्त कार्यालय शाहजहाँपुर में काम्र स्थल वार प्रत्येक कार्य स्थल का अलग-अलग कराना होगा। अन्यथा भुगतान स्थगित रखा जायेगा।
10. निविदादाता का ई.पी.एफ. में पंजीयन होना अनिवार्य है तथा श्रमिकों का ई.पी.एफ. जमा कर ई.सी.आर. कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसके लिए ई.पी.एफ. एक्ट 1952 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था का स्वयं उत्तरदायित्व होगा।
11. सभी निविदादाताओं को निविदा के साथ T-4, T-5, GST, EPF पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. निविदादाता/ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की परीक्षण रिपोर्ट अपने व्यय पर कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13. निविदा के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालाबाद द्वारा निर्गत अदेय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी

(शकील अहमद खाँ)
अध्यक्ष

कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक : 247/न.पं.ब./निविदा सूचना/2023-24 दिनांक : 01 फरवरी 2024

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि	जमानत की धनराशि 10%	निविदा प्रपत्र का मूल्य मय GST	कार्य पूर्ण करने कीअवधि
1.	मो. मुरादपुर तृतीय में महबूब के मकान से आजाद मन्सूरी के मकान तक नाली व इण्टर लॉक सड़क निर्माण कार्य।	288964.00	24488.00	341.00	दो माह
2.	मो. गुरूनानक कालोनी में अरोड़ा जी के मकान से मेंहदी हसन के मकान तक नाली व इटण्लॉक सड़क निर्माण कार्य।	378764.00	32099.00	447.00	दो माह
3.	मो. गुरूनानक कालोनी में राधेश्याम के मकान से फखरूद्दीन के मकान तक पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त सी.सी. सड़क पर नाली व इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य।	303715.00	25739.00	358.00	दो माह
4.	मो. चरनदास कालोनी में सुरेश वर्मा के मकान से प्रमोद के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य।	431325.00	36553.00	509.00	दो माह
5.	मो. रामनगर कालोनी में डॉ. ओमकार सक्सेना के मकान से कृष्णानंद स्कूल के पीछे गेट तक नाली व इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य।	481856.00	40835.00	569.00	दो माह
6.	मो. धर्मापुर में नन्हें त्रिवेदी के मकान से मुख्य मार्ग पर कल्लू के मकान तक नाली व इंटरलॉक सड़क निर्माण कार्य।	439897.00	37110.00	517.00	दो माह
7.	मो. बालाजी नगर में प्राथमिक विद्यालय-2 से खाद गोदाम तक इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य।	310695.00	26330.00	367.00	दो माह
8.	मो. ब्रजपाल नगर में तिरमल के प्लाट से मूंगलाल के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य।	418466.00	35463.00	494.00	दो माह
9.	मो. रामनगर कालोनी में टोड़ी के मकान से कल्लू के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य।	339907.00	28806.00	401.00	दो माह

2. कार्यालय में निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता की तिथि 13.02.2024 को 2:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान 15.02.2024 समय 4:00 बजे अपरान्ह तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे से स्थान-कार्यालय नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर।

नियम एवं शर्तें :-

1. निविदा मूल्य की धनराशि नगर पंचायत बण्डा के खाता संख्या 39387943424 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बण्डा (IFSC-SBIN0011186) में जमा पर्ची के द्वारा सीधे कैश डिपॉजिट करके अथ्वा नेट बैंकिंग/आर.टी.जी.एस./ई.ई.एफ.टी. के माध्यम से आनलाइन ट्रांसफर करके जमा रसीद की फोटोकॉपी संलग्न करनी होगी अथवा कार्यालय में नकद धनराशि जमा करके रसीद की फोटोकापी संलग्न की जा सकती है।
2. निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि, जिसका उल्लेख उपरोक्त सूची के कालम सं.-4 में है, के रूप में एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बण्डा के पक्ष में बन्धक हो, की मूल प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
3. उपरोक्त कार्यों से सम्बन्धित अन्य विस्तृत शर्तें व जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(सत्येन्द्र प्रकाश)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, बण्डा, शाहजहाँपुर

(मो. इसहाक)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करने या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32ः 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांक्षित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

प्रसंगवश

भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया, यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

दो नोबेल विजेताओं की दास्तां

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं, मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया ः "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया ः नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा ः "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है, बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

सोशल फोरम

डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं, आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में, तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं, लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं। देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है।

कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

–फेसबुक वॉल से

द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो, वर्ग संघर्ष हो, जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व, समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं, भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है, मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है, जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध, महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका

डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति, धमकी, राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं, जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है, जो शांति, अहिंसा, सहनशीलता, सौहार्द, धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र, लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

पिता के साथ चलाया हल, अब बने मुख्यमंत्री, माने जाते हैं शीबू सोरेन के करीबी

चंपई सोरेन: आंदोलन में योगदान से बने झारखंड टाइगर

रांची, एजेंसी

झारखंड में सरायकेला-खरसांवा जिले के जिलिंगगोड़ा गांव में कभी अपने पिता के साथ खेतों में हल चलाने वाले चंपई सोरेन राजनीति में एक लंबा सफर तय कर राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे हैं। अलग राज्य के लिए 1990 के दशक में चले लंबे आंदोलन में अपने योगदान को लेकर चंपई (67) झारखंड टाइगर के नाम से भी जाने जाते हैं। बिहार के दक्षिणी हिस्से को विभाजित कर वर्ष 2000 में झारखंड का गठन किया गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख शिबू सोरेन के वफादार माने जाने वाले चंपई, धन शोधन के एक मामले में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने के बाद झामुमो विधायक दल के नेता चुने गए। मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की बागडोर संभालने वाले चंपई सातवें व्यक्ति हैं। उनसे पहले बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, रघुवर दास और हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री रहे।

शिबू सोरेन और उनके बेटे हेमंत के बाद झामुमो से मुख्यमंत्री बनने वाले वह तीसरे नेता हैं। चंपई ने झामुमो विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद कहा, मैं अपने पिता (सिमल सोरेन) के साथ खेतों में काम किया करता था... अब किस्मत ने मुझे एक अलग भूमिका निभाने का मौका दिया है। सरकारी स्कूल से मैट्रिक तक की पढ़ाई करने वाले चंपई की शादी काफी कम उम्र में ही हो गई थी। उनके चार बेटे और तीन बेटियां हैं।

1991 में की राजनीति की शुरुआत

चंपई सोरेन ने 1991 में सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक चुने जाने के साथ अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। इसके चार साल बाद उन्होंने झामुमो के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा और भाजपा उम्मीदवार पंचू टुडू को हराया था। वहीं, 2000 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट पर वह भाजपा के अनंत राम टुडू से हार गए। उन्होंने 2005 में, भाजपा उम्मीदवार को 880 मतों के अंतर से शिकस्त देकर इस सीट पर फिर से अपना कब्जा जमा लिया। चंपई ने 2009, 2014 और 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। वह सितंबर 2010 से जनवरी 2013 के बीच अर्जुन मुंडा नीत भाजपा-झामुमो गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

त्रिपुरा: भाजपा की 73 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति घोषित

अगरतला। त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा ने लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले 73 सदस्यीय राज्य कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। मुख्यमंत्री माणिक साहा, राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय सामाजिक अधिकारिता एवं सामाजिक न्याय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक और पूर्व उपमुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा सहित राज्य में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को गुरुवार रात घोषित समिति में शामिल किया गया है। समिति में 14 आमंत्रित सदस्य हैं। पार्टी की राज्य इकाई के 18 पदाधिकारियों के नाम की घोषणा तीस दिसंबर को की गई थी। चुनाव को ध्यान में रखते हुए, भाजपा की राज्य इकाई ने महिला मोर्चा और युवा मोर्चा सहित अपने सभी अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों की समितियों का पुनर्गठन किया है।

सूरजकुंड शिल्प मेले में संस्कृति की झलक...

हरियाणा के फ़रीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के उद्घाटन के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

एक नजर

केजरीवाल, आतिशी के आवास पर पहुंची पुलिस

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के कुछ विधायकों की खरीद-फरोख्त करने का प्रयास करने संबंधी अरविंद केजरीवाल और मंत्रिमंडल में उनकी सहयोगी आतिशी के दावे की जांच के सिलसिले में उन्हें नोटिस तामील करने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम शुक्रवार को दोनों नेताओं के आधिकारिक आवास पर गई। हालांकि दिल्ली पुलिस 'आप' के दोनों नेताओं को नोटिस नहीं सौंप सकी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, टीम उन्हें नोटिस देने के लिए शनिवार को फिर से उनके आवास पर जाएंगी। यह घटनाक्रम भाजपा की दिल्ली इकाई द्वारा इस मामले में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शिकायत सौंपने के कुछ दिनों बाद हुआ है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल को नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।

सीरियल ब्लास्ट की धमकी भरे संदेश के बाद अलर्ट

मुंबई। मुंबई महानगर में शुक्रवार को सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी भरे संदेश मिलने के बाद अलर्ट मुंबई पुलिस ने तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को आज सुबह एक अज्ञात व्यक्ति से धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि शहर में छह स्थानों पर विस्फोटक रखे गये हैं। इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया। मुंबई पुलिस की साइबर सेल और अपराध शाखा संयुक्त रूप से संदेश भेजने वाले व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

विस्फोटक उपकरण को कुत्ते ने चबाया, धमाके के बाद मौत

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में खुले में फेंके गए विस्फोटक उपकरण को एक कुत्ते ने चबा लिया। इसके बाद उसमें विस्फोट हो गया और उसकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार की रात शाहपुर के एक फार्महाउस में हुई। फार्महाउस के चौकीदार बालू दामू महालुंगे (50) ने पुलिस को बताया कि परिसर में रहने वाला एक कुत्ता बाहर से मुंह में एक वस्तु लेकर लौटा था। अधिकारी ने बताया कि कुत्ते ने उस वस्तु को चबाया जिससे विस्फोट हो गया और जानवर की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शाहपुर पुलिस ने गुरुवार को केस दर्ज किया है।

असम के शिवसागर में मृत मिले दो तेंदुए

जोरहाट। असम के शिवसागर के खोरोंगा लोनपोटिया इलाके में दो तेंदुए क शव बरामद किए गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खोरोंगा लोनपोटिया इलाके में स्थानीय लोगों ने मृत जानवरों को देखा और उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी। मृत तेंदुओं में एक नर तथा दूसरी मादा है और दोनों जानवर वयस्क है। इन जानवरों की चार दिन पहले मौत होने की आशंका है।

ओबीसी आयोग का पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने केंद्रीय ओबीसी सूची में 87 जातियों को शामिल करने के लिए संबंधित जानकारी नहीं देने पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है और राज्य सरकार के मुख्य सचिव को आठ फरवरी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पिछले वर्ष छह सितंबर को पश्चिम बंगाल राज्य सरकार से 87 जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु उनके सामाजिक और आर्थिक स्थिति संबंधी जानकारी और आंकडे मांगे गए थे जिसकी जानकारी आयोग को नहीं दी गई है।

इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा के लिए नहीं : जयराम रमेश

कांग्रेस महासचिव ने कहा-27 दलों का गठबंधन बरकरार, मिलकर लड़ेंगे चुनाव

रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए है, किसी राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं और 27 दलों का विपक्षी गठबंधन बरकरार है तथा यह साथ मिलकर लड़ेगा। बिहार में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ कर नीतीश कुमार नीत जनता दल (यूनाइटेड) हाल ही में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया। इस तरह अब विपक्षी गठबंधन में 27 दल रह गए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन आम चुनाव के लिए है और पश्चिम बंगाल या महाराष्ट्र या किसी अन्य राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए नहीं। रमेश ने कहा कि हालांकि, महाराष्ट्र में कांग्रेस, (शरद पवार नीत) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना (यूबीटी) के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा, जबकि अन्य राज्यों के चुनावों में इंडिया के साझेदारों के बीच कोई गठजोड़ नहीं होगा। उन्होंने बीरभूम जिले के रामपुरहाट में संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोकसभा चुनावों के लिए, 27 दलों का इंडिया गठबंधन है और यह साथ मिलकर लड़ेगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा को शिकस्त देने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इसलिए इनकी रक्षा करने के लिए भाजपा को शिकस्त देना जरूरी है।

टीएमसी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है : राहुल

बहरामपुर (पश्चिम बंगाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा कर रही है और मुद्दे का समाधान निकल जाएगा। गांधी ने गुरुवार रात पश्चिम बंगाल में पार्टी के डिजिटल मीडिया योद्धाओं के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

सपा-कांग्रेस ने सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया : राम गोपाल

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस और अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली उनकी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सपा जल्द ही और प्रत्याशी घोषित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ जा सकती है, यादव ने कहा कि दोनों पार्टियां पहले ही एक समझौते पर पहुंच चुकी हैं। यादव ने कहा, "हमने 16 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। हम कुछ दिनों में और सीटें घोषित करेंगे। कांग्रेस और सपा उत्तर प्रदेश में अंतिम समझौते पर पहुंच गए हैं। दिया कि आगामी चुनाव संविधान को बचाने" के बारे में होंगे। उन्होंने कहा, "यह एक महत्वपूर्ण चुनाव है। यह संविधान को बचाने का चुनाव है। इसमें और देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, चुनाव जमीनी स्तर पर लड़ा जाता है। अगर समय पर उम्मीदवार तय हो जाएंगे तो उन्हें भाजपा के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ने का समय मिलेगा।

फिलिस्तीनी पत्रकार को केरल मीडिया अकादमी पुरस्कार

कोच्चि। अल जजीरा समाचार चैनल के गाजा ब्यूरो के प्रमुख वाएल अल-दहदौह को केरल मीडिया अकादमी (केएमए) के मीडियापर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चुना गया है। दहदौह ने गाजा पर इजराइली हमले में अपनी पत्नी और दो बच्चों को गंवाने के बावजूद युद्धग्रस्त क्षेत्र से रिपोर्टिंग जारी रखी थी। केएमए ने कहा कि पुरस्कार में एक लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक मूर्ति शामिल है और इसे मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन प्रदान करेंगे। केएमए के अध्यक्ष आरएस बाबू ने कहा कि कतर के एक अस्पताल में इलाज करा रहे दहदौह ने केरल के पुरस्कार को एक अमूल्य सम्मान बताया। इसमें कहा गया है कि खोजी पत्रकारों के एक संघ और मीडिया पत्रिकाओं के संपादकों की एक समिति की सिफारिशों के बाद दहदौह का चयन किया गया। इजराइल द्वारा गाजा पर की गई बमबारी में फलस्तीनी पत्रकार की पत्नी, दो बच्चों और एक पोते की मौत हो गई थी।

भाजपा और आप के विरोध प्रदर्शन से मध्य दिल्ली जाम

नई दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान आप समर्थकों को रोकते पुलिसकर्मी। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करने वाले 27 आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

भ्रष्टाचार और चंडीगढ़ में हुए महापौर पद के चुनाव में गड़बड़ी को लेकर भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर एक-दूसरे से कुछ सौ मीटर दूरी पर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़कों पर बड़े पैमाने पर बैरिकेड लगा दिए गए और पुलिसकर्मियों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई। इस दौरान मध्य दिल्ली में जाम लग गया।

आप ने भाजपा मुख्यालय के सामने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव में धोखाधड़ी' के खिलाफ जबकि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक-दूसरे के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन की योजना बनाई थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हरियाणा से सिंघू सीमा होते हुए दिल्ली में प्रवेश करने वाले आम आदमी पार्टी के कम से कम 27 कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने रोक लिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि अगर भाजपा चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में धांधली कर सकती है, तो वह विस और लोस चुनावों में किसी भी हद तक जा सकती है। इधर, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है।

कोर्ट ने अंग प्रत्यारोपण की याचिका पर केंद्र और राज्यों से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

याचिका में पंजीकृत मेडिकल संस्थानों को प्रत्यारोपण की अनुमति देने की मांग की गई

उच्चतम न्यायालय ने मानव अंगों एवं उत्तकों को शरीर से निकालने, भंडारण और प्रत्यारोपण की अनुमति केवल पंजीकृत मेडिकल संस्थानों को देने के संबंध में निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर केंद्र, स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय (डीजीएचएस) और राज्यों से शुक्रवार को जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दलील पर गौर किया। सिंह ने दलील दी कि यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सरकारी या अर्द्ध-सरकारी मेडिकल संस्थान मानव अंगों एवं उत्तकों का प्रतिरोपण करने के लिए अवश्य ही राष्ट्रीय अंग एवं उत्तक प्रतिरोपण संगठन में पंजीकृत होने चाहिए।

वरिष्ठ वकील ने कहा कि अंगदान करने वाले जीवित व्यक्ति भारत में कई वर्षों से किडनी (प्रतिरोपण) के प्राथमिक स्रोत रहे हैं और प्रणाली में सुधार कर इस प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है। सिंह ने अंगदान और प्रतिरोपण पर चंडीगढ़ स्थित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ वाई. के. चावला की अध्यक्षता वाले कार्यबल की रिपोर्ट में की गई सिफारिशें लागू करने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया।

मध्यप्रदेश के संगठन 'गवेषणाः मानवोत्थान पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जागरुकता समिति' द्वारा दायर जनहित याचिका में केंद्र और डीजीएचएस के अलावा राष्ट्रीय अंग एवं उत्तक प्रत्यारोपण संगठन तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। अधिवक्ता वरूण ठाकुर के मार्फत दायर याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि सरकारी या अर्द्ध-सरकारी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों को मानव अंग प्रत्यारोपण (संशोधन) अधि.,2011 की धारा 14 और 14-ए के तहत जरूरतों को पूरा करने का निर्देश दिया जाए।

सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का किया विरोध

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसौदिया की ओर से दायर दो अर्जियों का शुक्रवार को विरोध किया, जिनमें जमानत और हिरासत में पैरोल की मांग की गई थी। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया द्वारा दायर अर्जियों के जवाब में विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल के समक्ष दलीलें दीं और उन्हें खारिज करने की मांग की। विशेष न्यायाधीश ने कहा, नियमित जमानत की अर्जी के साथ-साथ आरोपी मनीष सिसोदिया की ओर से दायर हिरासत पैरोल की मांग वाली अन्य अर्जी पर आज सीबीआई की ओर से एक जवाब दाखिल किया गया है। जैसा कि अनुरोध किया गया और संयुक्त रूप से इस पर सहमति व्यक्त की गई, आरोपी के उपरोक्त आवेदन पर अब पांच फरवरी को अपराह्न दो बजे बहस होगी।

बंबई उच्च न्यायालय ने खारिज की कंगना रनौत की याचिका

मुंबई, एजेंसी

गीतकार जावेद अख्तर ने अभिनेत्री पर दायर किया है मानहानि का मामला

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अभिनेत्री कंगना रनौत की उस याचिका को खारिज कर दी जिसमें उन्होंने गीतकार जावेद अख्तर द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत में कार्रवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति पीडी नाइक की एकल पीठ ने कहा कि अख्तर द्वारा दायर शिकायत पर सुनवाई पहले ही शुरू हो चुकी है। इसलिए रनौत की ओर से मांगी गई राहत इस स्तर पर नहीं दी जा सकती है।

कंगना रनौत ने पिछले महीने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर 2020 में दायर अख्तर की आपराधिक मानहानि शिकायत पर रोक लगाने की मांग की थी। साथ ही अनुरोध किया था कि मामले की सुनवाई उनके द्वारा अख्तर के खिलाफ की गई शिकायत के साथ की जाए। उच्च न्यायालय ने कंगना रनौत की अर्जी खारिज करते हुए कहा कि अख्तर की शिकायत पर सुनवाई पहले ही शुरू हो चुकी है। याचिकाकर्ता (रनौत) ने देर से ही सही इस आवेदन को प्राथमिकता दी है।

अख्तर की शिकायत समय की दृष्टि से पहली है और प्रक्रिया (नोटिस) जारी की गई है। तथ्यों पर गौर करते हुए कोई राहत नहीं दी जा सकती। अख्तर द्वारा रानौत के खिलाफ दायर मानहानि मामले की सुनवाई अंधेरी में मजिस्ट्रेट अदालत के सामने चल रही है जबकि सत्र अदालत ने गीतकार के खिलाफ उनकी शिकायत पर रोक लगा दी है।

छह उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली। इलाहाबाद और राजस्थान सहित छह उच्च न्यायालयों में शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स के जरिए इन नियुक्तियों की घोषणा की। राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मणीन्द्र मोहन श्रीवास्तव को इसी अदालत का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश चक्रधारी शरण सिंह को उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विजय बिश्नोई को गौहाटी उच्च न्यायालय, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरुण भंसाली को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वहीं मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एस वैद्यनाथन मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले साल दो नवंबर को इन नामों की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति बाहरी के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के बाद, देश के 25 उच्च न्यायालयों में से दो का नेतृत्व महिलाएं करेंगी। न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल गुजरात उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश हैं।

नक्सलियों ने मिक्सिंग मशीन ट्रैक्टर-टैंकर में लगाई आग

नारायणपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की घटना, तलाशी अभियान जारी

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही मिक्सिंग मशीन, पानी टैंकर और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुरुषनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत झारावाही और जीवलापदर गांवों के बीच गुरुवार शाम को हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हथियारबंद नक्सलियों के एक समूह ने राज्य की राजधानी से 300 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित सड़क निर्माण स्थल पर धावा बोल दिया और श्रमिकों को काम बंद करने की धमकी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद नक्सलियों ने पानी टैंकर के साथ एक मिक्सिंग मशीन और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। शुक्रवार सुबह एक पुलिस दल को घटनास्थल पर भेजा गया और नक्सलियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सात जिलों वाले बस्तर डिवीजन में नक्सली अक्सर सुरक्षा बलों पर हमले करके, वाहनों और मशीन को नुकसान पहुंचाकर सड़क निर्माण को बाधित करने की कोशिश करते हैं।

राज्य के सुकमा जिले के टेकलगुडेम गांव के पास नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में मंगलवार को सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गए और 15 अन्य घायल हो गए। बृहस्पतिवार को दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया।

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को उच्चतम न्यायालय का नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वकील के रूप में नामांकन के लिए अधिक शुल्क को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को उप्र बार काउंसिल को नोटिस जारी किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत बनारस हिंदू विवि के विधि संकाय के एक विधि स्नातक की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने अदालत को बताया कि उसे एक दिन के भीतर अपने आवेदन के त्वरित निस्तारण के लिए नामांकन शुल्क 16,665 रुपये और अतिरिक्त 5,000 रुपये का भुगतान करना होगा। पीठ के पूछने पर याचिकाकर्ता ने जवाब दिया कि अधिवक्ता अधिनियम के अनुसार 750 रुपये का शुल्क लिया जाना चाहिए।

कांग्रेस को 40 सीट मिलना मुश्किल : ममता

कोलकाता, एजेंसी

टीएमसी प्रमुख ने कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में जीत की दी चुनौती

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की भी आलोचना की

कोलकाता: ममता बनर्जी के धरने के दौरान टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा। ● एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा से मुकाबला करने की चुनौती दी और कहा कि उन्हें संदेह है कि क्या सबसे पुरानी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 40 सीट भी हासिल कर पाएगी। बनर्जी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की भी आलोचना की, जो राज्य के छह जिलों से होकर गुजरी। उन्होंने इसकी तुलना राज्य में आए प्रवासी पक्षियों के लिए हज फोटो खींचने के अवसर से की।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि मैंने प्रस्ताव दिया कि कांग्रेस 300 सीट पर चुनाव लड़े (देश भर में जहां भाजपा मुख्य विपक्ष है), लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान देने से इनकार कर दिया। अब, वे मुस्लिम मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए राज्य में आए हैं। मुझे संदेह है कि यदि वे 300 सीट पर चुनाव लड़ते हैं, तो क्या वे 40 सीट भी जीत पाएंगे।'' केंद्र से राज्य के बकाया भुगतान की मांग को लेकर कोलकाता में एक धरने के दौरान बनर्जी ने दोहराया कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की इच्छुक थी, लेकिन उसने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने कहा, हम गठबंधन के लिए तैयार थे, उन्हें दो सीट की पेशकश की थी जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। अब उन्हें सभी 42 सीट पर अकेले चुनाव लड़ने दें। तब से, हमारे बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। बनर्जी ने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने की चुनौती दी।

आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, मोर्टार और पिस्तौल जब्त

जम्मू। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और तीन गोले, एक पिस्तौल के साथ 51 मिमी का एक मोर्टार जब्त किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट के सांगला इलाके में पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने कहा कि हथियार एक बैग में पैक पाए गए और उन पर जंग लग गई थी, जिससे पता चलता है कि आतंकवादियों ने कई वर्षों से इस ठिकाने का इस्तेमाल नहीं किया था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह एक पुराना ठिकाना है जिसका इस्तेमाल करीब दो दशक पहले इलाके में सक्रिय आतंकवादियों ने किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

भाजपा सरकार में कम नहीं हुई महंगाई व बेरोजगारी: अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को विधान भवन में बजट सत्र शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में फिर दोहराया कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएगा। दस वर्ष की भाजपा सरकार के बावजूद महंगाई और बेरोजगारी कम नहीं हुई है। किसानों को किए वादे आज भी अधूरे हैं। अखिलेश ने कहा कि पीडीए में 90 प्रतिशत वहीं लोग हैं जो भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त हैं। बेरोजगारी से त्रस्त युवा ही भाजपा को हरा देंगे। श्री यादव ने कहा कि उनकी पार्टी जीत के लिए आगे बढ़ रही है। कहा कि किसानों को सबसे ज्यादा भाजपा सरकार ने ही दुखी किया है।

हेलीकाप्टर नहीं आने पर बरात को बंधक बनाया

कार से हुई विदाई, डीएम की अनुमति न मिलने पर नहीं आ सका हेलीकाप्टर

संवाददाता, नहटौर

आपस में भिड़ते घराती और बराती। ● अमृत विचार

अमृत विचार : दुल्हन की विदाई के लिए हेलीकाप्टर नहीं आने पर दुल्हन पक्ष ने बरात को बंधक बना लिया। बाद में दोनों पक्षों में सहमति बनने पर गाड़ी से दुल्हन विदा हुई। हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी का माहौल बना रहा। दो प्रदेशों से हेलीकॉप्टर की अनुमति का पेंच फंसने पर हेलीकॉप्टर नहीं आ सका।

नगर के मोहल्ला छापेग्रान निवासी पूर्व सभासद स्वर्गीय रविंद्र सैनी की पुत्री स्नेहा की शादी चांदपुर क्षेत्र के गांव अंकौधा निवासी मोहित से तय हुई थी। वर पक्ष ने दुल्हन को हेलीकॉप्टर से ले जाने का वादा किया था। इसके लिए कन्या पक्ष की ओर से हेलीपैड बनवाया गया। गुरुवार की रात को बरात नहटौर पहुंची। शुक्रवार की सुबह नौ बजे हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई होनी थी। लेकिन हेलीकॉप्टर नहीं आ सका। इसका पता चलने पर कन्या पक्ष नाराज हो गया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई करने के लिए कहा। वर पक्ष द्वारा अपना वायदा पूरा नहीं करने को लेकर बरात को बंधक बना लिया गया। इसके बाद एक बार फिर से हेलीकॉप्टर लाने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई। बिजनौर से हेलीकॉप्टर की अनुमति मिल गई। इसके बाद हेलीपैड पर फायर ब्रिगेड व पुलिस भी पहुंची लेकिन हेलीकॉप्टर शाम पांच बजे तक भी नहीं पहुंच सका।

बताया जाता है कि हेलीकॉप्टर देहरादून से आना था। देहरादून के डीएम की ओर से हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके कारण हेलीकॉप्टर नहीं आया और एक बार फिर हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई का सपना धरा का धरा रह गया। इसके लेकर दोनों पक्षों में एक बार फिर तनातनी का माहौल पैदा हो गया। दोनों पक्षों की पंचायत हुई। इसमें दुल्हन को गाड़ी से ही विदा करने पर सहमति बनी। इसके बाद दुल्हन को गाड़ी से विदा कर दिया गया।

अस्पतालों में मिल रही चिकित्सकीय सेवाओं की होगी जांच

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उप्र के अधिकारी जिलों में जाएंगे। इसके लिए मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवेल ने 18 मंडलों में निरीक्षण के लिए महाप्रबन्धक व उपप्रबन्धकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। जांच टीमें सभी जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ जिलों में चल रहें राष्ट्रीय कार्यक्रमों का भौतिक व वित्तीय समीक्षा करेंगे। मिशन निदेशक ने शुक्रवार को बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों के संचालन के लिए अस्पतालों में संसाधन जुटाने को एनएचएम आर्थिक सहयोग करता है।

सार-संक्षेप

बिना किसी रूकावट व शोर शराबे चली विप

लखनऊ, अमृत विचार : राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुई विधान परिषद की कार्यवाही पहले दिन बगैर किसी बाधा और शोर-शराबे के संपन्न हुई। पूर्व सदस्य विधान परिषद डॉ. अवधेश प्रसाद सिंह, डॉ. यज्ञ दत्त शर्मा एवं प्रो. राजकुमार त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभापति ने राज्यपाल द्वारा विधान सभा में दिये गये अभिभाषण को सदन में प्रतिवेदित किया गया। तत्पश्चात बजट सत्र के कार्यक्रमों, कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन की मेज पर रखा और कार्य सूची के मदों को निपटाया गया। सभापति ने अपरान्ह 12.52 बजे सदन की कार्यवाही शनिवार 11.00 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

पुलिस ने पकड़ा फर्जी इंस्पेक्टर

आगरा, अमृत विचार : पुलिस ने एक फर्जी इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया है। यह फौजी पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी पहन कर वाहन चालकों से अवैध वसूली करता था। पकड़े गए शख्स का नाम देवेंद्र बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र ने एक स्टोर से पुलिस की वर्दी और जूते खरीदे थे। देवेंद्र चौराहे पर पहुंचकर यहां खड़े ऑटो चालकों से वसूली करता था। शक होने पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 2015 रुपए की नगदी भी बरामद की गई।

बैटरी चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

फिरोजाबाद, अमृत विचार : फिरोजाबाद पुलिस की एसओजी टीम और टूंडला पुलिस बैटरी चोर गिरोह के 5 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह मोबाइल टावरों पर लगी बैटरी को चोरी करता था टूंडला पुलिस के मुताबिक 17 और 18 जनवरी की रात को एक मोबाइल टावर से बैटरी चोरी होने की शिकायत टूंडला कोतवाली में दर्ज की गई थी इस शिकायत के आधार पर टूंडला पुलिस और एसओजी टीम लगातार चोरों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आज दोपहर गिरोह के 5 लोगों को पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक इन चोरों के पास से चोरी में प्रयुक्त किए जाने वाले प्लास और पेचकस भी बरामद किए गए हैं। पकड़े गए पांचों बदमाश पेशेवर किस्म के शातिर अपराधी हैं टूंडला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद पंवार ने बताया कि पकड़े गए चोरों के पास से बरामद अर्टिगा कार को इन चोरों द्वारा पिछले महीने ही खरीदा गया है और इसी कर के जरिए यह चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। सभी को जेल भेज दिया गया है।

मकान में खुला रह गया गेट, छत पर चढ़ गया सांड़



बीसलपुर, अमृत विचार : निर्माणाधीन मकान का मेनगेट खुला होने पर एक छुट्टा सांड़ भीतर घुस गया और छत पर चढ़ गया। आसपास के लोगों की नजर जब उस पर पड़ी तो लोग एकत्र हो गए। एकजुट होकर सांड़ को बमुश्किल नीचे उतारा। वीडियो भी वायरल हो गया। तहसील क्षेत्र समेत जनपद में छुट्टा पशुओं की भरमार है। सड़कों पर छुट्टा पशुओं के झुंड मुख्य मार्ग से लेकर गली मोहल्लों में डेरा जमाए दिन-रात दिखाई देते हैं। किसान नेताओं द्वारा ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं, लेकिन पहले से ओवरलोड चल रही गोशालाओं के चलते पूर्णतया समाधान नहीं हो सका है। बीते साल एक गाय का पीछा करते हुए सांड़ मरौरी ब्लॉक के ग्राम ललपुरिया साहब सिंह में मकान की छतपर चढ़ गया था। उसे पशुपालन विभाग की टीम ने बमुश्किल उतारा था। शुक्रवार को नगर की त्रिलोकीपुरम कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान है। शुक्रवार को दरवाजा खुला था। एक छुट्टा सांड़ निर्माणाधीन मकान में घुस आया और छत तक पहुंच गया।

मुलायम के निजी सचिव रहे बाबू जगजीवन का निधन

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के निजी सचिव रहे पूर्व एमएलसी जगजीवन प्रसाद का शुक्रवार को निधन हो गया। शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे कृष्ण मुरारी ने उन्हें मुखाग्नि दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सपा प्रमुख ने जगजीवन के आवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को भी ढांढस बंधाया। बैकुंठ धाम जाकर उनकी अंत्येष्टि में शामिल हुए। सपा प्रमुख ने कहा कि बाबू जगजीवन प्रसाद आजीवन नेताजी मुलायम सिंह यादव के पारिवारिक सदस्य की तरह रहे। उनके निधन से समाजवादी पार्टी और परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। 5 जून 1955 को जन्मे जगजीवन प्रसाद अयोध्या के धनेठी गांव के मूल निवासी थे।

अमीषा की जमानत मंजूर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अभिनेत्री अमीषा पटेल (47) की अर्जी पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार ने सुनवाई करते हुए जमानत मंजूरी कर दी। अमीषा पर मुरादाबाद में एक पार्टी से 11 लाख रुपये एडवांस लेकर भी डांस न करने और रुपये न लौटने का आरोप है। इस मामले में अभी 23 जनवरी को ही अमीषा पटेल मुरादाबाद आई थीं और जमानती प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर लौट गई थी।

अमीषा ने अपने प्रथम जमानती प्रार्थना पत्र में कहा था कि उन्हें गिरफ्तारी का भय है, इसलिए न्यायालय से जमानत देने का अनुरोध किया था। अभिनेत्री के अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि जिला जज ने सुनवाई के बाद प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र पर मंजूरी दे दी है।

उन्होंने बताया कि अब इस मामले में ट्रायल चलेगा, साक्ष्य प्रस्तुतीकरण की कार्रवाई होगी। उसके बाद गवाह एवं बहस का काम शुरू होगा। फिलहाल, अभिनेत्री को जमानत मिलने से बड़ी राहत मिली है। अधिवक्ता ने बताया कि अभिनेत्री के विरुद्ध परिवादी पवन कुमार वर्मा हैं।

अंसल एपीआई के एमडी व डिप्टी प्रेसीडेंट को राहत

लखनऊ, अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अंसल एपीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव अंसल व डिप्टी प्रेसीडेंट हरीश गुल्ला को बड़ी राहत देते हुए, धोखाधड़ी व कूटरचना के एक मामले में उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे को खत्म कर दिया है। न्यायालय ने इस मामले में पुलिस द्वारा दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए, निचली अदालत द्वारा पारित किए गए आदेश को भी खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने हरीश गुल्ला व प्रणव अंसल की याचिका पर पारित किया है।

कोड स्कैन करते ही मिलेगी दर्शन की तस्वीर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जल्द ही रामलला मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान की तस्वीरें मिलने लगेंगी। इसके लिए उन्हें एक क्यू आर कोर्ड स्कैन करना पड़ेगा। इस व्यवस्था को शुरू करने के लिए मंडलायुक्त गौरव दयाल ने सुझाव दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एलएंडटी के तकनीकी अधिकारियों को ऐसा एप इजाद करने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मध्य बेहतर समन्वय बनाने के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक परिसर स्थित एलएंडटी सभाकक्ष में हुई। मंडलायुक्त ने कहा कि पीएफएस परिसर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था रखें। परिसर में प्रमुख स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर परिसर के विभिन्न स्थलों पर जो एआई बेस्ड कैमरे लगाए जाने है उनमें फेस रिकॉग्निशन (पहचान) की व्यवस्था होती है इसलिए एक ऐसा स्कैनर विकसित कर लिया जाय, जिससे दर्शनार्थी मंदिर परिसर में एआई कैमरों में ली गयी उनकी फोटो परिसर के बाहर लगाये गये क्यूआर कोड को स्कैन कर परिसर के अंदर की अपनी फोटो प्राप्त कर सकें।

चौड़ा होगा हनुमानगढ़ी का निकास द्वार, लगेगी लिफ्ट

कार्यालय, अमृत विचार : भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तेजी से बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर अब विश्वप्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी नए सिरे से व्यवस्था शुरू कर दी गई है। हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर को व्यापक रूप देने के लिए कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत मुख्य निकास द्वार को तीस फिट चौड़ा करने के साथ दस व्यक्तियों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाने की तैयारी की जा रही है। केवल इतना ही नहीं श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन प्राप्त हों इसके लिए मंदिर परिसर में पांच बड़े एलसीडी स्क्रीन भी लगवाए जाने की तैयारी की गई है।

वाहनों की तेज बिक्री थाम देगी गाड़ियों की रफ्तार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : वाहनों की रफ्तार ही नहीं उनकी 'बिक्री' भी फर्राटा भर रही है। हाल यह है कि सूबे में बीते एक साल में साढे.चार करोड़ नए वाहन सड़क पर आए हैं।

वाहनों की खरीद फरोख्त की यही गति रही तो आने वाले वर्षों में वाहन सड़क पर दौड़ेंगे नहीं रेंगेंगे। स्पीड वाहन के स्पीडोमीटर में ही दिखेगी। वाहन खरीद लिया तो सीमित सड़कें होने पर उन्हें दौड़ा नहीं पाएंगे। हर मार्ग पर जाम से पहले ही जनता त्राहिमाम कर रही है ऐसे में वाहनों की तेज बिक्री सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार को थाम देगी। जरा सोचिए! जब मौजूदा वक्त में ही सड़क पर चलना दूभर है तो करीब एक दशक बाद नगर-नगर जाम का क्या नजारा होगा? कमर्शियल और नॉनकमर्शियल की कौन कहे सालभर में दो पहिया वाहनों की बिक्री ने तो चौंकाकर रख दिया। दिसंबर 2023 तक 3,57,33,715 दोपहिया गाड़ियां बिकीं।

एक साल में 4,46,75,902 नए वाहन आ गए सड़कों पर

मार्च 2023 में करीब 4,24,10,340 वाहन प्रदेश की सड़कों पर आए। तीन माह बाद यानी 30 जून 2023 में ट्रांसपोर्ट और नॉन ट्रांसपोर्ट गाड़ियों की संख्या बढ़कर कुल 4,32,97,677 हो गई। मात्र तीन माह में ही 8,87,337 नए वाहन प्रदेश के मार्गों पर आ गए। बीते इसी वर्ष छह माह बाद सड़कों पर आए नए वाहनों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ और गाड़ियों की संख्या बढ़कर 4,46,75,902 पहुंच गई। यानी मात्र एक साल के भीतर (2023 दिसंबर तक) 22,65,562 नए वाहन आ गए।

कोर्ट ने हत्या मामले में दो भाई समेत 3 आरोपियों को सुनाई उम्र कैद की सजा

बदायूं, अमृत विचार : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमारी ने हत्या के मामले में दो सगे भाई समेत तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना उसावां क्षेत्र के गांव उदैय्या नगला निवासी वादी मुकदमा शिवदत्त पुत्र बाबूराम ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी बहन जवानश्री और भतीजी मीरा देवी की शादी जिला कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव जयकिशन नगला हुई है। वह बहन और भतीजी के घर आते-जाते रहते हैं। गांव जयकिशन नगला निवासी भूरे शराब पीकर अपनी पत्नी आशा देवी को मारता-पीटता है। जिसकी वजह से आशा देवी उनके भतीजे घनश्याम के साथ चली आई थी। हंसी खुशी से उसके साथ में रहने लगीं। भूरे व राजकुमार, श्यामपाल, जबर सिंह 24 जुलाई 2013 रात 11 बजे असलाह से लैस होकर उनके घर पर आए थे।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बेतालघाट (नैनीताल)

पत्रांक/लेखा-01/जि0यो0/निविदा/2023-24/ दिनांक: 02.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्न कार्यो की मुहर बंद निविदायें दिनॉक 15.02.2024 को अपरान्ह 2.30 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय, बेतालघाट (नैनीताल) में आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेंगी। उक्त तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0, डाकघर बचत पासबुक अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बन्धक करते हुए प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्रों का विक्रय विकास खण्ड कार्यालय, बेतालघाट (नैनीताल) में दिनांक 01-02-2024 से दिनांक 15-02-2024 तक सायं 2.00 बजे तक (कार्य दिवसों में) किया जायेगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

क्र. सं.	योजना का नाम	ग्राम पंचायत	धरोहर धनराशि (2 प्रति)	निविदा प्रपत्र का मूल्य + जीएसटी	निविदा की वैधता	अभ्युक्ति
1.	विकास खण्ड बेतालघाट के ग्राम पंचायत सूखा के तोक मल्ली चूलिया में हरज्यू की धूणी, कवा थान एवं गोलू मंदिरों का पर्यटन विकास (सा0न0यो0)	सूखा	10000	500+18%	90 दिन	पंजीकृत राजकीय ठेकेदारों (श्रेणी 'डी' से उच्चतर) को ही निविदा बिक्री की जायेगी।
2.	विकास खण्ड बेतालघाट के गोल्ज्यू मंदिर परिसर में यात्री शेड का निर्माण (सा0न0यो0)	सूखा	6000	500+18%	90 दिन	पंजीकृत राजकीय ठेकेदारों (श्रेणी 'डी' से उच्चतर) को ही निविदा बिक्री की जायेगी।
3.	विकास खण्ड बेतालघाट के ग्राम कोरड़ के के तिनरा बुबु मंदिर परिसर का सौन्दर्यीकरण (सा0न0यो0)	कोरड़	6000	500+18%	90 दिन	पंजीकृत राजकीय ठेकेदारों (श्रेणी 'डी' से उच्चतर) को ही निविदा बिक्री की जायेगी।
4.	विकास खण्ड बेतालघाट के ग्राम पंचायत सूखा के ग्राम हरिनगर में पैराणिक भूमिया मंदिर का पर्यटन की दृष्टि से विकास (एस0सी0एस0पी0)	सूखा	6000	500+18%	90 दिन	पंजीकृत राजकीय ठेकेदारों (श्रेणी 'डी' से उच्चतर) को ही निविदा बिक्री की जायेगी।
5.	विकास खण्ड बेतालघाट के ग्राम हल्द्यानी के ग्राम सिरानी लेधरा में गुरूगोरखनाथ धुड़ी के समीप धर्मशाला का निर्माण एवं सौन्दर्यकरण (एस0सी0एस0पी0)।	हल्द्यानी	8000	500+18%	90 दिन	पंजीकृत राजकीय ठेकेदारों (श्रेणी 'डी' से उच्चतर) को ही निविदा बिक्री की जायेगी।
6.	विकास खण्ड बेतालघाट के ग्राम सुनस्यारी में धुड़ी के समीप धर्मशाला का निर्माण एवं सौन्दर्यकरण (एस0सी0एस0पी0)	सुनस्यारी	10000	500+18%	90 दिन	पंजीकृत राजकीय ठेकेदारों (श्रेणी 'डी' से उच्चतर) को ही निविदा बिक्री की जायेगी।

1. सफल निविदा दाताओं को अनुबंध गठित करने से पूर्व धरोहर धनराशि को सम्मिलित करते हुए 10 प्रतिशत जमानत धनराशि/वर्तमान में शासकीय निर्धारित दरों के अनुरूप एन0एस0सी0/डाक घर बचत पासबुक/राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पद नाम से बन्धक करते हुए जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 रू0 (एक सौ) मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रू0 का रसीदी टिकट लगा कर वैद्यता की शर्त के साथ ठेकदारे द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक है।
3. निविदा की दरें प्रतिशत दरों के आधार पर मान्य होंगी। समस्त शर्तो एवं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
4. वित्तीय वर्ष 2023-24 में जि0यो0 मद के अर्न्तगत योजनावार अवमुक्त राशि के सापेक्ष नियमानुसार करों की कटौती उपरान्त भुगतान पूर्ण कर योजनान्तर्गत अवशेष धनराशि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2024-25 में शेष अनुदान की प्राप्ति पर किया जायेगा।
5. अधोहस्ताक्षरी के पास किसी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

खण्ड विकास अधिकारी,
बेतालघाट (नैनीताल)

उत्तराखंड

यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार, मुख्यमंत्री को सौंपा

संवाददाता, देहरादून

समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ

अमृत विचार: उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में बनी समिति ने शुक्रवार को इसका ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया। इसे सौंपे जाने के साथ ही राज्य में शीघ्र ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

इस अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 से पूर्व हमने जनता से भाजपा के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। अपने वादे के मुताबिक हमने सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया था और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति ने इस ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस रिपोर्ट का अध्ययन और परीक्षण कर शीघ्र उत्तराखंड राज्य के लिए समान नागरिक संहिता कानून का प्रारूप तैयार कर संबंधित विधेयक को आगामी विधान सभा के विशेष सत्र में रखेगी। इस कानून को लागू करने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ेगी।

ऋतु बाहरी बनीं उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश

नैनीताल, अमृत विचार: पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी को उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद उनके मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की अधिसूचना शुक्रवार को जारी हुई।

उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी बीती 26 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए थे। जस्टिस ऋतु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं। उन्होंने 14 अक्टूबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का चार्ज लिया था। 1962 में जालंधर में जन्मी ऋतु बाहरी ने पढ़ाई चंडीगढ़ में की और 1985 में पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री ली।

उत्तराखंड में अभी दो दिन और अंगड़ाई लेगा मौसम

हल्द्वानी, अमृत विचार: उत्तराखंड में अभी दो दिन और मौसम में बदलाव हो सकता है। पहाड़ों में बर्फबारी की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने का अनुमान है।

अल-नीनो के असर से सर्दियों के सीजन में जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का मौसम नहीं बन पा रहा था। 1 फरवरी को राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हुई तो वहीं ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में अच्छी बर्फबारी भी देखने को मिली। शुक्रवार को राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय हो सकता है। 5 फरवरी को एक बार फिर से पहाड़ों में बर्फबारी हो सकती है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विज्ञानी आरके सिंह का कहना है कि 5 फरवरी को बर्फबारी की संभावना बन रही है।

पिथौरागढ़-देहरादून के बीच उड़ा जहाज

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार: आखिर पिथौरागढ़ से हवाई उड़ान का सपना साकार हो ही गया। शुक्रवार को पिथौरागढ़ से 14 लोगों को लेकर पहली उड़ान देहरादून के लिए रवाना हुई। इससे पहले यह उड़ान देहरादून से दस यात्रियों को लेकर यहां पहुंची थी।

बीते मंगलवार को सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां नैनी सैनी एयरपोर्ट से विमान सेवा का शुभारंभ किया था। फिलहाल हफ्ते में तीन दिन के लिए शुरू हुई इस सेवा के तहत शुक्रवार को फ्लाई बिग कंपनी का 19 सीटर विमान देहरादून से 10 यात्रियों को लेकर पूर्वाह्न 10:34 बजे पिथौरागढ़ पहुंचा। मुख्यमंत्री के अपर सचिव संजय सिंह टोलिया, पिथौरागढ़-चंपावत सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष मनोज सामंत अन्य यात्रियों संग पहली फ्लाइट से देहरादून से पिथौरागढ़ पहुंचे। इसके बाद अपराह्न 1:44 बजे 14 यात्रियों को लेकर देहरादून के लिए रवाना हुआ। अभी सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को विमान सेवा चलेगी। मार्च तक इसे सप्ताह में पांच दिन किए जाने की संभावना है। फ्लाई बिग के एयरपोर्ट मैनेजर राजवीर सिंह ने बताया कि अगली फ्लाइट सोमवार के लिए फिलहाल 10 सीट बुक हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग के साथ ही फ्लाई डे के दिन 2 घंटे पहले भी काउंटर से टिकट बुक किया जा सकता है। एक यात्री ने बताया अब तक उन्हें देहरादून से पिथौरागढ़ आने में दो दिन का समय लगता था। देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू होने से अब 1 घंटे में ही पिथौरागढ़ पहुंच जा रहे हैं। इससे समय की बचत हो रही है।

आईटीआई का छात्र स्मैक के साथ गिरफ्तार

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस और एसओजी ने मिलकर 19 साल के आईटीआई छात्र को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी खटीमा से लाकर स्मैक को हल्द्वानी में बेचने में फिराक में था।

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मामले का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार बीते गुरुवार को एसओजी और चोरगलिया पुलिस चोरगलिया क्षेत्र में गश्त कर रही थी। चोरगलिया बाजार, काठबांस होते एसओजी और पुलिस एमवीआर गेट के पास पहुंची। वहां वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। शाम करीब 8:35 बजे एक युवक सितारगंज की तरफ से पैदल-पैदल बैरियर की तरफ आया और पुलिस को देखकर पीछे घूमकर तेज कदमों से भागने लगा। शक होने पर एसओजी और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक के पास से काले रंग की पन्नी में स्मैक मिली। जिसका वजन 105 ग्राम है। बाजार में इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभय निवासी ग्राम अमाऊं, थाना खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर बताया। युवक 19 का साल है और वह आईटीआई का छात्र है।

वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगे 6.20 लाख

रुद्रपुर, अमृत विचार : सुभाष कॉलोनी की रहने वाली एक युवती से वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि फेसबुक आईडी पर पेंसिल कंपनी का प्रचार दिखाकर साइबर ठगों ने ठगी को अंजाम दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सुभाष कॉलोनी निवासी ममता चौहान ने बताया कि वह एक आईलेट्स की कोचिंग करती है। 17 जनवरी 2024 को उसने फेसबुक आईडी पर नटराज पेंसिल कंपनी का विज्ञापन देखा। जिसमें वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से पैसा कमाने का अवसर दिया गया था। जब कॉल की तो अंकित नाम के युवक ने फोन उठाया। जिस ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 620 रुपये का भुगतान करवाया। इसके बाद कच्चा माल देने के नाम पर कई किस्तों में 1.20 लाख रुपये का भुगतान करवाया। जब वादे के मुताबिक सामान नहीं आया तो कॉलर का पुनः फोन आया। खुद को पेंसिल कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कुटरचित तरीके से खाते से ऑनलाइन 6.20 लाख रुपये की धनराशि निकाल ली।

कोर्ट परिसर में हत्यारोपी पर तमंचे से फायर, अफरातफरी

वकीलों ने आरोपी को तमंचा समेत दबोचा, पुलिस के सुपुर्द किया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार : पिता की हत्या का प्रतिशोध लेने के लिए युवक ने न्यायालय परिसर में ही तारीख पर आए हत्यारोपी के ऊपर तमंचे से फायर झोंक दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। कोर्ट परिसर में गोली चलने से वकीलों और वादकारियों में अफरा-तफरी मच गई। वकीलों ने तमंचा लेकर भाग रहे आरोपी को दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय के पास बने पुस्तकालय की तरफ से एक युवक ने कोर्ट में तारीख पर आए हत्यारोपी ग्राम भगतगाढ़ा निवासी चंदन यादव पुत्र कृपाल सिंह के ऊपर 315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। फायर के दौरान चंदन जमीन पर लेट गया और गोली सामने दीवार में जा धंसी। गोली चलने से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया और अधिवक्ता अपने कक्षों से बाहर निकल आए। वकीलों ने गोली चलाने वाले आदेश यादव पुत्र पिंटू निवासी कटरा को तमंचा समेत पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। उसके पास से एक जीवित कारतूस और एक खोखा भी मिला है।

पिता की हत्या का बदला लेना चाहता था आदेश

कोर्ट परिसर में तमंचे से फायर करने वाला आरोपी आदेश यादव अपने पिता पिंटू यादव की हत्या का बदला लेना चाहता था। पुलिस के मुताबिक 24 मई 2023 को सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी पिंटू यादव और ग्राम भगतगाढ़ा निवासी कृपाल सिंह के बीच झगड़ा हो गया था। इस घटना में मारपीट व फायरिंग हुई, जिसमें पिटाई से पिंटू की मौत हो गई थी। आदेश ने कृपाल सिंह के चारों बेटों शेखर, कल्लू, मुल्लू और चंदन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनमें तीन को जमानत मिल गई है, जबकि मुल्लू जिला कारागार में बंद है। इसी मामले में चंदन तारीख पर आया था तो आदेश ने बदला लेने के लिए घात लगाकर तमंचे से फायर कर दिया।

वकीलों और पुलिस में हुई नोकझोंक

हमलावर आदेश यादव को पकड़ने के बाद वकीलों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। मौके पर जब सीओ सिटी पहुंचे तो वकीलों ने उन्हें खरीखोटी सुनाई। बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेयी ने कहा कि 25 जनवरी को उन्होंने न्यायालय परिसर में सुरक्षा को लेकर एसपी को ज्ञापन दिया था, लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। वकीलों ने चेंबर परिसर में और गेट पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की। इससे पहले वकीलों की पुलिस से काफी नोकझोंक हुई थी।

राज्यपाल ने तल्ख अंदाज में विपक्ष को दिखाया आइना

लखनऊ, अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने तल्ख अंदाज में विधानसभा में नारेबाजी कर रहे समाजवादी पार्टी और रालोद के विधायकों को आईना दिखाया। राज्यपाल गो बैक-गो बैक नारेबाजी कर रहे विधायकों से राज्यपाल ने कहा कि कौन चला जाएगा यह तो बाद में पता चलेगा।राज्यपाल ने कहा कि 7 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश बीमारु राज्य हुआ करता था। सात वर्ष की सरकार के शासन में यूपी केंद्र सरकार की 47 योजनाओं में देश में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने सपा विधायकों से कहा कि आप लोग यहां नारेबाजी करते रह गए ये (भाजपा सरकार) लोग आपसे ऊपर निकल गए। विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली 2023 लागू होने के बाद दूसरे ही सत्र में नियमावली का जमकर उल्लंघन हुआ। सपा के सदस्यों ने वेल में आकर प्रदर्शन किया। बैनर और तख्तियां लेकर सदन में पहुंचे। वहीं अधिकारी दीर्घा में बैठे शासन व पुलिस के आला अधिकारी अभिभाषण के दौरान मोबाइल फोन पर बात करते रहे।

विधानसभा परिसर में सपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते सपा विधायक। ● अमृत विचार

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सपा के विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों ने शुक्रवार को विधान मण्डल सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा भवन परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए धरना दिया।

सपा विधायकों ने अपने हाथ में सरकार विरोधी नारों के पोस्टर और बैनर लेकर जन समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार की उदासीनता पर आक्रोश जताया।सपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और भर्तियों में धांधली को लेकर नारेबाजी की और सभी को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने की मांग की।

सपा विधायकों ने जनसमस्याओं की अनदेखी पर जताया आक्रोश

सार-संक्षेप

गन्ने की घटतौली पर दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ, अमृत विचार : चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव गन्ना विकास वीना कुमारी ने गन्ने की घटतौली करने वाले दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव ने गन्ना किसानों को बकाये का त्वरित भुगतान के भी निर्देश दिये हैं। प्रमुख सचिव शुक्रवार को गन्ना किसान संस्थान में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग को बढ़ावा दिया जाय जिससे प्रदेश के गन्ना किसानों को संभावित कीट हमलों का पूर्वानुमान, फसलों के स्वास्थ्य की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, पेड़ी प्रबंधन, उचित जल संचरण, सिंचाई में स्वचालन तकनीक, ड्रोन, मिट्टी के नमूने, डेटा विश्लेषण और फसल रोपण समेत विभिन्न कार्यों में तकनीकी सहायता से गन्ना किसानों को बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके।

11 बिजली अभियंताओं को मिली प्रोन्नति

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के 11 बिजली अभियंताओं को शुक्रवार को प्रोन्नत कर दिया गया। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी हुए। आदेश के तहत मुख्य अभियंता-स्तर दो के दो अधिकारियों अनुराग अग्रवाल व धीरज सिन्हा को मुख्य अभियंता-स्तर एक पर प्रोन्नत किया गया है। अनुराग अग्रवाल अभी तक मुख्य अभियंता रेस्पो के पद पर तैनात थे, अब इन्हें शक्ति भवन मुख्यालय में तैनाती दी गई है। धीरज सिन्हा को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में ही रखा गया है। दो अधीक्षण अभियंताओं आकर्षक नाथ गुप्ता व अनुराग माथुर को मुख्य अभियंता स्तर-दो पर प्रोन्नति दी गई है। ऊर्जा मंत्री से सम्बद्ध आकर्षक नाथ गुप्ता को वर्तमान तैनाती पर ही रखा गया है, जबकि अनुराग माथुर को वाणिज्य-चार शक्ति भवन विस्तार से कॉरपोरेशन मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसी तरह, सात अधिशासी अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता पद पर प्रोन्नत किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने ऊर्जा निगमों में समयबद्ध तरीके से अभियंताओं के प्रमोशन के लिए शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

आग तापते समय झुलसीं उपमुख्यमंत्री की बुआ

उन्नाव, अमृत विचार : डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की बुआ शुक्रवार को आग तापते समय अचानक झुलस गईं। उन्हें झुलसा देख परिजनों ने पहले कस्बे के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार अब उनकी हालत में सुधार है। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की 100 वर्षीय बुआ विद्यावती फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रा नगर में अपने परिवार के साथ रहती हैं। शुक्रवार को सर्दी के चलते वह अपने घर में आग ताप रही थीं। तभी अचानक उनके कपड़ों ने आग पकड़ ली। वहां मौजूद उनकी छोटी बहू यह देखकर दौड़ी और परिजनों की मदद से आग बुझाई। इसके बाद उन्हें कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया।

आबादी क्षेत्र में आंसू गैस का गोला गिरने से हड़कंप

आगरा,अमृत विचार :जनपद के अछनेरा कस्बे में कोतवाली के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक टियर गैस का गोला अचानक आबादी के बीचों-बीच आकर गिरा। गोला गिरते ही मोहल्ले में गैस फैल गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने टियर गैस का गोला अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में अछनेरा पुलिस अब जानकारी जुटा रही है कि आखिर यह गोला कहां से आया और इसे यहां किसने फेंका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिन दहाड़े मां-बेटा व चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

वारदात के बाद गांव में पुलिस तैनात, हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश

अमृत विचार : मलिहाबाद का मोहम्मदनगर शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जमीन के विवाद में लल्लन खां व उसके बेटे फराज ने फरहीन (40) और उसके बेटे हंजला खान (20) और चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होने पर फरहीन के पति फरीद को हार्ट अटैक पड़ गया। देर शाम को पुलिस ने थार चालक अशरफ को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है और हत्यारोपी पिता-पुत्र की तलाश में दबिश दी जा रही है।

मोहम्मदनगर में फरीद परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी फरहीन और बेटा हंजला है। उनका जमीन को लेकर भाई लल्लन खां के साथ काफी दिनों से विवाद है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे लल्लन खां अपने बेटे फराज के साथ थार पर सवार होकर फरीद के घर पहुंचा और कहासुनी शुरू कर दी। सिटी स्टेशन के पास रहने वाला फरीद का चचेरा साला मुनीर उर्फ ताज भी वहां मौजूद था।

कहासुनी बढ़ने पर लल्लन ने लाइसेंसी रायफल से फायरिंग की। मुनीर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। इस बीच मुनीर को गोली लग गई और वह लहूलुहान होकर गिर गया। वहीं फराज ने रायफल से घर के अंदर मौजूद फरहीन और उसके बेटे हंजला को गोली मार दी। हंजला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फरहीन और मुनीर को परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां दोनों की मौत हो गई।

14 को प्रदेश में प्रवेश करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 फरवरी को प्रदेश में प्रवेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस यात्रा के स्वागत की तैयारी में जुट गई है।न्याय यात्रा प्रदेश के चंदौली जिले से प्रवेश करेगी। फिर पूर्वी उत्तर प्रदेश में वाराणसी, भदोही, प्रयागराज व प्रतापगढ़ में प्रवेश करेगी। राजधानी पहुंचने से पहले यात्रा अमेठी व रायबरेली होते हुए सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, शाहजहांपुर, बरेली व रामपुर तक जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ, हाथरस और आगरा से गुजरेगी। यात्रा सोनभद्र, मिर्जापुर, कौशांबी, चित्रकूट, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, फर्रुखाबाद, बदायूं पश्चिम में कासगंज, एटा, फिरोजाबाद और इटावा से होकर गुजरेगी।

धर्मांतरण कानून के प्रावधानों का पालन किए बिना अंतर्धार्मिक विवाह अवैध: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतर्धार्मिक विवाह के मामले में कहा कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 8 और 9 के प्रावधानों का पालन किए बिना जो विवाह किया गया हो, उसे वैध नहीं माना जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की एकल पीठ ने निकिता नजराना और अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने आगे कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 1(3) के अनुसार 2021 के अधिनियम के लागू होने के बाद यानी 27 नवंबर 2020 के बाद कोई भी अंतर धार्मिक विवाह होता है तो पक्षकारों को अधिनियम की उक्त धारा 8 और 9 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। अधिनियम की धारा 8 में बताया गया है कि जो व्यक्ति अपने धर्म को परिवर्तित करना चाहता है उसे जिला मजिस्ट्रेट या अपर जिला मजिस्ट्रेट को कम से कम 60 दिन पहले इस संबंध में एक घोषणा पत्र देना होगा कि धर्मांतरण का निर्णय उसका अपना है। वह किसी दबाव में या कार्य नहीं कर रहा है जबकि उक्त अधिनियम की धारा 9 धर्मांतरण के बाद की घोषणा से संबंधित है। दरअसल एक अंतर्धार्मिक जोड़े द्वारा संरक्षण याचिका कोर्ट में दाखिल की गई, जिसमें लड़की पहले मुस्लिम धर्म से थी और वर्ष 2017 में उसने हिंदू धर्म अपना लिया और लड़का हिंदू धर्म से है। इसके बाद दोनों ने इसी वर्ष 2 जनवरी 2024 को शादी कर ली। याची के अधिवक्ता का तर्क है कि लड़की का धर्मांतरण प्रमाण पत्र 2017 में जारी किया गया था, जब उक्त अधिनियम अस्तित्व में नहीं था। अतः इस अधिनियम के प्रावधान वर्तमान मामले में लागू नहीं होते हैं। हालांकि कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि याचीगण का विवाह अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद हुआ है। अतः याचियों को अधिनियम के प्रावधानों का पालन करना चाहिए था।

श्रीराम मंदिर के रूप में हुई राष्ट्र मंदिर की स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधानसभा में बजट सत्र से पूर्व राष्ट्रगान के दौरान सावधान की मूद्रा में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य मंत्री। ● अमृत विचार

राज्यपाल ने बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल के दोनों सदनों को किया संबोधित

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शी व जवाबदेह शासन के साथ ईमानदार व संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की विशेष तौर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में वर्ष 2024 अविस्मरणीय स्मृति के रूप में दर्ज हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत में विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेश वासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने किसान हितों के प्रति सरकार की संकल्पबद्धता व्यक्त करते हुए हाल ही में गन्ना मूल्यों में की गई वृद्धि पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय अवस्थापना तथा सामाजिक अवस्थापना सहित अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों तथा सुशासन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। प्रदेश बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित हुआ है।

राज्यपाल ने अयोध्या में रामभक्तों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि अवस्थापना विकास के अनेक उपयोगी कार्य सम्पन्न कराए गये हैं। आज अयोध्या जल-थल-नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी से संपन्न हो रही है। लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं यहां गतिमान हैं।

राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा: अजय राय

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभाषण झूठ का पुलिंदा है। किसानों के हितों की बात करने वाली योगी सरकार के शासन में आज भी 5000 करोड़ से अधिक रुपये गन्ना किसानों का बकाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को बिजली फ्री में देने का वादा किया गया, पर आज हालात यह हैं कि सख्ती के साथ उनसे पूरा बिल वसूला जा रहा है। राज्यपाल अपने अभिभाषण में महिला सुरक्षा के मामले में सरकार की पीठ थपथपा रही हैं, जबकि सच ये है की वर्ष 2022 में प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 65,743 मामले दर्ज हुए।

वर्ग पहेली-331

बाएं से दाएं

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना, चिचोड़ना

ऊपर से नीचे

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।



वर्ग पहेली - 330 का हल

1 ल	ह	ल	हा		2 रो
भ					ज़ा
नी		3 जो		4 जा	
	5 म	हा	भा	ग	
6 ग	ग	री		र	
	रि			ण	
	7 बी	ए	ड		

सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6		9		1			
9		3		2			5	
				7		3		
5			8			7		
		4						1
		2			6			5
				6				9
	1			8		4	7	
			4		7		1	

सुडोकू - 47 का हल

7	6	1	9	5	4	2	8	3
2	3	9	6	1	8	5	7	4
4	5	8	3	2	7	1	9	6
5	9	7	1	4	6	3	2	8
1	8	6	7	3	2	4	5	9
3	4	2	8	9	5	6	1	7
9	7	5	4	6	1	8	3	2
8	1	4	2	7	3	9	6	5
6	2	3	5	8	9	7	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-अष्टमी 17.20 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06.51-07.35, 07.35-08.19 तक।
दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज घर वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे। सुख और विलासिता का भरपूर लाभ उठाने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज आपको पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में आप अतिरिक्त निवेश करने का विचार बनाएंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों की अत्यधिक व्यस्तता रहने वाली है।

मिथुन — आज कारोबार की बिगड़ती स्थितियों को अपनी बुद्धिमत्ता से संभाल लेंगे। दोस्तों के साथ किसी योजना पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर आपको गर्व का अनुभव होगा। आपका चित्त काफी प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में नवीनता और ताजगी का एहसास होगा।

कर्क — आज नवीन परियोजना पर त्वरित कार्यान्वयन कर सकते हैं। पुराना ऋण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आपको आलस्य से आपको बचना चाहिए। कारोबार में व्यस्तता बढ़ने वाली है।

सिंह — आज का दिन भोग विलास में बीतेगा। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। लाभदायक सौदे मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। नए संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज व्यापार में आप काफी ध्यान देंगे। घरेलू काम-काज में आप काफी रुचि लेंगे। निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। अपने हितों को लेकर काफी जागरूक रहेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको अपनी माता का ध्यान रखना चाहिए।

तुला — आज कामकाज की स्थितियों को दोबारा संवारने का प्रयास करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में लाभ मिलेगा। करियर में वृद्धि देखने को मिलेगी।

वृश्चिक — आज दान-धर्म के कार्यों से पीछे न हटें। किसी को धन उधार न दें। जॉब को लेकर कुछ चिंता बढ़ेगी। मानसिक रूप से आपको मजबूत रहना चाहिए। जमा पूंजी को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। आपको बॉस से उलझने से बचना चाहिए।

धनु — आज प्रेमी जन आपके बहुत निकट आ सकता है। भावुक होकर निर्णय न लें। आप धार्मिक गतिविधियों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी पर भी सीधे-सीधे विश्वास करना ठीक नहीं होगा।

मकर — आज जॉब को लेकर तनाव दूर होने की संभावना है। नया व्यापार शुरू करने के दिन काफी अच्छा है। मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। स्वादिष्ट पकवानों का भरपूर आनंद लेंगे।

कुंभ — आज धार्मिक यात्राओं में जाने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिकारियों के साथ आपको व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। माता-पिता की सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। जॉब में अतिरिक्त कार्य का दबाव हो सकता है।

मीन — आज आपको स्वाध्याय करने में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। प्रेमी के प्रति अत्यधिक भावुक होना दुख का कारण बन सकता है। परिवार के लोगों के व्यवहार से निराश हो सकते हैं। आप धन को लेकर परेशान हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	जागृति सुबह : 10.00	SONY PIX	कैप्टन फिलिप्स सुबह : 09.42
	सीता और गीता रात : 07.00		एस्केप रूम रात : 09.00
SONY SMAX	अतरंगी रे सुबह : 10.22	ZEE CINEMA	एनेमी सुबह : 10.30
	अफवाह रात : 07.00		जीरो रात : 07.30
		colors CINEPLEX	गहराइयां दोपहर : 01.04
			धनवान रात : 07.32

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी रात को आसमान की तरफ देखते हुए बोली वो कौन सी चीज है, जिसे तुम हर दिन देख तो सकते हो, लेकि न तोड़ नहीं सकते?
पति- छोड़ो न में नहीं बताऊंगा।
पत्नी- बताओ न प्लीज...
पति- रहने दे
पत्नी-बताओ न !
पति- तेरा मुंह।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1130 बोल्ड 1115 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1435, सचिन 1420, सूरज 1460, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9900-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14000, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी में कहा-देश तेजी से आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा-हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा-हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नये हवाई अड्डे बनाये गये हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

अगले वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव: अजय सेठ

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिम बजट में गैर-मुद्रास्फीतिकारी प्रस्तावों से अगले वित्त वर्ष में लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि सेठ ने बातचीत में भू-राजनीतिक तनाव से बाहरी जोखिम पैदा होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अगले साल करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव है। भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी-प्रभावित 2020-21 में 5.8 प्रतिशत सिकुड़ने के बाद अगले वर्ष 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है।

अब एफिल टॉवर के लिए कीजिए यूपीआई के जरिए भुगतान

मुंबई। पेरिस के एफिल टॉवर को देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए इस प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा और इसकी शुरुआत एफिल टॉवर से हो रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण पूरे भारत में संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीआईसी प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने दी जानकारी

जीएसटी परिषद, जीएसटी पंजीकरण कराने के इच्छुक संदिग्ध व्यक्तियों के लिए पूरे भारत में बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य करने पर विचार कर सकती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इस समय दो राज्यों - गुजरात और आंध्र प्रदेश, तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में पायलट आधार पर करदाताओं का आधार प्रमाणीकरण शुरू किया गया है। अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ''इसके उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। गुजरात में (पंजीकरण) आवेदनों की संख्या में कमी आई है। यह एक संकेत है कि इन उपायों से उन लोगों पर लगाम लग गई है, जो नकली आईटीसी फर्म बनाने के लिए दूसरों की पहचान का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा-उत्साहजनक नतीजों को देखते हुए, ऐसा लगता है कि अब अधिक से अधिक राज्य इसे चुनेंगे या इसे सभी राज्यों पर समान रूप से लागू किया जा सकता है, क्योंकि फर्जी पंजीकरण से राजस्व प्रभावित होता है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारी अब तक पंजीकरण के आवेदकों को सत्यापित करने के लिए ओटीपी आधारित आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी कंपनी बनाने के लिए अन्य लोगों की पहचान का दुरुपयोग करने के मामले सामने आने के बाद सीबीआईसी ने बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की ओर बढ़ने का फैसला किया था।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	74,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,850
गिन्नी (प्रति नग)	48,300-48,500
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,300
सोना जेवरात गिन्नी	63,300
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,500
चांदी आभूषण	73,900।

केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आरबीआई ने धोखाधड़ी के प्रति किया आगाह

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया। केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, "केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।" बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह 400% बढ़ा

नई दिल्ली। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह एक अक्टूबर से 400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपये हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग मंच पर 28 प्रतिशत कर लगाया गया था। जीएसटी परिषद ने पिछले साल अगस्त में साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अपने मंच पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

शेयरों में लौटी तेजी, निफ्टी ने नया शिखर छुआ

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 440 अंक और निफ्टी भी 21 हजार के पार

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टीसीएस में लिवाली आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 440 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी कारोबार के दौरान अपने नए शिखर को छूने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,444.1 अंक यानी दो प्रतिशत तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 156.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 21,853.80 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 429.35 अंक तक चढ़कर 22,126.80 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

निवेशकों की पूंजी 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,34,413.44 करोड़ रुपये चढ़कर 3,82,76,857.79 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

राष्ट्रीय

अलग राष्ट्र की टिप्पणी को लेकर रास में हंगामा

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के वक्तव्य पर सत्तारूढ़ भाजपा ने की माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के एक सांसद की ओर से कथित तौर पर दक्षिणी राज्यों के लिए 'एक अलग राष्ट्र' की मांग उठाए जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ और सत्ताधारी पक्ष ने इस बयान को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण और माफी की मांग की। कांग्रेस ने साफ किया कि कांग्रेस देश की अखंडता के प्रति समर्पित है और इस तरह के किसी भी आह्वान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सदन के नेता पीयूष गोयल ने शून्यकाल आरंभ होते ही इस मुद्दे को उठाया जिस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो कांग्रेस पार्टी उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

हर मोर्चे पर केंद्र की असफल सरकार पूर्ववर्तियों पर दोष मढ़ती है : खरगे

केंद्र सरकार पर हर मोर्चे पर असफल रहने तथा पूर्ववर्ती सरकारों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि न केवल युवाओं, किसानों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं बल्कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि पिछली सरकारों ने कई काम नहीं किए।

कांग्रेस नेता डीके सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं: रविशंकर

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों चुप्पी साधे रखने के लिए निशाना साधा।

सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद गोयल को बोलने का मौका दिया। गोयल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और कांग्रेस शासित राज्य के एक उपमुख्यमंत्री के भाई ने बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाला कांग्रेस का सांसद भी है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कथित तौर पर कहा कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने को मजबूर होंगे।

ऑल इंडिया रेडियो के 3 पूर्व कर्मचारी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार

एजल। मिजोरम की राजधानी एजील स्थित एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) के विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने तत्कालीन सहायक निदेशक जोसांगजुआला, तत्कालीन कार्यक्रम कार्यकारी लालनुन्जिरी और तत्कालीन ऑल इंडिया रेडियो आइजोल स्टेशन के लोअर डिविजनल क्लर्क जूडी एच. लालमुआनपुई को आपराधिक साजिश से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के अलावा, कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

तमिल अभिनेता विजय की राजनीति में हुई एंट्री

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ फिल्मों के शीर्ष सितारे ने बनाया राजनीतिक दल

▸▸ प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर

तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे थलपति विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि 'प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है' और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं। उन्होंने कहा-मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है। इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है।

टेरर फंडिंग मामले में श्रीनगर, दिल्ली में पांच जगहों पर छापेमारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में शुक्रवार को श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी और तलाशी ली गयी। यह इस मामले में तलाशी का दूसरा दौर था जो आरोपी लोगों की ओर से अपराध की अवैध आय को अवैध रूप से जुटाने, लेयरिंग, मिश्रण और लॉन्ड्रिंग से संबंधित है, जिन पर बाद में अलगावावाद तथा आतंकवाद सहित अवैध गतिविधियों में उपयोग किए जाने का संदेह है।

इससे पहले एसआईए ने दिल्ली और कश्मीर घाटी में 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसआईए के बयान में कहा गया है कि एसआईए कश्मीर की विशेष टीमों द्वारा आज दिल्ली और श्रीनगर में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी ली गई।

एक नजर

हिरासत में मौत मामले में दो निलंबित

जम्मू। जम्मू में हिरासत में एक संदिग्ध की मौत के बाद एक पुलिस थाने के प्रभारी को हटा दिया गया है, जबकि दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से भी घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। कठुआ जिले के नगरी इलाके के निवासी साहिल सैनी को 30 जनवरी को चोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और चार दिन की पुलिस हिरासत के दौरान अगले ही दिन गांधीनगर पुलिस थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में उसे मृत पाया गया था।

मुंबई के चेंबूर में लगी आग, नौ लोग झुलसे

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के चेंबूर इलाके में सिद्धार्थ कॉलोनी के पास गैस सिलिंडर रिसाव के कारण आग लगने से नौ लोग झुलस गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आग गुरुवार रात 10:48 बजे लगी। हादसे में झुलसे छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सायन अस्पताल, मानेक अस्पताल और शताब्दी अस्पताल में एक-एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए परीक्षा की जरूरत पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य एवं जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों के अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त होने के आकांक्षी सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के लिए भी लिखित परीक्षा पास करने की आवश्यकता को दूर की कौड़ी बताया और केंद्र से इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता से एक हफ्ते के अंदर इस मुद्दे पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 2023 में निर्देश दिया था कि राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति दो पत्रों (पेपर) वाले लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर की जाएगी।

सामाजिक कार्यकर्ता मंदर के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उसके गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज किया और शुक्रवार को इसके परिसरों की तलाशी ली।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि एफसीआरए की धारा तीन किसी पंजीकृत समाचार पत्र के संवाददाताओं, स्तंभकारों, कार्टूनिस्टों, संपादक, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक द्वारा विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक लगाती है लेकिन मंदर समाचार पत्रों तथा वेब पोर्टलों में स्तंभ और लेख लिख रहे हैं। सीबीआई ने एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए मंदर और 'सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज' (सीईएस) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंदर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य थे।

आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के लिए हथकड़ी चुनाव चिह्न के अनुरोध संबंधी याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के लिए हथकड़ी चुनाव चिह्न दिए जाने का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह नीतिगत मामला है और वह इस पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा-हम यह कैसे कर सकते हैं। यह नीतिगत मसला है। हम उनसे हथकड़ी चुनाव चिह्न रखने के लिए नहीं कह सकते। आप इसे वापस लीजिए। पीठ के मामले पर सुनवाई की अनिच्छा व्यक्त करने पर वकील ने मामला वापस ले लिया।

प्रो. विवेकानंद तिवारी ने एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित कर स्थापित किया विश्व कीर्तिमान

नई दिल्ली, एजेंसी। सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ गाय की विविध पक्षों पर इस वर्ष एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इसके चलते इस अनोखे कार्य के लिए इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भेजा गया है। बता दें कि विश्व के इतिहास में आजतक एक साथ 61 किताबें कभी भी प्रकाशित नहीं हुई है।

गौरतलब है कि प्रो. विवेकानंद तिवारी की 150 से ज्यादा पुस्तकें और 250 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रामराज्य की परिकल्पना का आधार गाय है। जब गाय की भक्ति भावना और सम्मान भारत में सर्वोच्च था, तब भारत विश्वगुरु था। वहीं अनेक संस्थाओं से डॉ. तिवारी को प्राप्त सम्मानों में भारत भारती सम्मान, मालवीय शिक्षा सम्मान, राष्ट्र गौरव सम्मान एवं महाशक्ति सम्मान, शारदा शताब्दी सम्मान विशेष उल्लेखनीय हैं। बता दें कि प्रोफेसर की पुस्तकों का लोकार्पण शंकराचार्य, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, संघप्रमुख और कई राज्यपाल कर चुके हैं। वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में प्रोफेसर और हेड हैं।

महुआ को बंगले से बेदखली के खिलाफ याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को संपदा निदेशालय द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्हें आवंटित सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उनके वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक हो गई है क्योंकि वह पहले ही बंगला खाली कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा-याचिकाकर्ता ने पहले ही कहा है कि उसने संबंधित आवास खाली कर दिया है। याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

भाजपा और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे नफरत

रांची, एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने साधा निशाना

राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई । नसीपुर मोड पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई। नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। जबकि 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उसे दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो-न्याय यात्रा शुरू की है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा और आरएसएस के खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया।, इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे बीजेपी ने तोड़ दिया उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों, युवाओं, आदिवासियों तथा महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा पर 71.80 करोड़ रु. खर्च किए

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने 2022-23 में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' पर कुल 71.80 करोड़ रुपये खर्च किए। 'भारत जोड़ो यात्रा' 145 दिनों तक चली थी और यह 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त हुई थी। कांग्रेस की इस यात्रा पर औसतन प्रतिदिन 49 लाख रुपये का खर्च आया था। कांग्रेस पार्टी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्वाचन आयोग के पास दाखिल नवीनतम वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार उसने 2022-23 में चुनाव-पूर्व सर्वेक्षणों पर 40,10,15,572 रुपये खर्च किए। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कांग्रेस पार्टी का चुनावी खर्च 192.5 करोड़ रुपये से अधिक था।

घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

इस्लामाबाद में पकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।

पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय शृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइल में

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

सचिन दास और और कप्तान उदय सहारन की शतकीय पारी के बाद सौमी पांडे की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को 132 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सचिन और उदय ने खेली शतकीय पारी सौमी पांडे ने झटके 4 विकेट

298 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की दीपक बोहरा और अर्जुन कुमाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की। दीपक 22 और अर्जुन 26 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान देव खनाल सर्वाधिक 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे, इसके बाद आकाश चांद 18, दुर्गेश गुप्ता 29 रन ने हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। भारत की ओर से सौमी पांडे ने 4 विकेट लिए। अर्शीन कुलकर्णी को दो विकेट मिले। राज लिंबानी, आराध्य शुक्ला और मुरुगन अभिषेक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

उदय और सचिन के बीच हुई रिकॉर्ड 215 रन की साझेदारी

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छा नहीं रही। पांचवें ओवर में आदर्श सिंह 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आए प्रियांशु मोलिया भी 19 रन पर रनआउट हो गए। 14वें ओवर में अर्शीन कुलकर्णी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 3 विकेट गिरने के बाद कप्तान उदय सहारन और सचिन दास ने चौथे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की। उदय ने 107 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 100 रन बनाए। सचिन ने 101 गेंदों में 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 116 रनों की पारी खेली। मुशीर खान ने नाबाद नौ बनाए। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 297 रनों का स्कोर खड़ा किया।

डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा

कोलकाता, एजेंसी। शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबिक पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।

6 विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

2-2 विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।

खेल डायरी

मुक्केबाजी: अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63.5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंध ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

मर्सिडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

लंदन। लुईस हैमिल्टन ने मर्सिडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोर्टस जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सिडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सिडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सिडीज के साथ जीते हैं।



भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

ढाका। पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

फुटबॉल

आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी। भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के हारने के बाद चालिहा ही टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

बैडमिंटन

भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स को पहली पारी में 199 पर समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी। तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की।

आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी

इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, इसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।

रोहन बोपन्ना ने प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किया रैकेट

नई दिल्ली। हाल ही आस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष युगल खिताब जीतने वाले भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपना रैकेट भेंट किया, जिससे उन्होंने ग्रैंडस्लैम जीता था। बोपन्ना ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर उन्हें वह रैकेट देने उनके लिए सम्मान की बात है, जिसकी बदौलत वह विश्व नंबर एक और आस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंडस्लैम चैंपियन बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। बोपन्ना की पोस्ट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने खुशी जाहिर की। लिखा कि उनकी उपलब्धि भारत को गौरवान्वित करने के साथ ही लोगों को प्रेरित करती है।

बॉलीवुड हलचल

मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।

अक्षय कुमार का डीपफेक वीडियो हुआ वायरल

साल 2023 के नवंबर में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। यह पहला मामला था जब किसी अभिनेत्री का डीपफेक वीडियो बनाया गया मगर इसके बाद आलिया भट्ट, काजोल, कटरीना कैफ, नोरा फतेही भी डीपफेक के शिकार हुए। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए। अब अभिनेता अक्षय कुमार डीपफेक के शिकार हुए हैं। डीपफेक वीडियो में उनकी आवाज और चेहरे का इस्तेमाल करके एक गेमिंग एप का प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार की ओर से डीपफेक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस वीडियो के सोर्स की जांच की जा रही है।

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ

अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।

प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक रिलीज करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर



शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

महिलाओं को डरा रहा सर्वाइकल कैंसर

सर्वाइकल कैंसर ऐसी बीमारी जो आधुनिक महिलाओं में भय का कारण बनी हुई है। अच्छा खानपान, बेहतर दिनचर्या और व्यायाम से कोसों दूर भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहीं ज्यादातर भारतीय महिलाएं इस बीमारी की चपेट में हैं। अनियमित दिनचर्या की वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। आइए जानते हैं कैसे कर सकते हैं सर्वाइकल कैंसर से बचाव।

- 2020 में अनुमानित 604,000 नए मामलों और 342,000 मौतों के साथ सर्वाइकल वैश्विक स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है।
- सर्वाइकल कैंसर की सर्वाधिक घटनाएं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, जोकि चिंताजनक है।
- यदि प्रारंभिक चरण में निदान किया जाए और तुरंत इलाज किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को ठीक किया जा सकता है।
- दुनिया भर के देश सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए काम कर रहे हैं, बावजूद इसके यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में शुरू होता है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय को योनि से जोड़ती है। सर्वाइकल कैंसर आमतौर पर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है। गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर होने से पहले, गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं 'डिसप्लेसिया' नामक परिवर्तनों से गुजरती हैं, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों में असामान्य कोशिकाएं दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में समय के साथ यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो असामान्य कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन सकती हैं और बढ़ने लगती हैं। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा और आसपास के क्षेत्रों में अधिक गहराई तक फैल जाती हैं।

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- पानी जैसा या खूनी योनि स्राव
- योनि स्राव में दुर्गंध आना
- यौन संबंध के बाद योनि से रक्तस्राव
- मासिक धर्म के बीच में रक्तस्राव
- लंबे समय और भारी मासिक धर्म
- पैरों में सूजन
- पेल्विक हिस्से, लेग्स और बेक पेन

बचाव और रोकथाम

- रेगुलर स्क्रीनिंग
- सेफ सेक्स
- वजन कंट्रोल करें
- तनाव कम करें
- हेल्दी डाइट
- नो स्मोकिंग
- सीमित अल्कोहल

प्रस्तुति : विनय सैनी/प्रदीप यादव

पूंछ समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज

वैज्ञानिकों ने खोजा पूंछ वाले तारे का रहस्य, ग्रह के साथ पिंडों को जन्म दे रहा बीटा पिक्टोरिस तारा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने तारों की दुनिया में एक ऐसे तारे की असलियत का पता लगाया है, जिसकी बिल्ली की तरह पूंछ निकल आई थी। इसका रहस्य समझने के लिए स्पेन के वैज्ञानिकों ने पूंछ की वास्तविकता का खुलासा किया है। इस तारे नाम बीटा पिक्टोरिस है, ग्रहों के साथ पिंडों को जन्म दे रहा है।

किसी तारे का आकार लंबवत कैसे हो सकता है , वह भी इस तरह का, जिसका पिछला हिस्सा किसी बिल्ली के पूंछ के समान हो। जिस कारण यह तारा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वैज्ञानिकों ने इसका रहस्य जानने के लिए अध्ययन शुरू किया। जमीन स्थित अनेक दूरबीनों से इसे देखा गया और अंत मे अंतरीक्ष में स्थित दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से इसकी वास्तविकता को समझना चाहा तो चौकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई। खोजकर्ता स्पेन स्थित एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिक इसाबेल रेबोलिडो के मुताबिक यह रहस्यमय तारा खगोलविदों को रोमांचित करते आया है। यह पृथ्वी का नजदीकी तारा है। अध्ययन के बाद पता चला कि इस तारे में ग्रह बनाने वाले मलबे की एक घेरने वाली डिस्क है और इसकी घुमावदार पूंछ धूल का बड़ा हिस्सा है। जिसकी लंबाई लगभग 16 अरब किमी तक फैली हुई है। इस पूंछ का निर्माण किसी धूमकेतु, क्षुद्रग्रह या ग्रह की टक्कर के कारण बनी होगी। गहन अध्ययन के बाद यह समझ आया कि वास्तव में बीटा पिक्टोरिस एक आश्चर्यजनक तारा प्रणाली है। 1984 में यह धूल और मलबे की चमकदार डिस्क से घिरा खोजा गया पहला तारा बन गया। खास बात यह है कि तारे की मलबे वाली डिस्क में नए ग्रह बन रहे हैं।



बीटा पिक्टोरिस तारा प्रणाली का चित्र।

असामान्य विशेषता का हुआ खुलासा: नासा

इस खोज को लेकर नासा ने कहा है कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बीटा पिक्टोरिस मलबे डिस्क की एक असामान्य और अप्रत्याशित विशेषता का खुलासा किया है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल फरवरी 2024 अंक में प्रकाशन के लिए इस नई खोज को स्वीकार किया है। उम्मीद है कि वेब भविष्य में भी इस तरह की खोज से वैज्ञानिकों को सहयोग करता रहेगा।

एक नजर

केन्या की राजधानी में गैस लीकेज के बाद भीषण विस्फोट, 2 की मौत

नैरोबी। केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

बेल्जियम में किसानों का प्रदर्शन जर्मनी में एयरपोर्ट पर हड़ताल

धुसेल्स/बर्लिन। बेल्जियम में किसानों ने यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय का मार्ग ट्रैक्टरों से अवरुद्ध कर दिया। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प होने के कारण हालात बेकाबू हो गए। वहीं, जर्मनी में वेतन से जुड़े विवाद के कारण सभी बड़े एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर गए। इससे बड़े पैमाने पर उड़ानें रद करनी पड़ीं और सैकड़ों। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

अमेरिका में भारतवंशी छात्र श्रेयस रेड्डी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

वाशिंगटन। अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

अमेरिका में विमान हादसा, घरों में लगी आग, 3 लोगों की मौत

क्लियरवॉटर। फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में पायलट और एक घर में मौजूद दो लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा वी35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान एक घर के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, हादसे में पायलट समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले कई लोगों की मारे जाने की खबरें थी।

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कई शहरों में विस्फोट, 1 की मौत, कई घायल

बम धमाकों से दहला बलूचिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मीडिया के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धमाका करने वाले असामाजिक तत्वों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। इसमें एक पुलिस अधिकारी, जेल वार्डन सहित छह लोगों के घायल होने की सूचना है। गुरुवार को हुए धमाकों में एक शख्स की मौत होने की भी सूचना है। क्वेटा के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ऑपरेशंस) जवाद तारिक ने बताया कि क्वेटा के स्पिनी इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक सहयोग सड़क पर धमाका हुआ। प्रांतीय राजधानी के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई। एसएसपी जवाद तारिक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के अलग-अलग जगहों पर धमाके किए। धमाकों की चपेट में आने से एक सहायक सब इंस्पेक्टर गुलाम रजा समेत कई लोग घायल हो गए। हमलावरों ने शालकोट पुलिस स्टेशन पर हथगोला फेंका। कैंपस में बम फटने के बाद थाने की इमारत और पार्किंग में खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

बड़ी संख्या में मतदान करे आवाम: इमरान

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जेल में बंद हैं। उन्होंने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पीटीआई समर्थकों और पाकिस्तान की आवाम से कहा है कि उन्हें बड़ी संख्या में मतदान में हिस्सा लेकर चुनाव को सफल बनाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि वे अमेरिकी दबाव को बेअसर साबित करने में सफल रहे। इमरान के मुताबिक पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव में जनता की भागीदारी 'वोट के हथियार' के रूप में सामने आएगी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी जगह कोई दूसरा प्रधानमंत्री होता तो पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप को रोकने में सफल नहीं हो पाता।

90 हजार पोलिंग बूथों पर होगा मतदान

पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूथ पर वोट डालेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के मुताबिक देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4 .28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2 .76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।

पूनम का शव कहां है किसी को जानकारी नहीं, निधन पर संशय

मुंबई। अपने बयानों से 2011 में चर्चा में आने वालीं अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे की 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से मौत की खबर पर संशय बना हुआ है। अभिनेत्री की प्रचार टीम ने शुक्रवार को उनके निधन की सूचना दी, लेकिन उनकी मौत कब हुई, कहां हुई इस बारे में जानकारी नहीं दी गई।

पांडे अपने इस बयान से चर्चा में आई थीं कि अगर भारत 2011 का क्रिकेट विश्व कप जीतेगा, तो वह अपने कपड़े उतार देंगी। कई वेबसाइट को खंगालने और पूनम पांडे को जानने वाले लोगों से संपर्क करने के बावजूद उनके निधन के बारे में पुष्टि नहीं हो पाई। पांडे की प्रचार टीम से जुड़ीं पारुल ने कहा, पांडे का सर्वाइकल कैंसर के कारण कल रात निधन हो गया। चावला ने कहा कि उन्हें निधन के बारे में तब पता चला, जब पांडे की बहन ने उन्हें फोन किया। हालांकि, पांडे उत्तर प्रदेश के किस शहर से थीं या उनके परिवार के विवरण के बारे में चावला नहीं बता पाईं।

एक बार फिर भारतीय नौसेना ने समुद्री डकैती को किया विफल

हिंद महासागर में समुद्री डाकुओं के खिलाफ कार्रवाई करते भारतीय नौसैनिक।

नई दिल्ली, एजेंसी

जहाज में सवार 11 ईरानी और 8 पाकिस्तानियों को बचाया

पिछले कुछ दिनों से समुद्री लुटेरों का आतंक बढ़ गया है। हिंद महासागर में समुद्री लुटेरे लगातार व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे है। पहले भी भारतीय नौसेना ने कई जहाजों को समुद्री लुटेरे से बचाया है।

भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर एक और समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया है। बता दें पाकिस्तानी और ईरानी चालक दल के सदस्यों वाला जहाज को समुद्री लुटेरों ने घेर लिया था। भारतीय नौसेना के कहा कि 31 जनवरी से मछली पकड़ने वाले जहाज पर समुद्री लुटेरों की पैनी नजर थी। गौरतलब है कि समुद्री सुरक्षा के लिए तैनात आईएनएस शारदा ने खतरे को पहचान लिया था। आईएनएस शारदा ने शुक्रवार तड़के जहाज को रोका और चालक दल की सुरक्षित रिहाई के लिए समुद्री लुटेरों को घुटने टेकने के लिए मजबूर किया, इस दौरान नौसेना ने अपने हेलीकॉप्टर और रॉफ्ट का इस्तेमाल किया। जारी बयान में कहा गया कि इसमें 11 ईरानी और आठ पाकिस्तानी नागरिक शामिल है। नौसेना ने कहा कि समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात मिशनों द्वारा प्रयास किए गए। भारतीय नौसेना ने 36 घंटों के भीतर दो बड़े बचाव अभियान चलाए और 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिकों सहित दो अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाजों बचाया है।

महापौर चुनाव : पार्षद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। चंडीगढ़ महापौर चुनाव से जुड़े मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पार्षद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट गौर करने को सहमत हो गया।

याचिका में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव फिर से कराने के पार्टी के आग्रह पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस मामले का जिक्र प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

खालिस्तानी आतंकी निज्जर के दोस्त के घर में हुई फायरिंग

ओटावा, एजेंसी

कनाडा पुलिस ने कहा-घर में रात भर हुई गोलीबारी, मामले की जांच में जुटी है टीम

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। वहीं अब कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर गोलीबारी हुई है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर फायरिंग हुई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।

स्थानीय मीडिया ने कहा इलाके में गोलियों से भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई एक कार मिली है, साथ ही घर में गोली लगने के कई निशान भी मिले हैं। बी.सी. गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ संबंध होने के चलते वहां गोलीबारी हुई है। सितंबर में निज्जर की हत्या के बाद काफी बवाल हुआ था।

वाहनों ने ओढ़ी बर्फ की चादर...

शिमला : मनाली और लाहुल स्पीति में बर्फबारी होते ही सोलंग नाला की प्रसिद्ध स्की ढलानों पर रौनक लौट आई है। हिमपात का दौर शुरू है, वहीं शिमला में वाहनों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली। सोलंग नाला में शक्रवार सुबह तक लगभग दो फुट बर्फ जम गई। पर्यटक भी सकी का आनंद उठाने के लिए सोलन नाला पहुंचे रहे हैं। लाहौल स्पीति में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों ने मार्ग पर जमी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें, पहाड़ी हिस्सों में लंबे समय के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। ● एजेंसी

मालदीव का दावा-10 मई तक भारतीय सैनिकों की वापसी पर बनी सहमति

नई दिल्ली। मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी को लेकर शुक्रवार को नई दिल्ली में दोनों देशों की उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की दूसरी बैठक हुई, लेकिन इस बार भी कोई समाधान नहीं निकल पाया। हालांकि, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने दावा किया कि दोनों पक्षों में 10 मई तक भारतीय सैनिकों की वापसी पर सहमति बन गई है।

वहीं, बैठक के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि मालदीव के लोगों को मानवीय सहायता एवं मेडिकल बचाव सेवाएं मुहैया करने वाले भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन जारी रखा जाए। वहीं, मालदीव के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों में सहमति बनी है कि भारत 10 मई तक मालदीव में तीन भारतीय विमानन प्लेटफॉर्मों में अपनै सैन्य कर्मियों को बदल देगा। भारत सरकार 10 मार्च तक एक प्लेटफॉर्म से अपने सैनिकों को बदलने की प्रक्रिया पूरी कर लेगी। इसी तरह अन्य दो प्लेटफॉर्मों से 10 मई तक भारतीय सैन्य कर्मी बदल दिए जाएंगे।

चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर चरवाहे: जयराम

नई दिल्ली, एजेंसी

उन्होंने कहा लद्दाख में चीनी सैनिको से हुई तीखी कहासुनी

हाल ही में लद्दाख के चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों और चीनी सैनिकों के बीच हुई तीखी कहासुनी का एक वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद इस मामले में तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में भारतीय चरवाहों की खूब वाहवाही हुई।

वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कई सवाल पूंछे हैं। क्या लद्दाख में भारत की जमीन पर हमारे चरवाहे, चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने पूंछा, क्या उन्हें (भारतीय चरवाहे), चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना खुद ही अपना बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वायरल वीडियो में दिख रहा है। संसद सदस्य जयराम रमेश के मुताबिक, चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों को चरागाहों तक जाने से रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीन के सैनिक 'पीएलए' का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है, लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है।

बहुभाषी भारत एक जीवंत परंपरा की थीम पर होगा विश्व पुस्तक मेला

नई दिल्ली, अमृत विचार। पुस्तक प्रेमियों का महाकुंभ दिल्ली के प्रगति मैदान में 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा है विश्व पुस्तक मेला का अतिथि देश सऊदी अरब होगा और मेले की थीम बहुभाषी भारत एक जीवित परंपरा रखी गई है।

हर वर्ष के बाद इस वर्ष भी नेशनल बुक ट्रस्ट प्रगति मैदान में विश्व पुस्तक मेला का आयोजन 10 से 18 फरवरी तक करने जा रहा है लेकिन इस बात मिले का स्वरूप काफी बड़ा कर दिया गया है करीब 45 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में सैकड़ो बुक स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू के अलावा क्षेत्रीय एवं विदेशी भाषाओं के लेखकों की पुस्तकें भी बिक्री के लिए रखी जाएंगी। पुस्तक मेला में सऊदी अरब के कई लेखकों और साहित्यकारों को विशेष रूप से बुलाया गया है।

सुनवाई मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कर रहे कोशिश

शोषित बच्चों के अभिभावकों से मार्क ने मांगी माफी

वाशिंगटन, एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन अभिभावकों से माफी मांगी है, जिन्होंने दावा किया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक ने उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाया या फिर मानसिक या शारीरिक शोषण का जरिया बनी।

अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर हो रही सुनवाई में सांसदों ने जुकरबर्ग और अन्य सोशल मीडिया सीईओ से उनके प्लेटफॉर्म की सुरक्षा के बारे में सवाल पूंछे थे। जुकरबर्ग ने कहा, 'आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे खेद है। यह भयानक है। वास्तव में किसी को इस हालात से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली है।' सुनवाई के दौरान माता-पिता अपने बच्चों की तस्वीरें लेकर मौजूद थे। इस सुनवाई में मेटा के जुकरबर्ग के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की लिंडा याकारिनो, टिकटोंक के शाऊ जी चीयू, स्नैप के इवान स्पेजेल और डिस्कोर्ड के जैशन सिट्रोन मौजूद थे। सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए 40 हजार पेशेवरों की नियुक्ति की है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम को ज्यादा सुरक्षित प्लेटफॉर्म बनाने में लगे हुए हैं। अमेरिका के 40 राज्यों ने मेटा को कठघरे में खड़ा किया था।

13 साल से कम उम्र के बच्चों को करना होगा बैन

सांसद कानून के जरिए सोशल मीडिया पर लगाम लगाना चाहते हैं। उनमें से एक कोसा (किड्स ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट) है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ऐसे एलगोरिद्य पर लगाम लगाना है, जो बच्चों को एंगजाइटी और डिप्रेशन में ला देता हो। दूसरा इन कंपनियों को 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह बैन करना होगा। अमेरिकी सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने कहा- मार्क पाखंड कर रहे हैं।

नहीं दिखेंगे आत्महत्या और इटिंग डिस्ऑर्डर जैसे पोस्ट

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब अजनबी किशोरों को सीधे मैसेज नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के किशोर जिस ग्रुप में जुड़े हुए हैं या फॉलो करते हैं, उसी में मैसेज किए जा सकेंगे या ग्रुप चैट कर सकेंगे। जो पोस्ट आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने या इटिंग डिस्ऑर्डर पर होंगे, नहीं दिखेंगे।

यासीन मलिक को इलाज के लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने दी अनुमति

नई दिल्ली। आतंकी यासीन मलिक ने हृदय और गुर्दे की बीमारियों के लिए उचित चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ले जाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अनुमति दे दी है।

सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने याचिका का विरोध किया। केंद्र सरकार ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एम्स के चिकित्सकों ने जब मलिक को डायग्नोस करने की कोशिश की तो उसने इससे इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि उम्र कैद की सजा काट रहे मलिक एक बेहद खतरनाक कैदी है और उसे इलाज जेल के अंदर ही मिलना चाहिए। केंद्र का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तक के लिए स्थगित की। साथ ही मलिक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे अपने मुवक्किल से निर्देश लें कि वह अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज चाहता है या एम्स के डाक्टरों से।